चैत्र मास शुक्ल पक्ष, 22 वर्ष, अंक 270, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | सोमवार 30 अक्तूबर 2023 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## जी-20 का संदेश पूरे देश में फैलाने के लिए 14 दिवसीय रेल यात्रा शुरू

**मुंबई**

नई दिल्ली में हाल ही में संपन्न जी-20 शिखर सम्मेलन के संदेश को प्रचारित करने के लिए 450 प्रतिभागियों के साथ 14 दिवसीय रेल यात्रा शनिवार को शहर से शुरू हुई। प्रतिभागियों में जी-20 देशों के 70 सदस्य शामिल हैं। अधिकारियों के अनुसार, यह पहल जी-20 स्टार्टअप के सहयोग से एक गैर सरकारी संगठन, जागृति सेवा संस्थान की ओर से की गई है। यह भारतीय स्टेट बैंक और सिडबी से समर्थित है। यह दिल्ली घोषणा पत्र के साथ समावेशी उद्यम और महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास पर ध्यान केंद्रित करेगी। ट्रेन पूरे देश में 8,000 किमी की यात्रा करेगी। यात्रा 10 नवंबर को मुंबई में समाप्त होगी। यात्रा के माध्यम से प्रतिभागियों को अंतरराष्ट्रीय स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र, समावेशी प्रथाओं और नेटवर्किंग के बारे में जानकारी प्राप्त होगी। एसबीआई के अध्यक्ष दिनेश खारा ने कहा, हमें जागृति जी-20 स्टार्टअप-20 यात्रा के साथ सहयोग करने में खुशी हो रही है। यह देश में उद्यमिता को बढ़ावा देने और महिलाओं के नेतृत्व वाली विकासात्मक पहल में भाग लेने की एसबीआई की प्रतिबद्धता से मेल खाता है।

## अब आईसीएमआर तय करेगा जांच के मानक

**नई दिल्ली**

भारत में विदेशी मानकों के आधार पर मरीजों का इलाज किया जा रहा है। बीपी, शुगर, कोलेस्ट्रॉल या फिर हीमोग्लोबिन जैसी प्रयोगशाला जांच वर्षों से अमेरिका और यूरोप के वैज्ञानिक तथ्यों पर आधारित हैं जबकि खानपान, आदत और अनुवांशिकता के आधार पर पश्चिम देशों की तुलना में भारतीय आबादी काफी अलग है, लेकिन अब भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) भारतीय आबादी के हिसाब से प्रयोगशाला जांच के मानक तय करेगी।? आईसीएमआर ने 49,486 मरीजों के रक्त के नमूना लेकर अपने और विदेशी दोनों मानकों के आधार पर विश्लेषण में पाया कि विदेशी मानक और विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के आधार पर 30% एनीमिया ग्रस्त मिले।

# बम धमाके से दहला केरल, 1 की मौत

## एक कन्वेंशन सेंटर में तीन धमाके हुए, इसमें एक की मौत और 52 लोग घायल हो गए

**एनार्कुलम**

**केरल** के एनार्कुलम में रविवार को एक कन्वेंशन सेंटर में तीन धमाके हुए। इसमें एक की मौत और 52 लोग घायल हो गए। रिपोर्ट्स के मुताबिक, कलामासेरी में स्थित इस कन्वेंशन सेंटर में सुबह साढ़े 9 बजे के करीब 2 हजार लोग प्रार्थना कर रहे थे, उसी दौरान 5 मिनट के अंदर लगातार तीन धमाके हुए। राज्य के एडीजीपी (लॉ एंड ऑर्डर) अजित कुमार ने बताया कि एक शख्स ने कोडकारा पुलिस स्टेशन में सरेंडर किया है। उसका दावा है कि उसने ही कन्वेंशन सेंटर में बम रखा था। आरोपी का नाम डोमिनिक मार्टिन है। हालांकि, मार्टिन ने अभी तक यह नहीं बताया कि किस वजह से उसने ये धमाके किए। इस पूरे मामले में पुलिस की जांच जारी है। इससे पहले कन्नूर पुलिस ने भी एक व्यक्ति को उसके बैग में संदिग्ध सामान मिलने के बाद हिरासत में ले लिया। बताया जा रहा है कि वह झारखंड का रहने वाला है। वह मंगलुरु से एरिकोड जा रहा था।

**52 घायलों में 6 की हालत गंभीर**

केरल की स्वास्थ्य मंत्री वीना जॉर्ज ने बताया कि 52 लोगों को शहर के अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। इनमें 18 लोग आईसीयू में भर्ती हैं। एक 6 साल के बच्चे समेत 6 लोगों की हालत गंभीर है। हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई है, जिसकी पहचान अभी तक नहीं हो सकी है। जेहोवाज विटनेसेस संस्थान के स्थानीय प्रवक्ता टीए श्रीकुमार ने कहा कि कन्वेंशन हॉल में 9:45 बजे प्रेयर खत्म होने के बाद पहला धमाका हॉल के बीचों-बीच हुआ। कुछ सेकेंड बाद हॉल के दोनों तरफ दो और धमाके हुए। एनार्कुलम में जहां ब्लास्ट हुआ है, उसके आसपास बड़ी संख्या में यहूदी समुदाय के लोग रहते हैं। केरल के डीजीपी शेक दरवेश साहेब ने बताया कि शुरूआती जांच के मुताबिक, आईडी टिफिन बॉक्स में प्लांट कर कन्वेंशन सेंटर के अंदर रखा गया था। 8 स्पेशल टीम बनाई गई है। पूरी जांच के बाद और जानकारी सामने आएगी।

## एनार्कुलम के सभी अस्पताल अलर्ट पर, डॉक्टरों की छुट्टियां रद्द

**केरल की** स्वास्थ्य मंत्री वीना जॉर्ज ने विस्फोट में घायल हुए लोगों को बेहतर इलाज करने के लिए विभाग के अफसरों को निर्देश जारी किया गया है। एनार्कुलम के सभी अस्पतालों को अलर्ट कर दिया गया है। मंत्री ने डॉक्टरों समेत सभी स्वास्थ्य कर्मियों को, जो छुट्टी पर हैं, तुरंत लौटने का निर्देश दिया है। इसके अलावा कलामासेरी मेडिकल कॉलेज, एनार्कुलम जनरल हॉस्पिटल और कोट्टायम मेडिकल कॉलेज में अतिरिक्त सुविधाएं बढ़ाने के भी निर्देश दिए गए हैं।

**एक दिन पहले फिलिस्तीन के समर्थन वाली रैली में हमास नेता वर्चुअली शामिल हुआ था**

केरल में पिछले कुछ दिनों से फिलिस्तीन के समर्थन में मुस्लिम संगठन लगातार रैलियां कर रहे हैं। दो दिन पहले एनार्कुलम में हमास के समर्थन में भी एक रैली हुई थी। 27 अक्टूबर को भी मल्लपुरम में फिलिस्तीन के सपोर्ट में हुई एक रैली में हमास नेता खालिद मशेल वर्चुअली शामिल हुआ था।

## 'धमाकों की आवाज से गूंज उठा कन्वेंशन हॉल'



**एनार्कुलम**

केरल के एनार्कुलम में रविवार सुबह एक कन्वेंशन सेंटर में भीषण धमाके हुए। जिसमें एक व्यक्ति की मौत और कई लोग घायल हो गए। कलामसेरी पुलिस के मुताबिक, यह धमाका उस वक्त हुआ, जब कई लोग कन्वेंशन सेंटर में प्रार्थना सभा के लिए जुटे थे। कन्वेंशन सेंटर में उस वक्त मौजूद लोगों ने मीडिया से बातचीत की। कन्वेंशन सेंटर में मौजूद एक वृद्ध महिला ने कहा, पहला धमाका प्रार्थना के बीच हुआ। जिसके बाद हमने दो और विस्फोटों की आवाज सुनी। पूरे सभागार में अफरा-तफरी का माहौल हो गया था। वहीं समिति के सदस्य साजू ने भी मामले पर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा, धमाकों के बाद हम सब बाहर की ओर भागे। बस इतना ही जानते हैं कि हम सबको बाहर भेजने में लगे थे। अधिकारियों से सम्पर्क साधा गया ताकि हमें स्थिति का पता चल सके।

रविवार को इस तीन दिवसीय प्रार्थना सभा का आखिरी दिन था। अधिकारियों के मुताबिक, जिस वक्त यह धमाके हुए उस दौरान प्रार्थना सभा में करीब दो हजार लोग जुटे थे। केरल की स्वास्थ्य मंत्री वीणा जॉर्ज ने कहा कि कालामसेरी धमाके को लेकर उन्होंने सभी अस्पतालों को अलर्ट कर दिया है। साथ ही छुट्टी पर गए सभी स्वास्थ्यकर्मियों को तुरंत काम पर लौटने के लिए कहा है। इस बीच केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने केरल के मुख्यमंत्री पिनरई विजयन से बात की और बम विस्फोट के बाद राज्य के हालात पर चर्चा की।

## 'अदाणी के खिलाफ बोलने के लिए मैं खुद दर्शन हीरानंदानी को पैसे देती'

**नई दिल्ली**

पैसे लेकर संसद में सवाल पूछने के आरोपों से घिरीं टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा ने एक इंटरव्यू में अपने ऊपर लगे आरोपों को खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि 'अदाणी के खिलाफ बोलने के लिए दर्शन हीरानंदानी को उन्हें पैसे देने की जरूरत नहीं है। वह खुद अदाणी के खिलाफ बोल सकती हैं। यहां तक कि अदाणी के खिलाफ बोलने के लिए मैं दर्शन हीरानंदानी को पैसे दे सकती हूं।'

**निशिकांत दुबे ने साधा निशानाः** बता दें कि महुआ मोइत्रा के टीवी इंटरव्यू में शामिल होने पर भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने निशाना साधा है। उन्होंने आरोप लगाया कि महुआ मोइत्रा के पास संसद की एथिक्स कमेटी के सामने पेश होने का समय नहीं है लेकिन इंटरव्यू देने का समय है! बता दें कि एथिक्स कमेटी ने महुआ मोइत्रा को 31 अक्तूबर को पेश होने का समय दिया था। हालांकि महुआ मोइत्रा ने अपने संसदीय क्षेत्र में जरूरी कामों का हवाला देकर 5 नवंबर के बाद पेश होने की बात कही। हालांकि एथिक्स कमेटी ने महुआ मोइत्रा को 2 नवंबर को पेश होने का समय दिया है। निशिकांत दुबे ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा कि उन्होंने अभी तक इस पूरे मामले पर किसी मीडियो को इंटरव्यू नहीं दिया है और संसद की गरिमा बनाए रखी है। भाजपा सांसद ने महुआ मोइत्रा के दावों पर कहा कि दर्शन हीरानंदानी ने हलफनामा देकर उन्हें कीमती सामान और अन्य खर्चे वहन करने की बात स्वीकारी है।

## मन की बात: मेक इन इंडिया को बढ़ावा दें: मोदी

### त्योहारों में सामान छोटे दुकानदारों से खरीदें

**नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को रेडियो प्रोग्राम मन की बात के 106वें एपिसोड में वोकल फॉर लोकल का मंत्र दिया। प्रधानमंत्री ने कहा- कुछ ही दिनों में दिवाली का त्योहार आने वाला है। मेरी देशवासियों से अपील है कि वो मेड इन इंडिया सामान ही खरीदें। प्रधानमंत्री ने कहा- 31 अक्टूबर को सरदार वल्लभ भाई पटेल का जन्मदिन है। इस दिन गुजरात के केवड़िया में एक कार्यक्रम तो होगा ही। साथ ही दिल्ली में मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत देशभर से इकट्ठा गई मिट्टी से अमृत वाटिका का निर्माण किया जाएगा।

**गांधी जयंती पर दिल्ली में खादी की रिकॉर्ड बिक्री हुई**

पीएम ने कहा- इस महीने की शुरूआत में गांधी जयंती के अवसर पर दिल्ली में खादी की रिकॉर्ड बिक्री हुई। यहां कनॉट प्लेस में, एक ही खादी स्टोर में, एक ही दिन में, डेढ़ करोड़ रुपए से ज्यादा का सामान लोगों ने खरीदा। आपको एक और बात जानकार भी बहुत अच्छा लगेगा, दस साल पहले देश में जहां खादी प्रोडक्ट्स की बिक्री बड़ी मुश्किल से 30 हजार करोड़ रुपए से भी कम की थी, अब ये बढ़कर सवा लाख करोड़ रुपए के आसपास पहुंच रही है।

पीएम ने कहा- साथियों, आज मैं अपना एक और आग्रह आपके सामने दोहराना चाहता हूं और बहुत ही आग्रहपूर्वक दोहराना चाहता हूं।

जब भी पर्यटन या तीर्थाटन पर जाएं तो वहां के स्थानीय कलाकारों द्वारा बनाए गए उत्पादों को जरूर खरीदें। यात्रा के कुल बजट का जितना हो सके, उतना हिस्सा लोकल सामान पर खर्च करें।

## नशीली दवा से युवाओं को अंधा बना रही सरकार: कांग्रेस

**मुंबई**

कांग्रेस नेता कन्हैया कुमार ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार देश के युवाओं को "अंधा" बनाने के लिए नशीली दवाओं का इस्तेमाल एक उपकरण के रूप में कर रही है। उन्होंने कहा, देश के कई बंदरगाहों पर ड्रग्स पकड़े जा रहे हैं, लेकिन युवाओं और देश के लिए "गंभीर सवाल" उन बड़ी खेपों के बारे में है, जिनकी सप्लाई धड़ल्ले से हो रही है और इनकी पहचान भी नहीं हो रही है।

**पागलपन की तरफ धकेले जा रहे युवाः** मुंबई कांग्रेस कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन के दौरान कन्हैया कुमार ने कहा कि देश के कई बंदरगाहों पर ड्रग्स पकड़े जा रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि युवाओं को अंधा करने के कई साधन हैं। उनमें से एक है नशा। युवाओं को नशे की लत में फंसाया जा रहा है। उन्हें पागलपन की स्थिति में धकेला जा रहा है, ताकि उन्हें पता न चले कि उनके और उनके समुदाय के साथ-साथ अतीत, भविष्य और पूरे देश क्या किया जा रहा है?

**धारावी पुनर्विकास पर भी सवाल खड़े किएः** गौरतलब है कि कांग्रेस ने कन्हैया को पार्टी की छात्र शाखा-नेशनल स्टूडेंट्स यूनियन ऑफ इंडिया (एनएसयूआई) का प्रभारी नियुक्त किया है। पदभार संभालने के बाद पहली बार मुंबई पहुंचे कन्हैया ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'सबका साथ, सबका विकास' नारे की भी आलोचना की। उन्होंने सवाल किया कि हजारों लोगों की अनदेखी क्यों की जा रही है? कन्हैया ने पूछा कि धारावी के पुनर्विकास की प्रक्रिया में लोगों को उनके अधिकारों से दूर रखा जा रहा है ।

## खुले कई राजः मंत्री ज्योतिप्रिय ने भ्रष्टाचार का पैसा फिल्मों में लगाया

**कोलकाता**

पश्चिम बंगाल के वन मंत्री ज्योतिप्रिय मल्लिक की गिरफ्तारी के एक दिन बाद शनिवार को प्रवर्तन निदेशालय ने उनके पूर्व निजी सहायक अमित डे को तलब किया। उनसे पूछताछ में कई अहम जानकारियां सामने आई हैं। इस बीच, ईडी ने यह दावा भी किया है कि मल्लिक ने भ्रष्टाचार का पैसा फिल्मों में भी लगाया था। जांच एजेंसी मल्लिक और उनके परिवार के संपत्ति कुर्क करने की तैयारी कर रही है। ईडी से जुड़े सूत्रों के मुताबिक, जांच एजेंसी को एक डायरी मिली है, जिसकी जांच की जा रही है। इसमें घोटाले से जुड़े कई राज दर्ज हैं और अधिकारी इसके तारों को जोड़ने की कोशिश में लगे हैं। डायरी मिलने से घोटाले में कई और नेता ईडी के रडार पर आ गए हैं। ईडी सूत्रों के मुताबिक 2014 में ज्योतिप्रिय के करीबी कारोबारी बाकिबुर रहमान ने एक बांग्ला फिल्म का निर्माण किया था। इसमें राज्य के पूर्व शिक्षा मंत्री पार्थ चटर्जी की महिला मित्र अर्पिता मुखोपाध्याय ने अभिनय किया था। शिक्षक भर्ती घोटाले में पार्थ व अर्पिता दोनों जेल में हैं। इस बीच, इस मामले में गिरफ्तार बाकिबुर रहमान को शनिवार को बैकशाल कोर्ट ने 11 नवंबर तक न्यायिक हिरासत में भेजने का आदेश दिया।

उधर, अमित डे से पूछताछ के बाद ईडी ने दावा किया कि मल्लिक ने राशन घोटाले की एक बड़ी राशि अपने इस निजी सहायक के खाते में हस्तांतरित की थी। अमित के नाम पर अनेक चल-अचल संपत्तियां हैं, जिसे राशन घोटाले की काली कमाई से खरीदा गया है।

## 'अयोग्य होने पर भी शिंदे ही रहेंगे मुख्यमंत्री'

**मुंबई**

**विधायकों के अयोग्यता मामले पर बयानबा**जी तेज हो गई है। इसी बीच उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा, मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे अयोग्य नहीं होंगे। अगर वह अयोग्य हो भी जाते हैं, तो हम उन्हें विधान परिषद के लिए निर्वाचित कराएंगे और वह मुख्यमंत्री पद बरकरार रखेंगे। अगला चुनाव भी उनके ही नेतृत्व में लड़ा जाएगा। शीर्ष अदालत ने इससे पहले मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उनके समर्थित कई विधायकों को अयोग्य ठहराने के लिए उद्धव ठाकरे गुट द्वारा दायर याचिकाओं पर निर्णय लेने में देरी पर राज्य विधानसभा अध्यक्ष को कड़ी फटकार लगाई थी और कहा था कि स्पीकर शीर्ष अदालत के आदेशों को खारिज नहीं कर सकते हैं। शिंदे गुट द्वारा भी उद्धव के समर्थित सांसदों के खिलाफ इसी तरह की अयोग्यता याचिकाएं दायर की गई हैं।

## 'छत्तीसगढ़ में 5 साल तक लगा रहा ग्रहण, अब हटाने का समय'

**रायपुर**

2023 छत्तीसगढ़ में चुनाव की घोषणा होने के साथ ही सभी पार्टियों ने वार-पलटवार की राजनीति शुरू कर दी है। इस बीच राज्य के दौरे पर आए भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने पार्टी के चुनावी अभियान को आज धार दी।

**कांग्रेस पर नड्डा का हमलाः** चुनावी राज्य के डोंगरगढ़ विधानसभा क्षेत्र में एक रैली को संबोधित करते हुए कांग्रेस पर हमला बोला। नड्डा ने कहा कि कांग्रेस ने कभी जनता के बारे में नहीं सोचा, उन्होंने केवल अपने और अपने परिवार के बारे में सोचा। भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस छत्तीसगढ़ में विकास के किसी भी काम का जिक्र नहीं कर सकती, क्योंकि उसने कुछ किया ही नहीं।

**राज्य पर लगा ग्रहण हटाना होगाः** भाजपा अध्यक्ष जे.पी.नड्डा ने रविवार को छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार पर लोगों के कल्याण की अनदेखी करने का आरोप लगाया और दावा किया कि राज्य पांच साल से "ग्रहण" के अधीन रहा और अब समय आ गया है कि इसे हटाया जाए। उन्होंने कहा कि लोगों को यह तय करना होगा कि वे ऐसी सरकार चुनना चाहते हैं, जो खुद की सेवा करती है या वह जो जनता की सेवा करती है।

**कांग्रेस ने नहीं किया कोई विकासः** छत्तीसगढ़ में 'भ्रष्टाचार' को लेकर भूपेश बघेल सरकार पर निशाना साधते हुए, नड्डा ने कहा कि शनिवार को चंद्रग्रहण लगा था, लेकिन छत्तीसगढ़ में पांच साल से ग्रहण लगा हुआ है और इसे दूर करने का मौका आ गया है। नड्डा ने कहा कि वह भाग्यशाली हैं कि उन्होंने छत्तीसगढ़ में अपनी पहली चुनावी रैली मां बम्लेश्वरी की पवित्र भूमि से शुरू की। नड्डा ने कहा कि छत्तीसगढ़ में कांग्रेस द्वारा विकास की एक भी ईंट या पत्थर नहीं रखा गया, लेकिन मैं विश्वास से कह सकता हूं कि भाजपा राज्य में विकास की हर एक ईंट में अपनी भूमिका का दावा कर सकती है। बता दें कि डोंगरगढ़ उन 20 विधानसभा क्षेत्रों में से एक है, जहां 90 सदस्यीय राज्य विधानसभा के चुनाव के पहले चरण में मतदान होगा।

## सहसों दशहरा मेला में भव्यता से निकला राम दल

अखंड भारत संदेश

### लोगों के आकर्षक का केन्द्र रहा हनुमान जी की झांकी

**सहसों।** ऐतिहासिक रामलीला एवं सहसों बाजार का ऐतिहासिक दशहरा मेला सुसज्जता के साथ संपन्न हुआ। आदर्श रामलीला कमेटी सहसों द्वारा देवधारा मैहर धाम से पधारी श्री आदर्श रामलीला मंडल ने जितेन्द्र प्रसाद शुक्ला के संचालन में 11 दिनों तक चलने वाली रामलीला में अच्छे पात्र कलाकारों ने सुंदर अभिनय करते हुए लीला का मंचन कर दर्शकों को आनंदित किया। रामलीला के अंतिम दिन शनिवार को भारी संख्या में मौजूद दर्शकों के बीच रामलीला मैदान में भगवान राम ने राक्षस सम्राट लंका नरेश रावण का वध करते उद्धार किया। तत्पश्चात कमेटी द्वारा विजय दिवस के रूप में सुंदर एवं भव्य राम दल को गाजे बाजे के साथ निकालकर ऐतिहासिक दशहरा मेला का आयोजन किया गया। कमेटी द्वारा राम दल को मंचन स्थल से प्रारंभ कर फुलवरिया स्थित राम जानकी मंदिर, गोल चौराहा होते हुए ललचहां दुर्गा मंदिर दर्शन के उपरांत रामलीला मैदान पहुंच कर राम रावण युद्ध हुआ तथा रावण का वध कर उसका उद्धार के पश्चात राम दल वापस मंचन स्थल पर समाप्त हुआ। इस दौरान राम दल का जगह-जगह रोक कर भक्तों ने माल्यार्पण कर स्वागत तथा आरती उतारी। मेले में दर्शक महिलाओं पुरुषों को कोई असुविधा न हो इसके लिए बाजार का मुख्य मार्ग, बाईपास, फुलवरिया, गोल चौराहा, हनुमानगंज रोड, झूंसी रोड, फाफामऊ रोड को विद्युत रोशनी से जगमग किया गया था। इस अवसर पर आधा दर्जन रोशनी युक्त कलात्मक चौकियों के साथ रातभर आसपास से आए बच्चे, महिलाएं एवं पुरूषों ने मौजूद रहकर आनंदित हुए। इन सबके बीच पवन पुत्र हनुमान जी की अलंकृत झांकी मेल में आकर्षण का केंद्र रहा। मेले में बिजली की आंख मिचौली ना हो इसके लिए विद्युत विभाग के कर्मचारी एवं सुरक्षा की दृष्टि से भारी पुलिस फोर्स चप्पे चप्पे पर तैनात रही। रामदल के साथ प्रमुख रूप से महापौर उमेश कुमार गणेश केसरवानी, जिला कोषाध्यक्ष भाजपा गंगापार आशीष केसरवानी, जिला उपाध्यक्ष भाजपा गंगापार अनिरुद्ध सिंह पटेल, कमेटी के अध्यक्ष अजय केसरवानी, प्रबंधक आलोक कुमार सिंह, प्रमुख फूलपुर विपेन्द्र सिंह पटेल, पूर्व प्रमुख राजकुमार सिंह, भाजपा नेता वीरेन्द्र बहादुर सिंह, प्रमुख प्रतिनिधि शिवनारायण सिंह गप्पू, समाजसेवी अरविंद केसरवानी, प्रधानाचार्य आशुतोष तिवारी, अमन सिंह राजपूत, वीरेन्द्र कुमार गुप्ता एवं लाल चंद्र गुप्ता सहित आदि गणमान्य लोग चलते हुए शामिल रहे।



## धूमधाम से मनाया गया जारी बाजार का ऐतिहासिक दशहरा रही भारी भीड़

अखंड भारत संदेश

**जारी।** ऐतिहासिक दशहरा मेले में दिन शनिवार को शाम से उमड़ी भीड़ रविवार भोर तक डटी रही। सड़कों पर रंगीन झालरों की सजावट के साथ खान पान, सजावट, खिलौने और अन्य वस्तुओं की सजी दुकाने मेले की शोभा बढ़ा रही थी ।तो वही आधी रात से कलात्मक चौकिया का प्रदर्शन भी शुरू हुआ तो भोर तक चलता रहा। मेले में निकाली गई एक से बढ़कर एक आकर्षक झांकियो से लोग मंत्रमुग्ध रहे। जारी गल्ला मंडी से लेकर जारी पावर हाउस तक रोशनी कमेटीयो द्वारा लाइटिंग से शराबोर रहा। और वही करछना रोड पर भी लाइट साउंड कमेटियों द्वारा भरपूर रंग बिरंगी लाइट लगी रही जगह-जगह मंच के माध्यम से संस्कृत कार्यक्रम भी आयोजन किए गए। मेले में मां काली जी का सॉन्ग शिव जी का तांडव नृत्य शिव पार्वती विवाह राधा कृष्ण की झांकी तो वही गड़ैया खुर्द ग्राम प्रधान शोभा रंजीत गुप्ता के द्वारा हनुमान जी की आरती से की गई। उसके बाद सुदामा के नित्य पर लोग खूब झूमे। श्री प्रेम प्रवर्तक आदर्श रामलीला कमेटी के द्वारा रामदल निकल गया। और भगवान की आरती की गई ।श्री राम रोशनी कमेटी के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजन किया गया। इसी क्रम में करछना रोड में न्यू बाल सॉन्ग संघ दुर्गा रोशनी कमेटी एवं नहर चौराहे पर श्री बालाजी रोशनी कमेटी टाटा स्टैंड के पास आयोजकों द्वारा साउंड कंपटीशन का प्रोग्राम देर रात तक चलता रहा तो वही मेल पर कौंधियारा थाने की फोर्स के अलावा अन्य थानों की भी पुलिस मौजूद रही। कड़ी सुरक्षा के बीच दशहरे को संपन्न कराया गया।

## ग्राम विकास अधिकारी को ब्लैक मेल करने के इरादे से प्रधान ने किया आरोपित

अखंड भारत संदेश

**मेजा।** विकास खण्ड मेजा मे तैनात एक ग्राम विकास अधिकारी को कथित ग्राम प्रधान प्रतिनिधि द्वारा ब्लैक मेल करने के इरादे से फर्जी अनियमितता का आरोप लगाये जानें का मामला प्रकाश में आया है। प्रकरण मेजा विकास खण्ड के कुर्की कला गांव का है। उल्लेखनीय हैं कि विगत दो दिन पूर्व उक्त ग्राम पंचायत के प्रधान प्रतिनिधि ने स्वय के लेटर पैड पर इस बात का जिक्र करते हुए संबधित ग्राम विकास अधिकारी विकास जायसवाल पर आरोप लगाते हुए लिखा है कि उसके ग्राम पंचायत की रहने वाली महिला निर्मला गौड़ की सर्प दंश तथा किशोरी लाल की कैंसर से से मौत होने के पश्चात मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करने में ग्राम विकास अधिकारी द्वारा दौड़ाया जा रहा है उक्त दोनों लोगो का मृत्यु प्रमाण पत्र जारी नही किया जा रहा है। साथ ही साथ ग्राम विकास अधिकारी पर प्रधान प्रतिनिधि द्वारा यह भी आरोप लगाया गया है कि अनुराधा पत्नी संजीव कुमार द्विवेदी को शौचालय नही मिला है शौचालय के लिए दौड़ाया जा रहा है। जबकि इस सम्बंध में सच्चाई के क्रम में संबधित ग्राम विकास अधिकारी विकास जायसवाल से बात चीत करने पर उन्होंने बताया कि ग्राम प्रधान प्रतिनिधि मुरारी यादव द्वारा मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करने तथा शौचालय आदि के बाबत लगाया गया आरोप पूर्णतया असत्य एव फर्जी हैं। सर्पदंश से मौत हुई महिला निर्मला गौड़ का मृत्यु प्रमाण पत्र पूर्व में ही जारी किया जा चुका है जबकि कैसर से मौत हुई किशोरी लाल का अब तक उनके पास मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करने के बाबत मृतक के परिजनों द्वारा कोई प्रार्थना पत्र ही नहीं दिया गया हैं रही बात शौचालय की तो जिस महिला को शौचालय देने का प्रधान प्रतिनिधि द्वारा दबाव डाला जा रहा हैं वह पात्रता की श्रेणी नहीं है अपात्र है। इतना ही नहीं ग्राम विकास अधिकारी विकास जायसवाल ने यह भी बताया कि ग्राम प्रधान प्रतिनिधि द्वारा उन्हें ब्लैक मेल करने के इरादे से कूट रचित मनगढ़ंत आरोप लगाया जा रहा है साथ ही साथ ग्राम पंचायत में गलत काम कराने के लिए भी दबाव डाला जा रहा है।

## शरद पूर्णिमा और रास लीला का मणिकांचन योग

अखंड भारत संदेश

**भगवानपि ता रात्रीः शरदोत्फुल्ल मल्लिकाः, वीक्ष्यरन्तु मनश्चक्रे योग मायामुपाश्रितः**

**पसना।** लगभग 5,300 वर्ष पूर्व भगवती भानुजा के पावन पुलिन पर महाभागा बृजांगनाओं के साथ अखिल भुवनाधिपति भगवान श्यामसुंदर ने महारास की सुर नर मुनि मनोहारी लीला संपन्न करते हुए अपने में पूणार्नुरक्त गोपांगनाओं को कृतार्थ किया था।श्रीमद्भागवत में वर्णित रासपंचाध्याई प्रसंग को विद्वान भागवत रूपी शरीर का पंचप्राण मानते हैं रसो वै सः जहां रस ही रस उद्वेलित हो रहा हो वह है रास। इस रास लीला हेतु पूर्णतः उपयुक्त तिथि शरद पूर्णिमा ही है। इस निशा में निशाकर चंद्रमा षोडष कलाओं से सुसंपन्न होकर अपनी शीतल ज्योत्स्ना से अखिल भूमंडल का अभिसिंचन करते है। चंद्रमा को अमृतांशु या सुधाकर भी कहा जाता है सो इस पावन तिथि को चंद्रकिरणों मे संलिप्त अमृत कण निर्वाध रूप से वसुधा तल का संस्पर्श करते हैं। वैसे तो वर्ष में 12 पूर्णिमा होती हैं किंतु वृष्टि काल मे आकाश मेघाच्छादित होता है शीत काल में ओस के द्वारा और ग्रीष्म काल में धूलि कणों के अंतरिक्ष मे फैले रहने के कारण पूर्ण रूपेण कलाधर की कलाएं पृथ्वी तक नहीं उतर पातीं किंतु शरद पूर्णिमा को मेघ धूलिकण और ओस कणों का अभाव होने के कारण पूर्ण रूपेण निर्वाध गति से चंद्र किरणें धरती तल का चुंबन करती हैं। वृष्टि काल की आर्दता से सुकोमल हुए चंद्रमा मे स्थित सुधाकण इस पूर्णिमा को सहज ही छलक उठते है। शास्त्रीय दृष्टि से भगवान कृष्ण पूर्णावतार हैं और उन पूर्ण ब्रह्म की पूर्ण लीला ही महारास है इस लिए प्रकृति देवी जिनके अंचल मे यह पूर्ण लीला होगी उन्हें भी पूर्ण होना ही पड़ेगा। चंद्रमा को रस राज कहा जाता है अस्तु रसराज कृष्ण के पूर्ण लीला के लिए रसराज चंद्रमा को भी पूर्ण होना ही चाहिए। भगवान कृष्ण स्वयं चंद्र वंशावतंश हैं इस शरद ऋतु में प्रकृति भी पूर्णता को प्राप्त हो रही है। इत्थं शरत्स्वक्षजलं पद्माकरसुगंधिना।। सरित सरोवरों में स्वक्ष निर्मल जल भर गया है पद्माकर कमल की सुगंध परिपूर्ण है वातावरण रस से ओतप्रोत है धरित्री त्रृण का हरित परिधान धारण करके मानों अपने प्राण प्रियतम पुरुषोत्तम का स्वागत करने को समुत्सुक है। आज पूर्णिमा है ए रसराज चंद्र देव आज अखिल विश्व को रससिक्त कर रहे हैं इस तिथि को पके हुए फल मे अन्य फलों से अधिक स्वाद और स्वास्थ्य वर्धक रस होता है पूर्णिमा को जगत के समस्त जलाशयों में भी रसवृद्धि होती है यहांतक कि जड समुद्र में भी ज्वार के माध्यम से रस वृद्धि हो जाती है। महार्णव समुद्र को रस का आगर माना जाता है ।।श्रोतसामस्मि सागरः।।सो जलाशयों के स्वामी में रसवृद्धि होते ही जगत के जितने जलाशय हैं सब में रस वृद्धि होने लगती है सारे कूप सरोवर सरिता कुछ न कुछ वृद्धि को प्राप्त होते है। जगत के समस्त जलाशयों में अभिवृद्धि होते ही शरीर रूपी जलाशय में भी रस वृद्धि हो जाती है। मानव शरीर में 80 प्रतिशत से अधिक जल तत्व है इसी लिए पूर्णिमा के चंद्र को देखते ही विक्षिप्त की विक्षिप्तता अधिक बढ जाती है रोगी का रोग बढ जाता है और रसिकों की रसिकता भी पराकाष्ठा को पहुंच जाती है अस्तु रसिक शेखर कृष्ण ने महाभागा गोप बालाओं से जो कि पूर्व जन्म में ऋषि वेष में लाखों वर्ष तपस्या करके कृष्ण को अपना प्रियतम बनाने का वरदान लेकर धराधाम पर गोपी रूप में अवतरित हुए हैं रास रचाने के लिए शरद पूर्णिमा का चयन किया। यह रास पंचाध्याई के पांच अध्याय वस्तुतः भागवत रूपी शरीर के पंचप्राण ही हैं इन पांचों अध्यायों का पाठ करने वाला व्यक्ति हृदय रोगों हार्ट अटैक काम क्रोधादिक से विमुक्त रहता है ऐसा भगवान वेदव्यास का वचन है।भक्तिं परां भगवति प्रतिलभ्य कामं,, हृद्रोगमाश्वपहिनोत्यचिरेण धीरः। अस्तु हृदय रोग निवारणार्थ भक्ति वैभव प्राप्त्यर्थ शरद पूर्णिमा महामहोत्सव पर निशीथ काल में भगवद्संन्निधि में रह कर नाम संकीर्तन किंवा भागवत रास पंचाध्याई का पाठ करते हुए कलाधर की सुशीतल ज्योत्सना में रखे हुए दुग्ध शर्करा और देवान्न से संयुक्त खीर का भगवान गोपी वल्लभ श्री कृष्ण का भोग लगाकर आदर सहित उस दिव्य प्रसाद को ग्रहण करने से स्वांस संबंधी विकार दमा टी बी और हृदय रोगों का शमन होता है तथा मानसिक विकार क्षीण होते हैं व मानव भगवत्कृपा का पात्र बनता है।

### न्यूज झरोखा

## चूल्हे की चिंगारी शोला बन खाक कर दिया गरीब का आशियाना

**पसना।** यमुनानगर के खीरी थाना क्षेत्र के लेड़ियारी ग्राम पंचायत में एक गरीब परिवार के रिहायशी मकान में चूल्हे की एक चिंगारी शोला बनकर पूरी गृहस्थी खाक कर दिया। तहसील कोरांव अन्तर्गत लेड़ियारी ग्राम पंचायत के उर्मिला पत्नी सत्यपाल सिंह के रिहायशी मकान में रविवार को तीन बजे भोर में आग लग जाने से घर में रखा गृहस्थी का सारा सामान, अनाज, कपड़ा सब जल कर खाक हो गया।भुक्तभोगी उर्मिला ने बताया कि वह शनिवार शाम आठ बजे रसोई में खाना बनाने के बाद दूध पकने के लिए चूल्हे पर रख कर सोने चली गई थी। चूल्हे के पास में रखी ऊपली, लकड़ी में आग पकड़ लेने से आग की चिंगारी विकराल बन गई ,और घर की सारी गृहस्थी जल कर राख हो गयी। ग्राम पंचायत लेड़ियारी के प्रधान रवी सिंह गहरवार ने बताया कि अग्नि कांड की जानकारी मिलने के बाद सूचना क्षेत्रीय लेखपाल सुमित सिंह को दे दिया गया है।

## दलित विरोधी पूंजी पतियों की भाजपा सरकार : वसीम अंसारी

**करछना।** नौगवां गाँव में दलित गौरव संवाद को सम्बोधित करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी यमुनापार के अध्यक्ष अरुण तिवारी ने कहा कि मित्रों देश बहुत ही आर्थिक तंगी वेरोजगारी की स्थिति से गुजर रहा है मौजूदा भाजपा सरकार देश व भाईचारा को बिखेरने में लगी है भाइयों देश को जन मानस को बचाना है तो सब लोग कांग्रेस पार्टी के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हो जाइए साम्प्रदायिक ताकतों को हटाने के लिए देश की खुशहाली तरक्की के लिए कांग्रेस का आना बहुत जरूरी है उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव वसीम अंसारी ने कहा कि कांग्रेस के शासन काल में सबको समान अधिकार व सबका विकास था मौजूदा सरकार पूंजीपतियों की सरकार बनकर रह गई है बदले की भावना से राजनीति हो रही हैं उन्हें दलितों गरीबों वेरोजगारो की चिंता नहीं है उन्हे विपक्ष कमजोर कैसे होगा केवल इसी की चिंता है साहब के विषय में या सरकार के विषय में सही बोलना ईडी व सी बी आई का सामना करना सीधे जेल की हवा खाना मित्रों इस अफसर शाही हठवदी सरकार से निजात पाने के लिए सबको साथ आना होगा दलित गौरव संवाद को संबोधित करने वालो में सर्व श्री राम छबि ले मिश्र जिला उपाध्यक्ष राम अनुग्रह मिश्र सदस्य पी सी सी माता अम्बर मिश्र ब्लॉक अध्यक्ष रजनीश विश्राम दास जिला उपाध्यक्ष पी सी सी बब्लू खान पी सी सी डा दिनेश कुमार सोनी पी सी सी नागेश पाण्डेय जिला सचिव मोमिन अहमद सविता बिन्द राम आसरे भैरो प्रसाद जयशंकर दलित गौरव संवाद चौपाल का संचालन जिला महासचिव पी सी सी सदस्य डॉ दिनेश कुमार सोनी शामिल रहे।

## वैदिक उत्सव समापन के बाद हुआ हवन यज्ञ

**सहसों।** चिलौंडा स्थित वानप्रस्थ आश्रम में आर्य वैदिक आश्रम में तीन दिन से चल रही 16 वें वार्षिक उत्सव में कई जनपदों के विद्वानों ने भाग लेते हुए वेद का प्रचार करते हुए सामाजिक कुरीतियों, अंधविश्वासों को दूर करने हेतु उपदेश दिया। विद्वानों द्वारा भजन प्रवचन, महिला सम्मेलन, राष्ट्र रक्षा सम्मेलन एवं सायंकाल भजन संध्या करते हुए लोगों को वेदों की ओर चलने के लिए प्रेरित किया। रविवार को वैदिक विधि से हवन यज्ञ कर उत्सव का समापन विद्वानों द्वारा किया गया। इस अवसर पर हरियाणा से पधारे यज्ञ मुनि वानप्रस्थी, स्वामी परमानंद सन्यासी चंदौली, डा. अशफीलाल शास्त्री कौशांबी, किरण आर्या, लाल बहादुर शास्त्री, डॉक्टर बिधान चंद्र अंबेडकर नगर, योगाचार्य डॉक्टर रमेश चंद, प्रतापगढ़ से अर्चना आर्य, आजमगढ़ से राजेंद्र मुनि ने लोगों को उपदेश देते हुए धर्म, सत्य व वेद मार्ग पर चलने की सलाह दी। इस अवसर पर श्याम मुनि, राम बहादुर वर्मा, डॉक्टर सुधा सिंह, डॉक्टर नंदिनी श्रीवास्तव, उमाशंकर कुशवाहा, रमेश कुमार, जगदीश सिंह, राजेंद्र कुमार सहित आदि लोग उपस्थित रहे।

## सत्संग से मनुष्य सभी पापों से छुटकारा पा सकता है : विजयानंद

**करछना** तहसील मुख्यालय के नीयर भोला गार्डन मे चल रही सात दिवसीय दुर्लभ सत्सग के चौथे दिन रिशीकेश से पधारे स्वामी विजयनन्द गिरी जी महराज व्यासपीठ से मानस कथा प्रवचन करते हुए बताया कि संत के संगत मात्र से मनुष्य सभी पापों से मुक्त हो जाता है और मनुष्य को सत मार्ग पर चलने की प्रेरणा मिलती है। संत ईश्वर प्राप्त करने का साधन सुलभ कराने का मार्ग प्रकट करता है इसलिए कलयुग में संत का सानिध्य प्राप्त कर अपने सभी दुर्गडी से मनुष्य मुक्त हो सकता है । कथा समाप्ति के पश्चात आरती और और प्रसाद का वितरण किया गया इस दौरान आयोजक मण्डल ने सभी भक्तजनो का आभार व्यक्त किया।इस अवसर पर बड़ी संख्या में भक्तों की जुटी भीड़ ने सत्संग में शामिल रहे।

## यमुनापार मेरे लिए राजनैतिक क्षेत्र नहीं बल्कि मेरा परिवार : कुंवर दिवाकर प्रताप सिंह

अखंड भारत संदेश

### दशहरा मिलन समारोह आयोजित

**कोरांव।** बेहतर दुनिया परिवार के संयोजक कुंवर दिवाकर प्रताप सिंह पौत्र पूर्व प्रधानमंत्री स्व राजा विश्वनाथ प्रताप सिंह द्वारा आयोजित दशहरा मिलन समारोह हनुमान गंज पैतीहा स्थित फार्म हाउस में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरूवात कुंवर दिवाकर प्रताप सिंह व राजा बरांव डाक्टर रविंद्र प्रताप सिंह द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर और आचार्य विष्णु कृष्ण ओझा के स्वस्तिवाचन के साथ हुई। कार्यक्रम में कवि सम्मेलन पंडित कृष्ण देव मिश्र की अध्यक्षता और अशोक बेशरम के संचालन में सुशील शुक्ल हर्ष, कृष्णकांत, कामिल,बबलू सिंह बहियारी, संतोष शुक्ल समर्थ मुन्ना मासूम ने अपनी अपनी रचनाएं प्रस्तुत कर श्रोताओं का मन मोहा, वही क्षेत्रीय गायक अतुल मिश्र द्वारा भजन प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कुंवर दिवाकर प्रताप सिंह कृष्ण भैया ने कहा की दशहरा बुराई पर अच्छाई की जीत का त्योहार है ऐसे अवसर पर परिवार के परंपरा के अनुसार यह कार्यक्रम हर वर्ष की भांति अपने यमुनापार के परिवारजनों से मिलन का कार्यक्रम है। उन्होंने कहा की यमुनापार मेरे लिए राजनीतिक क्षेत्र नही बल्कि मेरा परिवार है यमुनापार की जनता के सुख दुख के साथ ही जनसमस्या में मेरा दायित्व है कि मैं उनके साथ रहूं और मेरा यह वादा है की मैं यमुनापार की जनता के साथ रहूंगा। दशहरा मिलन के कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष कोरांव ओम प्रकाश केशरी, आशुतोष तिवारी, रजनीश सिंह, नागेश्वर पटेल, राजीव सिंह, ओंकार नाथ सिंह समेत हजारों की संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## मन की बात को सुनकर सभी कार्यकर्ता उस पर करें अमल : डॉ वाचस्पति

**जसरा।** बारा विधायक डॉ वाचस्पति लंबी बीमारी के बाद आज कार्यकर्ताओ के साथ बैठ कर मन की बात को सुनते हुए कहा की हम सब को प्रेरणा देने वाले प्रधान मंत्री जी आभार व्यक्त करना चाहता हूं जिन्होंने आज देश को उस मुकाम पर लाकर खड़ा कर दिया जहा से कभी हमको आंख दिखाने वाले चीन और पाक अब खौफ खाते है। आगे उन्होंने कहा कि बारा के सभी लोगों के आशीर्वाद का फल है, जिसके कारण आज मैं आप सब के बीच स्वस्थ होकर लौट पाया। मन की बात में प्रमुख रूप से जगत नारायण शुक्ला, फूल चंद पटेल, नीरज केसरवानी, राकेश पाठक, संदीप पटेल, राजकुमार पटेल, कमलेश मलैहा, मोनू यादव, गोपाल केसरवानी सहित आधा दर्जन लोग मौजूद रहे।

## शौच को गई विवाहिता फिसल कर नहर में डूबी हुई मौत

**लालापुर।** क्षेत्र के नौढिया तरहार गांव की एक विवाहिता रविवार की सुबह गांव के पास स्थित नहर के पास गई और शौच के समय उसे मिर्गी का झटका आ गया और वह नहर में गिर कर डूब गई। कुछ देर बाद ग्रामीणों ने उसके शव को नहर में उतराते देखा तो हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। लालापुर थाना क्षेत्र के नौढिया गांव निवासी जीत लाल की पत्नी अनीता (40) जो काफी दिनों से मिर्गी रोग से ग्रसित थी । रविवार की सुबह गांव के पास स्थित नहर के पास शौच करने गई और इसी बीच उसे मिर्गी का झटका आ गया और वह नहर में गिर गई और डूब जाने से उसकी मौत हो गई । घटना की सूचना होते ही परिजनों में कोहराम मच । सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## असवां जंघई : तापस बेष बिसेषि उदासी, चौदह बरिस रामु बनबासी

अखंड भारत संदेश

**जंघई।** आदर्श रामलीला समिति असवां एवं राघव सेवा ट्रस्ट द्वारा संचालित रामलीला मंचन में राम वन गमन से लेकर सुग्रीव राम मित्रता तक रामलीला का मंचन किया गया।रामलीला मंचन में एक तरफ पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के राज्याभिषेक की तैयारी चल रही थी तो दूसरी तरफ मंथरा ने माता कैकेयी के पास जाकर राजा दशरथ द्वारा दिये गये दोनो वचनों को याद कराते हुए राम को चौदह वर्ष का वनवास एवं भरत को राजगद्दी देने के लिए प्रेरित करती है।जिसके बाद कैकेयी राजा दशरथ से संवाद करते हुए दोनों वर माँगती है राजा दशरथ अपने दोनों वचनों को पूरा करते हैं राम पिता के वचनों को सहर्ष स्वीकार करते हुए वन को चल देते है।राम सीता लक्ष्मण के वन जाते ही महाराज दशरथ पुत्र वियोग मे प्राण त्याग देते हैं।रामलीला वनगमन, केवट संवाद, सूर्पनखा नाककटैया, खरदूषण वध, सीता हरण, राम सुग्रीव मित्रता, बालि बध तक सुंदर मंचन किया गया।पात्रों में राम प्रवीण तिवारी, हरिओम लक्ष्मण, नितिन तिवारी सीता, हनुमान उमेश तिवारी, सुग्रीव मदन कुमार यादव, सूर्पनखा अभिषेक तिवारी, रावण की भूमिका राजकुमार पांडेय ने निभाई।इस अवसर पर डॉक्टर अर्चना शुक्ला क्षेत्रीय मंत्री किसान मोर्चा काशी क्षेत्र, चंद्रमणि तिवारी अध्यक्ष आदर्श रामलीला एवं राघव सेवा ट्रस्ट असवां, नीरज कुमार शुक्ला, सुभाष चंद्र मिश्र, प्रकाश चंद्र तिवारी, पारकनाथ पांडेय, अरविंद कुमार मिश्रा, विजय शंकर तिवारी, सूर्य प्रकाश पांडेय, सत्येंद्र कुमार तिवारी कोषाध्यक्ष, शिवसागर पांडेय उपाध्यक्ष, विकास तिवारी मीडिया प्रभारी सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

### आदर्श नवयुवक रामलीला समिति चनेथू की रामलीला कल से

**जंघई।** विगत 62 वर्षों से आदर्श नवयुवक रामलीला समिति चनेथू द्वारा गांव में अनवरत साप्ताहिक रामलीला का आयोजन मंगलवार 31 अक्टूबर से मुकुट पूजन नारद मोह से प्रारंभ होगी और 6 नवंबर को राम का राज्याभिषेक तक का मंचन किया जाएगा। 7 और 8 नवंबर को मेले का आयोजन किया गया है यह जानकारी संजय उपाध्याय ने दिया है।

## कुढ़वां की रामलीला में राम का राज्याभिषेक एवं मेले का आयोजन

**जंघई।** श्री सार्वजनिक रामलीला समिति कुढ़वा की रामलीला के अंतिम दिन शनिवार को श्रीराम लक्ष्मण को भेजकर लंका में विभीषण का राजतिलक करवाते हैं और हनुमान जी को अशोक वाटिका में सीता को लेने भेजते हैं और श्री राम लक्ष्मण से अग्नि का प्रबन्ध करने को कहते हैं कि सीता की अग्नि परीक्षा के उपरांत ही मुझसे मिलेगी उनकी इस बात पर लक्ष्मण क्रोधित हो उठते हैं। तब श्रीराम उन्हें समझाकर उन्हें शांत करते हैं और हनुमान जी सीता जी को लेकर आते हैं अग्नि परीक्षा के उपरांत पुष्पक विमान से राम लक्ष्मण सीता सुग्रीव हनुमान विभीषण सब अयोध्या के लिये चलते है। मार्ग में ऋषि भारद्वाज का आशीर्वाद लेकर और मित्र गुह राज से मिलते हैं। माता सीता गंगा जी की पूजा करती हैं और हनुमान नंदी ग्राम में पहुंचकर भरत को शुभ समाचार देते है कि श्री राम अयोध्या लौट रहे हैं। यह सुनकर पूरी अयोध्या में खुशी की लहर दौड़ पड़ती हैं और पुरवासी नाचते गाते खुशी मनाते हैं और भगवान श्री राम और भरत का मिलाप होता है और श्री राम गुरु वाशिष्ठ और तीनों माताओं से मिलते हैं। तब गुरु वशिष्ठ उन्हें राजतिलक के लिये कहते हैं और अयोध्या में प्रभु श्रीराम का राजतिलक होता है इसी के साथ रामलीला के मंचन का समापन होता है और रविवार को मेले आयोजन किया गया।इस अवसर पर अध्यक्ष जितेंद्र बहादुर सिंह, उपाध्यक्ष सुरेश पांडेय, विकास शुक्ला, अनुज शुक्ला, आशीष पांडेय, मुकेश पांडेय, मनीष पांडेय, सुलभ पांडेय, राजेश पांडेय सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# तीन साल से शव गृह में रखे महिला के कंकाल पर हाई कोर्ट ने लिया संज्ञान

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** इटावा के शव गृह में पिछले तीन वर्षों से महिला नरकंकाल के लावारिस हालत में पड़े होने की जानकारी को इलाहाबाद हाई कोर्ट ने गंभीरता से लिया है। कोर्ट ने मामले का स्वत संज्ञान लेते हुए राज्य सरकार और स्थानीय पुलिस अधिकारियों से विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराने के लिए कहा है। प्रकरण में अगली सुनवाई 31 अक्टूबर को होगी।

**कोर्ट ने पूछा- शवों के अंतिम संस्कार की क्या प्रथा है :** एक अंग्रेजी समाचार पत्र में इस संबंध में प्रकाशित रिपोर्ट का स्वत संज्ञान लेते हुए मुख्य न्यायमूर्ति प्रीतिंकर दिवाकर और न्यायमूर्ति अजय भनोट की खंडपीठ ने सरकार और स्थानीय पुलिस अधिकारियों से पूछा है कि आमतौर पर शवगृहों में रखे गए शवों के अंतिम संस्कार की क्या प्रथा है और इस मामले में इतना विलंब होने की क्या वजह है। क्या ऐसा कोई नियम है जिसके तहत सरकार को निश्चित समय में शवों का अंतिम संस्कार करना होता है। कोर्ट ने प्रकरण में विवेचना की स्थिति और शव संरक्षित करने की पूरी टाइम लाइन बताने का निर्देश दिया है। साथ ही संबंधित केस डायरी और डीएनए जांच के लिए भेजे गए सैंपल और उसकी रिपोर्ट के बारे में जानकारी मांगी है। एक परिवार ने दावा किया है कि कंकाल उनकी गुमशुदा बेटी रीता का है मगर डीएनए जांच से अभी कोई निष्कर्ष नहीं निकला है। कोर्ट ने हाई कोर्ट बार एसोसिएशन के महासचिव नितिन शर्मा को प्रकरण में न्याय मित्र नियुक्त करते हुए न्यायालय का सहयोग करने के लिए कहा है।

**कानून मृतकों को नहीं त्यागता :** कोर्ट ने कहा, कानून मृतकों का मूल्यांकन न केवल जीवित लोगों के साथ उसके व्यवहार के तरीके से किया जाना चाहिए, बल्कि मृतकों को दिए जाने वाले सम्मान से भी किया जाना चाहिए। प्रतिष्ठा अविभाज्य है। मृत और जीवित की प्रतिष्ठा में कोई अंतर नहीं है। यह प्रतिष्ठा की अवधारणा की सर्वोत्कृष्टता है। मृतकों की प्रतिष्ठा और जीवितों की प्रतिष्ठा जैसा कोई भी विभाजन प्रतिष्ठा को उसके अर्थ से वंचित कर देगा। मृत्यु जीवन की तुच्छता को दर्शाती है। प्रतिष्ठा जीवन की सार्थकता की गवाही देती है।

## प्रा. विद्यालय कुभौना का ताला तोड़कर सामान चोरी

**सहसों।** थरवई थाना क्षेत्र के विकास खण्ड बहरिया अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय कुभौना का ताला तोड़कर चोर सामान उठा ले गए। शुक्रवार को सुबह विद्यालय खुलने पर विद्यालय की प्रधानाध्यापिका इंदो देवी स्कूल पहुंचने पर ताला टूटा हुआ देखकर आश्चर्य चकित रह गई। विद्यालय में बने रसोई घर में रखा हुआ गैस सिलेंडर, थाली, गिलास, कढ़ाई, भगोना, चावल, आटा व कार्यालय में रखा हुआ दिव्यांग छात्रों से संबंधित किट आदि सामान उठा ले गए। प्रधानाध्यापिका इंदो देवी ने संबंधित थाने की पुलिस को तहरीर देकर मामले की जानकारी दिया है। मामले में पुलिस ने अभी तक मुकदमा दर्ज नहीं किया है।

## जहां प्रेम है वहीं परमात्मा का प्रकाश है : विज्ञान देव महाराज

अखंड भारत संदेश

**नैनी।** ईश्वर का महान प्रसाद है मानव जीवन। ईश्वर का रहस्य मानव में निहित है। हम जीवन कहें या सत्य कहें बात एक है। जीवन को ठीक-ठीक जान लिया, इसका अर्थ है हमने परमसत्य का साक्षात कर लिया, क्योंकि जीवन का आधार परमात्मा है, जो आनन्द स्वरूप है। उक्त बातें रविवार रात स्वर्वेद कथामृत के प्रवर्तक संत प्रवर विज्ञान देव महाराज ने संकल्प यात्रा के क्रम में नैनी स्थित सुंदरम गार्डन गेस्ट हाउस में आयोजित जय स्वर्वेद कथा एवं ध्यान साधना सत्र में उपस्थित सैकड़ों श्रद्धालुओं के मध्य व्यक्त किए। सन्त प्रवर ने कहा कि सत्य पर पूर्ण विश्वास ही श्रद्धा है। जो श्रद्धावान है वही ज्ञान की प्राप्ति कर शांति का अनुभव करता है। अध्यात्म ही वह समाधान है जिससे सभी समस्याएं सुलझ जाती हैं। महाराज ने आगे कहा कि जहां प्रेम है वहीं परमात्मा का प्रकाश है। जहां श्रद्धा है, जहां समर्पण है, जहां सेवक का भाव है वहीं आत्मा का कल्याण है। भीतर की अनंत शक्ति का सच्चा ज्ञान स्वयं को जानने से होता है। आंतरिक शांति के अभाव से ही आज विश्व में अशांति है। इसके बाद उन्होंने उपस्थित श्रद्धालुओं को विहंगम योग की क्रियात्मक साधना को सिखाया। कहा कि विहंगम योग की साधना खुद से खुद की दूरी मिटाने के लिए है।

### कश्मीर से कन्याकुमारी होते हुए प्रयागराज राष्ट्रव्यापी संकल्प यात्रा पहुँची प्रयागराज



एक साधक जब सिद्धासन में बैठकर अपनी चेतना को गुरु उपदिष्ट भूमि पर केंद्रित करता है तो वह मानसिक व आत्मिक शांति का अनुभव करता है। आयोजकों ने बताया कि विहंगम योग सन्त समाज के 100वें वार्षिकोत्सव (शताब्दी समारम्भ महोत्सव) के अवसर पर आयोजित 25000 कुण्डीय स्वर्वेद ज्ञान महायज्ञ के निमित्त संत प्रवर विज्ञान देव महाराज के सान्निध्य में संकल्प यात्रा का शुभारंभ 17 जुलाई को कश्मीर की धरती से हो चुका है। यह संकल्प यात्रा जम्मू और कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, चंडीगढ़, उत्तराखंड,उड़ीसा, छत्तीसगढ़ , मध्यप्रदेश, दिल्ली, प. बंगाल, बिहार , झारखंड, गोवा, महाराष्ट्र, दादरा और नगर हवेली, दमन और दीव, गुजरात, राजस्थान, हरियाणा के विभिन्न शहरों के पश्चात उत्तर प्रदेश के लखनऊ, गोरखपुर, बलिया, गाजीपुर वाराणसी होते हुए उपरोक्त 19 राज्यों में 110 स्थानों पर लगभग 25 हजार किलोमीटर की यात्रा सड़क मार्ग से तय करते हुए यह संकल्प यात्रा आज प्रयागराज पहुँची है। इस अवसर पर मुख्य रूप से सन्त किशन शर्मा, सुखनंदन सिंह, सदय वीबी सिंह, नवलकिशोर रणवीर सिंह, रामबाबू केसरवानी समेत सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## शव को दफनाने को लेकर हुआ विवाद, दूसरी जगह दफनाया गया शव

**मऊआइमा के बांकाजलालपुर में कब्रिस्तान का विवाद न्यायालय में है विचाराधीन**

**मऊआइमा।** मऊआइमा के बांका जलाल पुर में स्थित एक कब्रिस्तान का मामला न्यायालय में चल रहा है।जिसका विवाद उस समय गर्मा गया जब दूसरे सामुदाय के लोगों ने कब्र खोदने से मना कर दिया।बढते मामले को देखते हुएमऊआइमा पुलिस ने दूसरे स्थान पर कब्र खोदवाकर शव को दफनवा दिया जिस से स्थानीय लोगो एवं पुलिस ने राहत की सांस ली है। जानकारी के मुताबिक मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम बांकाजलालपुर में कब्रिस्तान और मेले के मैदान को लेकर दो सामुदायों के बीच दीवानी न्यायालय में काफी दिनों से मामला विचाराधीन है। बताया जाता है कि यहां शव दफनाने को लेकर प्रायः विवाद होता चला आ रहा है। बताया गया कि रविवार को वृद्ध महिला फातिमा बीबी पत्नी स्वर्गीय मोहम्मद हबीब तथा मोहम्मद मतीन और मोहम्मद मोबीन की वृद्ध माता फातिमा बीबी का देहान्त हो गया तो शव दफनाने के लिए कब्र खोदी जाने लगी। जिसपर दूसरे सामुदाय के लोगों ने आपत्ति करते हुए कहा कि यहां कब्रिस्तान नहीं है यह भूमि न्यायालय में विचाराधीन है। विवाद कि सूचना पर पुलिस पहुंच कर दोनों सामुदायों को समझा बुझा कर दूसरे स्थान पर कब्र खुदवा दिया गया। बताया गया है कि देर शाम पूना से मृतका के पुत्र मोबीन और मतीन के आने पर शव दफना दिया गया। जिस में स्थानीय लोगों और पुलिस ने राहत की सांस ली।

## कमेरा समाज राज सत्ता पर कब्जा करे : डॉ. पल्लवी पटेल

अखंड भारत संदेश

**घूरपुर।** कमेरा समाज संगठित होकर राजसत्ता पर आसीन होकर अपने दुखो का निवारण स्वतः करे क्योंकि डॉक्टर अंबेडकर साहब ने संविधान लिखकर दुनिया की सारी रानियों का ऑपरेशन कर दिया , कि अब राजा का बेटा राजा नही होगा। बल्कि गरीब का बेटा वोट के माध्यम से राजा बनकर अपनी तथा अपने लोगो की तकदीर बदल सकता है। अपना दल का स्थापना दिवस आगामी 4 नवंबर 2023 को लखनऊ में मनाया जाएगा। जिसमे पूरा कमेरा समाज अपना दल संस्थापक डॉक्टर सोनेलाल पटेल द्वारा बनाया संगठन के प्रति कृतज्ञता प्रकट करेगा तथा खुशियां मनाएगा। उक्त बाते अपना दल की नेता विधायक डॉक्टर पल्लवी पटेल ने घूरपुर के मंगलम गेस्ट हाउस में स्वागत समारोह के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में सम्बोधित करते हुए कहा । विधायक ने आगे बताया कि इंडिया गठबंधन के माध्यम से आज की मौजूदा सरकार को हटाना है। क्योंकि शिक्षा, स्वस्थ, रोजगर पर सरकार फेल हो चुकी है। भ्रष्टाचार बहुत फैला है आम आदमी का जीवन नरक हो गया है । कार्यक्रम को राष्ट्रीय प्रभारी एडवोकेट दिलीप पटेल ने कहा कि आजादी की लड़ाई के साथ साथ इस देश के तमाम महापुरुष जिस सामाजिक न्याय की लड़ाई लड़ रहे थे वह लड़ाई आजादी के बाद भी अनवरत जारी है। जिसे कभी मां काशीराम,राम स्वरूप वर्मा, ललई यादव, डॉक्टर सोनेलाल पटेल लड़ रहे थे वह लड़ाई आज भी जारी है। जिसे राजमाता कृष्णा पटेल के नेतृत्व में डॉक्टर पल्लवी पटेल लड़ रही है। प्रदेश सचिव उमेश पटेल ने कहा कि कमेरो का यह नैतिक जिम्मेदारी है कि कमेरा समाज अपने एवं अपने लोगो के लिए डॉक्टर पल्लवी पटेल का साथ दे। सिराथू विधायक डॉ पल्लवी पटेल का स्वागत ग्राम सभा बोगी के मंगलम गेस्ट हाउस, गौहनिया चौराहा, जसरा, गुड़िया तालाब शंकरगढ़ में स्वागत किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य अजय पटेल, जिला अध्यक्ष एडवोकेट रमेश पटेल, जिला सचिव नंदलाल पटेल, प्रदेश सचिव बौद्धिक मंच इंजीनियर अनिल पटेल, प्रदेश सचिव बौद्धिक मंच धर्मेंद्र पटेल, मीडिया प्रभारी रामबाबू पटेल, युवा जिलाध्यक्ष अभय पटेल, विधान सभा अध्यक्ष बारा देव चंद्र पटेल, युवा अध्यक्ष बारा ओमजी, ब्लॉक अध्यक्ष जसरा भूषण सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष शंकरगढ़ एडवोकेट रितु राज सिंह, पत्रकार बलबीर सिंह, मंडल सचिव कमल राज पटेल, मीडिया प्रभारी बारा शुशील पटेल, जिला सचिव शिव बहादुर पटेल, कमल भान सिंह, बृजेश सिंह, राजेश कोटरी, भूषण सिंह, धर्मराज पाल, सत्यभान सिंह, जसवंत सिंह पटेल, सुरेश गौतम, मीरू मेठ, संदीप पटेल, राजेश कुशवाहा, लाल चंद्र सहित सैकड़ों कार्यकर्ता पदाधिकारी तथ अन्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का नन्दलाल पटेल तथा अध्यक्षता मंगला प्रसाद ने किया।

## न्यूज झरोखा...

### मिशन शक्ति की थीम पर हुआ डांडिया नाइट

**प्रयागराज।** बैंक रोड स्थित राजर्षि टंडन गेस्ट हाउस परिसर में आज रविवार की रात डांडिया नाइट का शानदार आयोजन किया गया। अप्सरा बुटीक की ओर से आयोजित इस डांडिया नाइट का थीम ह्लमिशन शक्तिह्व रखा गया था। कार्यक्रम की शुरूआत गणेश वंदना से हुई। पारंपरिक परिधान में सज धजकर महिलाओं ने यहां शानदार प्रस्तुति की। यहां महिलाओं ने जलवा बिखेरा और गरबा खेला।आयोजक संयुक्ता धीरेंद्र सिंह ने सभी के प्रति आभार जताते हुए कहा, इस तरह के आयोजन से महिलाओं को एक मंच मिलता है जहां वह अपने पारंपरिक तरीके से प्रस्तुति करती हैं। इस मौके पर अनुराधा सिंह, रचना मिश्रा, जागृति केसरवानी, सविता सिंह, रीमा सिंह, सीमा सिंह, विनीता सिंह आदि महिलाएं व कपल्स शामिल रहे।

### सी बी एस ई गेम्स नई दिल्ली के तत्वाधान में हुआ

**नैनी।** नैनी दिल्ली पब्लिक स्कूल प्रयागराज में क्लस्टर 5 प्रतियोगिता का आयोजन का दूसरा दिन जिसमें नॉक आउट बेस पर 16 मे मैच आयोजित हुए प्रथम मैच सेठ एम आर जयपुरिया बाबतपुर व टैगोर पब्लिक स्कूल प्रयागराज के मध्य हुआ जिसमे सेठ एम आर जयपुरिया स्कूल 11-0 से विजयी रही प्रथम मैच के मुख्य अतिथि के रुप में मकबूल अहमद सचिव प्रयागराज फुटबॉल एसोसिएशन रहे अन्य 11 मैच में देवस्थली बलिया,आर्मी स्कूल न्यू कैंट प्रयागराज,संत अतुलानंद वाराणसी, सेंट जेवियर्स आजमगढ़,डिवाइन ग्लोबल जमानिया,आर्मी पब्लिक ओल्ड कैंट डी पी एस वाराणसी, गुरुकुल मांटेसरी शांतिपुरम, बेथनी कॉन्वेंट प्रयागराज विजई होकर अगले राउंड में प्रवेश किये। इस प्रतियोगिता का फाइनल मैच 31 अक्टूबर को होगा कार्यक्रम का संचालन सैयद मसरूफ, ऋषि श्रीवास्तव ने किया प्रधानाचार्य डा० सुजाता सिंह ने आये हुए सभी ऑफिशियल, ऑब्जर्वर, टीम कोच व मैनेजर,खिलाड़ियों एवम दर्शकों का स्वागत किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामना की।

### जनसेवा रामलीला में जानकी ने किया गौरी पूजन

**नैनी।** नैनी जन सेवा समिति रामलीला के चौथे दिन अहिल्या उद्धार, फुलवारी, गौरी पूजन एवं नगर दर्शन की लीला का मनोहरी मंचन श्री हनुमत रामलीला मंडल, प्रयागराज के कलाकारों द्वारा किया गया राम शिला रूपी अहिल्या का अपने चरण से स्पर्श करते हैं उनके चरण स्पर्श से शिला रूपी अहिल्या श्राप मुक्त होकर अपने वास्तविक नारी रूप में परिवर्तित हो जाती है और अत्यंत भाव विव्हल होकर राम की वंदना करते हुए गाती है विनती प्रभु मोरी, मैं मति भोरी, नाथ ना मांगहुं वर आना पद पदुम परागा, रस अनुरागा, मम मन मधुप करै पाना राम देवी अहिल्या को भक्ति का वरदान देते हैं अहिल्या प्रसन्न होकर अपने पति गौतम ऋषि के साथ उनके धाम को गमन करती है अगले दृश्य में जानकी गौरी पूजन को सखियों संग जाती हैं फुलवारी में जानकी राम का दर्शन करती हैं और माँ गौरी से राम को वर रूप में प्राप्त होने का वरदान मांगती है मां गौरी प्रसन्न होकर उन्हें इच्छित फल प्राप्त होने का आशीर्वाद देती हैं कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पवन यादव, विनय सिंह, हरिशंकर सिंह, आरएलडी दुबे, आर के शुक्ला, रवि सिंह, कृष्ण गोविंद, मुरलीधर शर्मा, रितेश शुक्ला, प्रवीण शर्मा, प्रदीप तिवारी, चंद्रभूषण द्विवेदी, दीपेंद्र सिंह, पंकज सिंह, संतोष सिंह, अनिल चौधरी, राम मूरत सिंह, नीरज मिश्रा, शशि सिंह, अनुग्रह जायसवाल, विशाल श्रीवास्तव आदि ने सहयोग किया।

### रास्ते मे गड्ढा खोदने का कारण जानने पर मार पीट कर लहुलुहान करने का आरोप

**मऊआइमा।** रास्ते में गढ्डा खोदने का कारण पूछने पर मार पीट कर लहुलुहान करने का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी गई है। मिली जानकारी के अनुसार मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम छाता रेवारी निवासी दीपक सिंह पुत्र जयकरन सिंह का आरोप है कि पुरानी रंजिश को लेकर परिवार के कतिपय लोग रात में रास्ते में गढ्डा खोद डाले पूछने पर घर में घुस कर मार पीट कर लहुलुहान कर दिया गया है। दीपक सिंह ने थाने कतिपय लोगों के खिलाफ नामजद तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## कार्यकताओं संग मंत्री नंदी ने सुनी मन की बात

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश सरकार के औद्योगिक विकास मंत्री नंदगोपाल गुप्ता नंदी ने आज अपने प्रयागराज शहर दक्षिणी विधानसभा क्षेत्र मुट्ठीगंज मंडल में गऊघाट पुलिस बूथ के पीछे स्थित दलित बस्ती में पदाधिकारियों व कार्यकताओं के साथ प्रधानमंत्री के ह्लमन की बातह्व कार्यक्रम में शामिल हुए। प्रधानमंत्री का उद्बोधन सुनने के बाद मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के ह्लमन की बातह्व के जरिये हर बार कुछ न कुछ नया सीखने को मिलता है। नए विचार, नई दिशा व नई ऊर्जा मिलती है। प्रधानमंत्री की बातों को सुनकर प्रेरणा मिलती है और कार्यकताओं का उत्साह बढ़ता है।मन की बात का यह लोकप्रिय कार्यक्रम समाज में नई चेतना के साथ विभिन्न क्षेत्रों में उचित मार्गदर्शन का भी सारथी बनता है। मन की बात एक ऐसा माध्यम है, जहां सकारात्मकता है, संवेदनशीलता है।

**31 को लांच होगा मेरा युवा भारत वेबसाइट :** मंत्री ने कहा कि मन की बात के 106वें एपिसोड में प्रधानमंत्री ने देशवासियों से अपील करते हुए लोकल फॉर वोकल का नारा दुहराया। उन्होंने कहा कि हर बार की तरह इस बार भी हमारे त्योहारों में हमारी प्राथमिकता हो लोकल फॉर वोकल। ताकि हमारा भारत आत्मनिर्भर भारत बन सके। यही नहीं प्रधानमंत्री ने देश में विकसित भुगतान प्रणाली यूपीआई से ज्यादा भुगतान करने की भी अपील की। ताकि देश की अर्थव्यवस्था और बेहतर हो। मंत्री ने कहा कि युवा ही इस देश की ताकत है जिनमें अदम्य साहस है। युवाओं की इसी ताकत को एकाग्र करने और युवाओं द्वारा देश के विकास में विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से अपना योगदान देने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 31 अक्टूबर को ह्लमेरा युवा भारतह्व योजना की वेबसाइट लांच करेंगे।मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री ने मन की बात में गांधी जयंती के अवसर पर देश भर में हुई खादी की रिकॉर्ड बिक्री का भी जिक्र किया। जिसके आंकड़े खादी की लोकप्रियता को दशार्ते हैं। महात्मा गांधी जिस खादी से स्वदेश का भाव हर जन में जगाना चाहते थे, आज उसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक अलग ऊंचाई पर स्थापित कर दिया है।

## चेयरमैन प्रतिनिधि ने सड़क व नाली से अवैध कब्जों को हटाने की अपील

**अतिक्रमण न हटाने पर नोटिस, ईओ बंटी कुमारी ने कही**

**मांडा।** नगर पंचायत भारतगंज कस्बे में मकान मालिक द्वारा सड़क की पटरी व नाली पर अतिक्रमण किए जाने से आए दिन सड़को लगने वाले जाम से मुक्ति दिलाने के लिए नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि, ईओ व पुलिस ने भारतगंज कस्बे में भ्रमण कर सड़कों व नालियों से अविलंब अवैध कब्जा हटाने की नगर पंचायत के नागरिकों से अपील की। प्रयागराज जनपद के सबसे लंबे 82 किमी बीपी प्रतापपुर राजमार्ग पर स्थित भारतगंज कस्बे में प्रतिदिन लंबा जाम लगता है। जाम के चलते हर वर्ग प्रभावित व परेशान होता है। भारतगंज नगर पंचायत अध्यक्ष फरा बेगम के प्रतिनिधि आमिर शकील टंकी, ईओ बंटी कुमारी, भारतगंज चौकी इंचार्ज दुर्गेश सिंह, दरोगा रामायण सिंह व तमाम नगर पंचायत कर्मियों ने भारतगंज कस्बे में भ्रमण कर व्यापारियों से दुकानों के बाहर सड़क पर वाहन खड़े न करने, व दिन में लोडिंग अपलोडिंग न करने, नालियों व सड़क पर से तत्काल अवैध कब्जे हटाने की अपील की। नपं अध्यक्ष प्रतिनिधि ने बताया कि अभी केवल चेतावनी दी गई है, यदि स्थिति में सुधार न हुआ, तो नोटिस देकर सड़क पर अवैध कब्जा करने वालों के खिलाफ विधिक कार्यवाई भी सुनिश्चित की जाएगी। कस्बे के स्वच्छ, साफ व जाम मुक्त कराना नगर पंचायत की पहली प्राथमिकता है।

## राजकीय महिला पालीटेक्निक मेजा में फ्रेशर्स पार्टी कार्यक्रम आयोजित

**मेजा।** राजकीय महिला पालिटेक्निक मेजा खास में शनिवार को नवागंतुक छात्राओं हेतु अभ्युदय 2023 फ्रेशर्स पार्टी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत प्राचार्य शैलेन्द्र विक्रम द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया। इस दौरान कालेज की प्रथम द्वितीय एवं तृतीय वर्ष की छात्राओं द्वारा डांस और सांग की सराहनीय प्रस्तुति की गई। गौरतलब है कि टैलेंटेड फ्रेशर्स के चयन के लिए तीन राउंड की प्रतियोगिता भी आयोजित की गई जिसमें प्रथम वर्ष की सभी छात्राओं ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता का तीन राउंड के पश्चात निर्णायक मंडल द्वारा सात छात्राओं का चयन हुआ तत्पश्चात क्विज प्रतियोगिता द्वारा टैलेंटेड फ्रेशर्स का चयन किया गया। टैलेंटेड फ्रेशर्स प्रतियोगिता में मंजू यादव प्रथम स्थान एवं सृष्टि देवी और महिमा शर्मा द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस मौके पर कालेज के संस्थागत समस्त शिक्षक एवं स्टाफ के कई अन्य लोग प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## साड़ी पंचायत भवन पर लटकता रहता है ताला, ग्रामीणों में व्याप्त है आक्रोश

अखण्ड भारत संदेश

**मांडा।** विकासखंड मांडा ब्लॉक मुख्यालय अंतर्गत 69 ग्राम पंचायतो में गांव की समस्याओ का गांव में समाधान के लिए योगी सरकार ने पंचायत भवन का निर्माण कराया और सहायक पंचायत कंप्यूटर ऑपरेटर की नियुक्ति ग्राम पंचायत स्तर पर कराया लेकिन मांडा के 69 ग्राम पंचायत में एक तिहाई से अधिक ग्राम पंचायत के सहायक कंप्यूटर ऑपरेटर के मनमानी से प्रधानों के साथ ग्रामीणों को समस्याओं से झेलना पड़ रहा है। वहीं जिम्मेदार अधिकारियों की उदासिनता एवं साट गाठ की शिकायत ग्राम प्रधान के साथ ग्रामीणों ने खण्ड विकास अधिकारी मांडा से करते हुए बताया कि सहायक कंप्यूटर ऑपरेटर की जांच कर नसीहत न देने से वह गांव में धौंस दिखाकर मनमानी कार्य के साथ आए दिन पंचायत भवन में ताला लटकता रहता है।कंप्यूटर ऑपरेटर के खिलाफ कोई सख्त कार्यवाही न करने से ग्राम प्रधानो के साथ ग्रामीणों में काफी आक्रोश प्राप्त है। बता दें कि विकासखंड मंडा के 69 ग्राम पंचायत में साड़ी ग्राम पंचायत में समस्याओं के साथ शिकायतों का अंबार बढ़ता जा रहा है वही जिम्मेदार अधिकारी मौन धारण किए हुए हाथ पैर हाथ रख कर बैठे हुए हैं। शालिग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान संजय यादव ने ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता पूर्वक लेते सहायक कंप्यूटर ऑपरेटर आजाद पाण्डेय पर गंभीर आरोप लगाते हुए बताया कि योगी सरकार द्वारा हर घर शौचालय एवं प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री आवास के लिए पंचायत भवन पर खुली बैठक कर लाभार्थियों का आवेदन कराए जाने का निर्देशानुसार जारी होने के बावजूद भी वह अपने हरक्कत से बाज नहीं आ रहा है। जिससे साड़ी ग्राम पंचायत भवन पर शौचालय के लिए लगभग दो सौ आवेदन पत्र के साथ आधार कार्ड, बैंक पास बुक, मोबाइल नंबर जमा हैं। लेकिन सहायक कंप्यूटर ऑपरेटर द्वारा पंचायत भवन में आए दिन ताला लटकता रहता है। जिसकी शिकायत सचिव व बीडीओ मांडा को अवगत कराया गया है। और काम न करने पर वेतन न देने से अधिकारियों के साठ गांठ अपने वेतन के लिए दबाव बनाकर भुगतान करवा लेता है और ग्राम पंचायत में कराए गए कार्यों का भुगतान समय से नहीं किया जाता है। जब जिले से कोई अधिकारी जांच करने गांव में जाते हैं तो वह अधिकारी मौके पर पहुंच जाता है फिर उन्हें वापस जाने के बाद पंचायत भवन में ताला लटका कर अनुपस्थित रहते हैं। सचिव चंद्रशेखर सिंह ने बताया कि जब रोस्टर के दिन ग्राम पंचायत भवन पर जाते हैं तो अधिकांश दिवसों पर उपस्थित पाए जाते हैं वहीं ग्रामीणों की शिकायत पर औचक निरीक्षण करने के लिए ग्राम पंचायत भवन पर पहुंचते हैं तो सहायक कंप्यूटर ऑपरेटर अनुपस्थित पाए जाने की बात कहा।

# वर्तमान प्रदर्शनी बदलते भारत की एक तस्वीरः कारागार मंत्री

## साकेत ग्रुप आफ कालेजेज में नवभारत-2047 पर लगी प्रदर्शनी का किया अवलोकन

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** नवभारत-2047 की परिकल्पना को साकार करने वाली प्रदर्शनी साकेत ग्रुप आफ कॉलेजेज द्वारा आयोजित की गई, जिसका शुभारंभ सुरेश राही राज्य मंत्री कारागार उत्तर प्रदेश शासन द्वारा किया गया। इस अद्भुत प्रदर्शनी की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि वर्तमान प्रदर्शनी बदलते भारत की एक तस्वीर है जो कि हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कठोर अध्यावसाय के कारण संभव हो सका है।

फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ करते कारागार मंत्री सुरेश राही।

इस प्रदर्शनी के शुभारंभ के पहले मंत्री द्वारा आर0एस0 बेदी उपाध्यक्ष बास्केटबॉल एसोसिएशन एवं कॉलेज के संरक्षक प्रो0 राजेश कुमार शर्मा की उपस्थिति में वैष्णवी बास्केटबॉल कोर्ट का लोकार्पण किया गया। जो कि एशिया कप विजेता प्रयागराज मंडल की बेटी वैष्णवी यादव को समर्पित किया गया। इस दौरान मंत्री ने महाविद्यालय की पत्रिका अनुसुईया का विमोचन भी किया। उन्होंने कहा कि प्रतापगढ़ जनपद की प्रबुद्ध बेटियां और यह साकेत परिवार की 30 वर्षों के अनवरत प्रयास से आज यह महाविद्यालय न केवल जनपद का बल्कि प्रदेश के लिए गौरव का बिंदु है। इस दौरान साकेत परिवार द्वारा अंग वस्त्र एवं प्रतीक चिन्ह देखकर मंत्री जी का अभिनंदन किया गया। मंत्री सुरेश राही, सदर विधायक राजेंद्र कुमार मौर्य, नगरपालिका अध्यक्ष हरि प्रताप सिंह, समाज सेवी रोशनलाल उमरवैश्य, सिंधुजा मिश्रा आदि ने प्रदर्शनी का अवलोकन कर सराहना की। कार्यक्रम में आयोजित प्रदर्शनी में डिजिटल पुनर्जागरण, सतत क्षितिज एवं पर्यावरणीय प्रयास, विरासत की पुनर्कल्पना, इंफ्रास्ट्रक्चर एवं परिवहन ट्रेल्स, सशक्त जडे, कल्याण और स्वास्थ्य अग्रणी एवं समग्र कल्याण, अंतरिक्ष और विज्ञान सीमांत आदि लोगों को बहुत प्रभावित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा प्रस्तुत सांई वंदना, सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत द्वारा किया गया। कार्यक्रम में आए हुए आगंतुकों का स्वागत हर्षित श्रीवास्तव, मैनेजिंग ट्रस्टी एवं आगंतुकों के प्रति आभार महाविद्यालय की प्राचार्या डॉक्टर नीलिमा श्रीवास्तव द्वारा व्यक्त किया गया।

# वाल्मीकि का जीवन समरसता प्रधान जीवन थाः प्रभा शंकर

## आरएसएस ने आयोजित किया शरद पूर्णिमा उत्सव

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ नगर प्रतापगढ़ में शरद पूर्णिमा उत्सव कार्यक्रम संपन्न हुआ, जिसमें जिला प्रचारक शिव प्रसाद, जिला कार्यवाह हेमंत, काशी प्रांत के घुमंतू कार्य प्रमुख शशि भाल एवं कार्यक्रम के मुख्य वक्ता जिला सह समरसता प्रमुख प्रभा शंकर पांडे रहे।

शरद पूर्णिमा उत्सव में बोलते मुख्य अतिथि।

इस अवसर पर मुख्य वक्ता प्रभा शंकर पांडे ने अपने उद्बोधन में कहा कि भारत की सनातन परंपरा रही है हम प्राकृतिक एवं आध्यात्मिक तथा सांस्कृतिक दृष्टि से पूरी दुनिया को समृद्ध करना चाहते हैं। इस धरा पर रहने वाले प्रत्येक व्यक्ति के मन में जीव मात्र के प्रति प्रेम और एक दूसरे के प्रति आपसी सद्भाव व भाईचारे की विचारधारा सब के मन में अग्रसर रहे। उन्होंने कहा कि आज ही के दिन महाकवि महर्षि वाल्मीकि का जन्म हुआ था। वाल्मीकि का बचपन का नाम रत्नाकर था इनके पिता का नाम सुमाली था इनका पालन पोषण भील प्रजाति के लोगों ने किया था प्रारंभिक जीवन बड़ा ही संघर्षमय था वाल्मीकि का जीवन त्याग समर्पण और समरसता से भरा पड़ा है इन्हें ब्रह्म ज्ञान होता है और इनका नाम रत्नाकर से बदलकर वाल्मीकि कहा जाने लगा। आगे बोलते हुए उन्होंने कहा कि वाल्मीकि का जीवन समरसता प्रधान जीवन था। समाज के प्रत्येक वर्ग वाल्मीकि को अपना पूर्वज मानते हैं। वाल्मीकि का संपूर्ण जीवन सामाजिक समरसता और एकत्व का प्रतीक है। इस अवसर पर सर्वोत्तम राजा, अंकित, पीयूष, सतीश, अजय, देवापि, प्रभात मिश्रा, सुमित, नगर प्रचारक आलोक, सुधांशु, अमित देव, शिव कुमार, दिनेश, पंकज आदि उपस्थित रहे।

# सुगतानन्द भन्ते की श्रद्धा व संकल्प के साथ मनाई गई सुगतानंद भन्ते की पुण्यतिथि

## शरद पूर्णिमा व अभिधम्म दिवस पर श्रद्धालुओं ने किया दीपदानोत्सव

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** सुगतानन्द बुद्ध विहार सई नदी तट पर आयोजित पूज्य भन्ते सुगतानन्द की पावन पुण्यतिथि व अभिधम्म देशना दिवस श्रद्धा व संकल्प के साथ मनाया गया। इस अवसर पर जनपद सहित सुल्तानपुर, प्रयागराज, रायबरेली, व अमेठी के श्रद्धावान उपासक/उपासिकाएं शामिल होकर उनकी पावन पुण्य स्मृति को याद कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया।

कार्यक्रम का बुद्धारम्भ पावन भिक्षु संघ, भिक्षु आर्यवंश महास्थवीर लुंबिनी, भिक्खुनी सुमेता, भिक्षु शीलरत्न, भगवत रास शाक्य, भिक्षु धम्म मित्र, भिक्षु प्रिय मित्र एवम् भिक्खु जियानंद द्वारा दीप प्रज्वलन कर पूज्य भंते भदंत कल्याणमित्र महास्थविर व भन्ते अश्वजित द्वारा त्रिशरण व पंचशील व आनापानसति (ध्यान साधना) के साथ हुई। पूज्य भदन्त कल्याणमित्र महास्थविर ने भंते सुगतानन्द जी व भन्ते धम्ममित्र द्वय ने स्मृतिशेष सुगतानन्द जी की पावन स्मृतियों को याद करते हुए अनेक स्मरण संस्मरणो को याद किया और उनके बताए हुए मार्ग पर सभी चलने के लिए आवाहन किया। नेपाल की सरजमीं से पधारे पूज्य भंते आर्यवंश महस्थवीर ने देशना देते हुए बताया कि बौद्ध धर्म में न कोई जाति है और न ही कोई विभाजन। यह सिर्फ बुद्ध के विचारों पर बुद्धयान ही है। सुगतानंद बुद्ध विहार के विषय में उन्होंने कहा कि यह सही नदी के किनारे सही भिक्षु द्वारा सही उपासकों/उपासिकाओं के लिए स्थपित बुद्ध विहार है। उन्होंने निरन्तर बुद्ध के वचनों पर चलने के लिए एवम् चारिका के लिए उपस्थित जन समूह का आवाहन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विकास अधिकारी राजीव आर्या ने सुगतानन्द जी के धम्म के क्षेत्र में किये गए पुनीत कार्यो को अनुकरणीय बताते हुए कहा कि उनके विचारों को समाज मे हम सभी को स्थापित करने के लिए कार्य करना चाहिए। विशिष्ट अतिथि आंनद मोहन ओझा ने धम्मबन्धुओं द्वारा किये कार्यो की सराहना करते हुए कहा कि स्वस्थ समाज की स्थापना में भगवान बुद्ध की शिक्षाओं बहुत महत्वपूर्ण हैं। इस अवसर पर उपासक व उपासिकाओ के संघ ने पावन भिख्खू संघ को आचार्य उमेश चन्द्र के नेतृत्व में भोजनदान, ध्यानसाधना के साथ दान पारमिता के कार्यक्रम में सहभागिता प्रदान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राम उमरवैश्य ने किया। जनपद में चलाये जा रहे धम्म की गतिविधियों से विस्तृत आख्या सुरेंद्र कुमार विमल ने प्रस्तुत किया। इस अवसर पर बहन लीलावती,,गया प्रसाद स्वावलम्बी, वेद प्रकाश, सुनीता दिनेश, आनन्द मोहन ओझाजी, आरती विजय शंकर,शोभा कनोजिया, अनीता राजीव,अंजनी अवधेश, दिनेश लालती, रंजू संजय, गीतांजलि सूरज, शशि किरन, आर बी मौर्य, आरुष, शाश्वत, ओम प्रकाश,राम सजीवन, मनीष रंजन,मकदूम, मेवालाल, सुरेन्द्र बौद्ध, अजय बौद्ध, बृजेश कुमार, रमेश बौद्ध दीपशिखा संजय, रूबी अमृतलाल, स्नेहलता प्रेमनाथ, पारुल आदि भारी संख्या में श्रद्धालुओं सामुहिक मैत्री भोज व कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति प्रदान की। अंत मे कार्यक्रम के संयोजन व संचालन कर रहे राकेश कन्नौजिया ने सुगतानन्द बुद्ध विहार के विकास पर बल देते हुए सभी के प्रति आभार प्रकट किया।

सुगानंद बुद्ध बिहार में ध्यान साधना करते उपासकगण।

## जमीन पर जबरन कब्जा करने की शिकायत

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** बैनामा की जमीन पर पड़ोसी द्वारा जबरन कब्जा किए जाने की शिकायत पीड़ित ने पट्टी कोतवाली में किया है। कोतवाली क्षेत्र की बेलसंडी गांव के मेहंदी हसन पुत्र मुंशीरजा ने बताया कि उनके बैनामा की जमीन पर उनके पड़ोसी एक राय होकर जबरन कब्जा कर रहे हैं। पीड़ित ने विरोध किया तो एक दर्जन बाहरी बदमाशों को बुलाकर डराने धमकाने की कोशिश की गई। पीड़ित ने संबंध में उपजिलाधिकारी पट्टी को बंटवारे के लिए आवेदन भी किया है लेकिन पड़ोसी जबरन कब्जा करना चाह रहे हैं। पुलिस प्रार्थना पत्र प्राप्त करने के बाद मामले की जांच में जुटी हुई है।

### बैनामे के बाद भी कब्जा नहीं होने दे रहे आरोपी

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** रामपुर खंगाल गांव में बैनामा कराने के बाद भी क्रेता को जमीन पर कब्जा होने से विक्रेता रोक रहा है। गांव के रहने वाले कैलाश नाथ यादव निवासी रामपुर खागल ने बताया कि उसने एक जमीन का बैनामा गांव के ही एक व्यक्ति से किया था। अब वह उसे जमीन पर कब्जा नहीं होने दे रहा है पीड़ित ने इस संबंध में पट्टी कोतवाली में पुलिस को शिकायती पत्र देकर इंसाफ की गुहार लगाई है।

## पुरानी रंजिश में पड़ोसियों ने पीट कर किया जख्मी

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** पुराने जमीन विवाद को लेकर गांव के आधा दर्जन लोगों ने एक युवक को जमकर मारा पीटा। कोतवाली क्षेत्र के ठनेपुर गोपापुर गांव के रहने वाले राम फिर तिवारी पुत्र पारसनाथ ने बताया कि वह रविवार की सुबह शिव मंदिर पर पूजा करने जा रहा था तभी गांव के आधा दर्जन लोग लाठी झंडा लेकर पहुंचे और उसे मारना पीटना शुरू कर दिए जान बचाकर वह भागा तो आरोपी उसे दौड़ा लिए उसके परिजन बिच बचाव करने आए तो उन्हें भी लाठी डंडों से मारकर जख्मी कर दिया पीड़ित ने इस संबंध में पट्टी कोतवाली में शिकायती पत्र देकर आरोपियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

## सपा ब्लाक अध्यक्ष चुने जाने पर कार्यकताओं में खुशी की लहर

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** आसपुर देवसरा में नवनिर्वाचित संदीप यादव सपा ब्लॉक अध्यक्ष चुने जाने पार्टी के कार्यकताओं ने खुशी व्यक्त की है। आसपुर देवसरा ब्लॉक में शनिवार की दोपहर ढकवा एक कार्यक्रम में सपा कार्यवाहक जिला अध्यक्ष गुलशन कुमार यादव ने विझाला गांव निवासी पूर्व प्रधान संदीप यादव को फूल माला पहनकर आसपुर देवसरा ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त किया। मौके पर पट्टी विधानसभा विधायक राम सिंह पटेल, बहादुर यादव, महादेव, सुरेश यादव, विक्की यादव, विधानसभा अध्यक्ष सुरेश यादव नगर पंचायत ढकवा रविदास सहित सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## एसएसआई विवेक को मिली सांगीपुर थाने की कमान

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** महेशगंज थाने में तैनात एसएसआई विवेक को सांगीपुर थाने की कमान मिली है। एसपी सतपाल अंतिल ने भरोसा जताया है। बता दें कि एसएसआई विवेक मिश्र इसके पहले मोहनगंज चैकी इंचार्ज के रूप में तैनात रह चुके हैं। सांगीपुर की जनता को नए एसओ से अपराधियों पर लगाम लगाने की उम्मीद है।

## दहेज हत्या के अभियोग में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के निर्देशन में जनपद के थाना संग्रामगढ़ के प्रभारी निरीक्षक इन्द्रदेव मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र/तलाश वांछित, वारण्टी अभियुक्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर थाना संग्रामगढ़ के मु0अ0सं0 224/23 धारा 498ए, 304बी, 323, 504, भादवि व 3/4 डीपी एक्ट में वांछित अभियुक्त अंकित कुमार पाण्डेय पुत्र भरतलाल पाण्डेय निवासी ग्राम भद्दिव डीह थाना संग्रामगढ़ जनपद प्रतापगढ़ को थानाक्षेत्र संग्रामगढ़ के खनवारी नहर के पास से गिरफ्तार किया गया।

## दुष्कर्म के अभियोग में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** जिले के थाना अन्तू के उ0नि0 प्रभांशु कुमार यादव मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र/तलाश वांछित, वारण्टीअभियुक्त के दौरान मूखबिर की सूचना पर थाना लीलापुर के मु0अ0सं0 182/2023 धारा 376, 504, 506 भादविव 5/6 पॉक्सो से संबंधित अभियुक्त उमेश वर्मा पुत्र छोटेलाल वर्मा निवासी ग्राम जुगई का पुरवा कटैया थाना लीलापुर जनपद प्रतापगढ को थानाक्षेत्र लीलापुर के जुगई का पुरवा मोड़ के पास से गिरफ्तार किया गया।

## जेसीबी मशीन द्वारा कराया जा रहा अमृत सरोवर का कार्य

### मनरेगा श्रमिकों की रोजी रोटी पर कुठाराघात

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** केन्द्र व प्रदेश की भाजपा सरकार एक तरफ मनरेगा मजदूरों से ग्राम पंचायत का कार्य कराने के लिये मजदूरों की मजदूरी का भुगतान करने मे कोई कसर बाकी नही छोड़ रही है तो वही दूसरी तरफ ब्लाक मुख्यालय के जिम्मेदार अधिकारी सरकार की सारी मेहनत पर पानी फेर रहे हैं। ग्राम पंचायत मे बन रहे अमृत सरोवर तालाब का निर्माण कार्य मनरेगा मजदूरों के बजाय जेसीबी मशीन से खुलेआम कराया जा रहा है जिससे साफ जाहिर होता है कि जनपद के अधिकारी सरकार की मंशा पर पानी फेर रहे है जिसका नजारा जनपद के विकास खंड रामपुर संग्रामगढ़ ब्लाक की ग्राम पंचायत बिरसिंहपुर में देखने को मिला, जंहा पर अमृत सरोवर की खुदाई का कार्य मनरेगा मजदूरों से न कराकर जेसीबी मशीन से कराया जा रहा है। रविवार को तालाब पर मनरेगा मजदूरों से न कराकर जेसीबी मशीन से खुदाई करते हुए देखा गया जिससे मनरेगा श्रमिकों और ग्रामीणों में आक्रोश दिखाई दिया। एक तरफ मनरेगा योजना पर केंद्र सरकार/राज्य सरकार ने शिंकजा कसते हुए मनरेगा बजट में कटौती की है तो दूसरी तरफ ग्राम प्रधान/तथा ब्लाक कर्मियों की मिली भगत से मनरेगा के तहत मशीन का प्रयोग करके मनरेगा श्रमिकों के हक को मारने का कार्य शुरू कर दिया गया आक्रोशित ग्रामीणों ने जेसीबी मशीन से अमृत सरोवर की खुदाई का विरोध करते हुए जेसीबी मशीन का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करते हुए सीडीओ समेत उच्च अधिकारियों से मनरेगा में मशीन का प्रयोग बंद कराने की गुहार लगाई है। जेसीबी मशीन से कार्य कराये जाने से आक्रोश व्याप्त है।

# जाकिर अली अध्यक्ष व प्रेम शंकर बने महामंत्री

## सगरा सुंदरपुर बाजार की व्यापार मण्डल का हुआ चयन

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** जिला अध्यक्ष सरदार मंजीत सिंह छाबड़ा के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल जिसमें जिला वरिष्ठ महामंत्री अशोक कुमार सिंह, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष सरदार मंजीत सिंह गोबिंद व जिला कोषाध्यक्ष संदीप रावत की उपस्थिति में सागरा सुन्दरपुर बाजार का दौरा किया गया।

यहाँ पर सागरा सुन्दरपुर बाजार में कई सारे व्यापारी की उपस्थिति में एक बैठक की गई, इस बैठक में सागरा सुन्दरपुर के व्यापारियों की सर्व सम्मति से यह निर्णय लिया गया कि सगरा सुन्दरपुर के बाजार की इकाई के जाकिर अली को उ प्र उद्योग व्यापार मण्डल का सगरा सुन्दरपुर इकाई का अध्यक्ष मनोनीत किया जाय। इसका प्रस्ताव प्रेम शंकर पाण्डेय और संतोष जैसवाल ने किया और उसके बाद वहां पर उपस्थित सभी व्यापारियों ने इसका समर्थन भी किया। जब यह प्रस्ताव प्रतिनिधि मंडल के समक्ष आया तो प्रतिनिधि मंडल के अध्यक्ष सरदार मंजीत सिंह छाबड़ा ने बाजार के व्यापारिओं का सम्मान करते हुए वहां उपस्थित सभी व्यापारिओं के समर्थन से जाकिर अली को अध्यक्ष, प्रेम शंकर पाण्डेय को महामंत्री, संतोष जैसवाल को उपाध्यक्ष व अजीत सोनी को कोषाध्यक्ष मनोनीत किया गया और सभी नव नियुक्त पदाधिकारी को माला पहनाकर उनका सम्मान करते हुए सभी चारो पदाधिकारियों का मिटाई से मुंह भी मीठा किया गया। इस अवसर पर जिला वरिष्ठ महामंत्री अशोक कुमार सिंह, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष सरदार मंजीत सिंह गोबिंद, जिला कोषाध्यक्ष संदीप रावत के साथ सगरा सुंदरपुर बाजार से फामरूल हसन, राजेंद्र जैसवाल, पवन पाण्डेय, राजेंद्र मिश्र, संतोष मिश्र, चंद्रशेखर तिवारी, सनी गुप्ता, विनोद पटवा, साकिर अली, मनीष कुमार, अनिल सोनी, सूरज मोदनवाल, महमूद खान, मो नईम खान, रामजी, करन, रोहित, उमाशंकर, राधेश्याम, मनीराम, श्याम लाल सहित अन्य व्यापारी उपस्थित रहे।

सगरा सुंदरपुर बाजार की व्यापार मण्डल के नवनिर्वाचित पदाधिकारीगण।

# एमडीपीजी में इग्नू का परिचय समारोह संपन्न

## शिक्षार्थियों की समस्याओं एवं जिज्ञासाओं का काउंसलर्स ने किया समाधान

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** एमडीपीजी कॉलेज परिसर में स्थित इग्नू अध्ययन केंद्र में रविवार को इंदिरा गांधी नेशनल ओपन यूनिवर्सिटी की ओर से नव प्रवेशित विद्यार्थियों के लिए एक परिचय समारोह का आयोजन किया गया जिसमें शिक्षार्थियों की समस्याओं व जिज्ञासाओं का समाधान किया गया।

समारोह की अध्यक्षता राज्य विश्वविद्यालय के डीन एवं प्रभारी प्राचार्य प्रोफेसर अरविंद मिश्र ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन, माल्यार्पण एवं माँ सरस्वती की वंदना के साथ हुआ। समारोह में अध्ययन केंद्र के समन्वयक डॉ अभिषेक सिंह ने नये विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए इग्नू अध्ययन केंद्र पर संचालित विषयों और उनके प्रवेश, परामर्श सत्र, असाइमेंट तथा परीक्षा इत्यादि से सम्बंधित जानकारी दी। प्रो अरविंद मिश्र ने कहा कि इग्नू की सभी अध्ययन सामग्री गुणवत्ता पूर्ण है जो छात्रों को विषय संबंधित कंपीटिशन निकालने में अत्यंत लाभकारी है। उन्होंने इग्नू द्वारा संचालित शिक्षा के विभिन्न चैनल जैसे ज्ञान दर्शन, ज्ञान वाणी और स्वयंप्रभा के महत्व पर प्रकाश डाला। वाणिज्य संकाय के अध्यक्ष एवं पीजीजेएमसी के काउंसलर डॉ सी एन पांडे ने इग्नू के पत्रकारिता कोर्स के बारे में विस्तार से बताया और कहा उत्कृष्ट लेखन एवं पत्रकारिता वर्तमान की मांग है शिक्षार्थियों को अपने वैचारिक एवं लेखन कौशल से इस क्षेत्र में अपना भविष्य बनाने की आवश्यकता है। उन्होंने विद्यार्थियों के लिए इग्नू वेबसाइट के महत्व एवं उपयोगिता के बारे में भी विस्तृत जानकारी दी। काउन्सलर डॉ जितेंद्र कुमार ने उच्च शिक्षा में इग्नू के विभिन्न कोर्सो के बारे में बताया जिन्हें छात्र घर बैठे पूर्ण कर सकते है। उन्होंने लोगो के बीच दूरस्थ शिक्षा में जागरूकता फैलाने के लिए प्रतापगढ़ अध्ययन केंद्र को बधाई दी। इग्नू की काउन्सेलर डॉ सीमा त्रिपाठी ने कहा कि इग्नू के विभिन्न कोर्स ऐसे हैं जो रोजगार का अवसर प्रदान करते हैं। छात्रों को इनका लाभ लेना चाहिए। समारोह में 105 शिक्षार्थियों ने प्रतिभा किया। कार्यक्रम का संचालन इग्नू छात्रा स्मिता गुप्ता ने और धन्यवाद ज्ञापन डॉ अभिषेक सिंह ने किया। अंत में शिक्षार्थियों में पीजीजेएमसी के डॉआशीष कुमार त्रिपाठी, धर्मजीत सिंह, एमएससी एनवायरनमेंट साइंस की साक्षी पांडे, अवनिका शुक्ला, माधवी सिंह व अन्य पाठ्यक्रमों के शिवम सिंह, निखिल सरोज, योगेश कुमार आदि ने अपनी विषयगत एवं अन्य समस्याएं व जिज्ञासाएं रखीं जिनका समाधान काउंसलर्स के द्वारा किया गया। समारोह में इग्नू के काउन्सेलर डॉ कोमल मिश्रा, शिबा बानो, विजय पांडेय, रोहन सिंह, अयूब खान व छात्र छात्राएँ उपस्थित रहे।

एमडीपीजी कालेज में आयोजित परिचय समारोह में मौजूद अतिथिगण।

# उप कृषि निदेशक ने कृषकों को फसल अवशेष प्रबन्धन के सम्बन्ध में किया जागरूक

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** उप कृषि निदेशक विनोद कुमार यादव द्वारा तहसील क्षेत्र लालगंज में भ्रमण किया गया तथा विकास खण्ड लालगंज के ग्राम शीतलमऊ में धान फसल की क्राप कटिंग करायी गयी तथा कृषकों को फसल अवशेष प्रबन्धन के सम्बन्ध में जागरूक भी किया गया। उन्होने बताया कि कृषि अपशिष्टों को जलाने वाले दोषी व्यक्तियों को राष्ट्रीय हरित अधिकरण के आदेश के क्रम में पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति हेतु अर्थदण्ड का प्राविधान किया गया है जिसमें बताया गया कि कृषि भूमि का क्षेत्रफल 02 एकड़ से कम होने की दशा में अर्थदण्ड 2500 रुपए प्रति घटना, कृषि भूमि का क्षेत्रफल 02 एकड़ से अधिक किन्तु 05 एकड़ तक होने की दशा में अर्थदण्ड 5000 रुपए प्रति घटना तथा कृषि भूमि का क्षेत्रफल 05 एकड़ से अधिक होने की दशा में अर्थदण्ड 15000 रुपए प्रति घटना निर्धारित है। उन्होने कृषकों से कहा कि अपने फसल अवशेषों को न जलाये तथा फसल अवशेषों

### लालगंज क्षेत्र में उप कृषि निदेशक ने किया भ्रमण

को फसल विशेष प्रबन्धन के कृषि यन्त्रों एवं पूसा बायो डिकम्पोजर का प्रयोग करके उचित प्रबन्धन करें तथा मृदा के स्वास्थ्य एवं पर्यावरण को होने वाले नुकसान से बचाएं।

जनपद के समस्त विकास खण्डों में क्षेत्रीय कर्मचारियों द्वारा कृषकों को जागरूक करने का कार्य किया जा रहा है। विकास खण्ड आसपुर देवसरा के ग्राम रमईपुर नेवादा के कृषक समीरूल निशा पत्नी मोहम्मद जलील द्वारा अपने खेत में धान फसल कटाई के उपरान्त आग लगाते हुये पाये जाने पर मौके पर भ्रमणशील बीटीएम धर्मेन्द्र कुमार सिंह द्वारा पहुँचकर सम्बन्धित कृषक से आग बुझवाई गयी तथा उन्हें भविष्य में पराली न जलाने हेतु सजग करते हुये फसल अवशेष जलाने से होने वाले दुष्परिणामों से अवगत कराया गया। फसल अवशेष को जलाने से रोकने हेतु जनपद में उपजिलाधिकारी के पर्यवेक्षण में सचल दस्ते गठित किये गये है जिनके द्वारा भी निगरानी की जा रही है। यदि कृषक/व्यक्ति फसल अवशेष/अन्य कृषि अपशिष्टों को जलाते हुये पाया जाता है अथवा सेटलाइट के माध्यम से घटना प्रकाश में आती है तो दोषी व्यक्ति एवं सम्बन्धित कर्मचारी के विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी। बिना एस0एम0एस0 के कम्बाइन हार्वेस्टर प्रयोग करना वर्जित है, पकड़े जाने पर सीज करने की कार्यवाही की जायेगी।

# विष्णु महायज्ञ में प्रतिभाग कर प्रभारी मंत्री ने लिया भागवत कथा का रसास्वादन

## प्रभारी मंत्री ने कथावाचक आचार्य चांद्राशु महाराज से आशीर्वाद प्राप्त किया तथा भागवत पूजन किया

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** जनपद के प्रभारी मंत्री राज्यमंत्री कारागार,उ0प्र0 सुरेश राही ने मेडई कल्याणी ट्रस्ट द्वारा ग्राम-पट्टी नरवर में ग्राम गौरव उत्सव के अंतर्गत हो रहे विष्णु महायज्ञ में प्रतिभाग तथा भागवत कथा का रसास्वादन लिया प्रभारी मंत्री ने कथावाचक आचार्य चांद्राशु महाराज से आशीर्वाद प्राप्त किया तथा भागवत पूजन किया। प्रभारी मंत्री ने उपस्थित लोगों से कहा कि कथा का श्रवण कर कथा को जीवन में उतारने का प्रयत्न करें, जीवन में उतारने से आपके घर खुशियां आयेंगी, मन प्रसन्न रहेगा तथा जीवन सुखी रहेगा इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी अरूण कुमार गोंड, अपर पुलिस अधीक्षक समर बहादुर, खण्ड विकास अधिकारी मूरतगंज संजय कुमार गुप्ता, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद भरवारी श्रीमती कविता पासी राजेंद्र मौर्य सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

### 1 नवंबर को होगा मण्डलीय प्राइजमनी खो-खो प्रतियोगिता का आयोजन

**कौशाम्बी।** प्रयागराज एवं कौशाम्बी बार्डर पर स्थित पूरामुफ्ती पब्लिक स्कूल एण्ड कालेज (गर्ल्स इण्टर कालेज) मे दिनांक 01 नवम्बर को दो दिवसीय मण्डलीय प्राइजमनी खो-खो प्रतियोगिता का आयोजन कालेज कैम्पस में आयोजित किया जा रहा है। उपरोक्त प्रतियोगिता में 19 वर्ष से कम आयु के बालक बालिका प्रतिभाग करेंगे। उपरोक्त कार्यक्रम में प्रयागराज, फतेहपुर, कौशांबी, प्रतापगढ़ से बालक एवं बालिकाओं की क्रमशः 25 टीमें खों- खों प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगी। मुख्य अतिथि के रूप में डा0 जय प्रकाश शर्मा वरिष्ठ उपाध्यक्ष उ0 प्र0 खों-खों संघ, विषिष्ट अतिथि डा0 प्रभु कर शुक्ला पूर्व सदस्य नार्दन रेलवे सलाहकार बोर्ड भारत सरकार एवं गरिगामयी उपस्थिती में विनोद कुमार पटेल सचिव खो-खो प्रयागराज संघ, डा. श्वेता जायसवाल प्रधानाचार्या उपस्थित रहेंगी। खेल का आयोजन एस एस खेल परिवार उ.प्र. एवं पूरामुफ्ती पब्लिक स्कूल एण्ड कालेज द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया जायेगा। खो - खो प्रतियोगिता में जीते हुए प्रथम, द्वितीय, तृतीय विजेता प्रतिभागियों को संतावना पुरस्कार प्रदान किया जायेगा। खो-खो प्रतियोगिता की विशेष जिम्मेदारी पूरामुफ्ती पब्लिक स्कूल एण्ड कालेज (गर्लस इं.कालेज) के क्रीडा अध्यक्ष जगदीश मौर्या के देख - रेख मे सम्पन्न होगा।

# अग्निकांड में करोड़ों के नुकसान के पीछे आ रही रंजिश की बू

अखंड भारत संदेश

**मनौरी कौशाम्बी।** पिपरी थाना क्षेत्र के मनौरी बाजार में शुक्रवार की रात्रि प्लाईवुड की गोदाम में बिकराल आग लगने के बाद सिलेंडर से भड़की आग के विस्फोट से हुए करोड़ों के नुकसान के पीछे रंजिश की बू आ रही है। यह विकराल अग्निकांड की घटना अचानक नहीं घटी है इस घटना के पीछे बड़ी साजिश से इनकार नहीं किया जा सकता 27 अक्टूबर की रात्रि लगभग 10:30 बजे मनौरी निवासी शंभू लाल के बेटे के प्लाईवुड के गोदाम में अचानक तेज लपटे उठने लगी देखते-देखते गोदाम में रखें गैस सिलेंडर में आग लग गई और गैस सिलेंडर विस्फोट होने लगा जिससे शंभू लाल के बेटे का घर पूरी तरह से ध्वस्त हो गया है आस पड़ोस के घरों में भी विस्फोट का असर पड़ा और अगल-बगल के घरों में भी विस्फोट के चलते

**अग्निकांड की घटना को अंजाम देने वाले संदिग्धों के चेहरे आए सामने**

**बूंदी की भट्टी के बगल की तख्त इस विकराल अग्निकांड के बाद भी नहीं जली**

भवन टूट गए हैं। बताया जाता है कि प्लाईवुड की गोदाम के बाहर बूंदी का कारखाना लगा था लेकिन शाम 7:00 बजे जब बूंदी बनाने वाले कारीगर जाने लगे तो उन्होंने भट्टी को पानी डालकर ठंडी कर दिया उसके 2 घंटे बाद गोदाम मालिक ग्राहक को प्लाई देने गया था तब तक सब कुछ समान्य था लेकिन अचानक 10:30 बजे रात विकराल अग्नि की जानकारी गोदाम मलिक को मिली मौके पर पहुंचे जब तक कुछ समझ पाते तब तक विस्फोट शुरू हो गया और बिल्डिंग धराशाई हो गई प्रथम दृष्टया तो यही लग रहा था कि बूंदी के कारखाने की भट्टी की आग भड़कने के बाद प्लाईवुड की गोदाम में आग पहुंच गई है जिससे आग भड़क गई और इतना बड़ा हादसा हुआ है लेकिन सबसे अहम बात यह है की बूंदी के भट्टी के पास तख्त रखकर कारीगर बूंदी बनाते थे और बूंदी की भट्टी के बगल की तख्त इस विकराल अग्निकांड के बाद भी नहीं जली है यदि बूंदी भट्टी से आग लगी होती तो सबसे पहले लकड़ी की तख्त जल जाती। इस अग्निकांड में करोड़ों का नुकसान बताया जाता है लेकिन उसके बाद जो बातें छन कर सामने आ रही है उससे स्पष्ट है कि शंभू लाल और उनके परिवार से रंजिश रखने वाले लोगों ने योजनाबद्ध तरीके से साजिश रच कर उनके गोदाम में आग लगाई है सूत्रों की माने तो गोदाम में आग लगाने वाले लोग चिन्हित हो चुके हैं और जल्द ही मामले का खुलासा हो सकता है।।

# एक गांव में आधा दर्जन से अधिक चोरियों को पचा गई चरवा थाना पुलिस !

अखंड भारत संदेश

**अपराधो से दहल रहा चरवा थाना क्षेत्र बदले गए कई थानेदार खुलासे में पुलिस फिसड्डी**

**कौशांबी।** चरवा थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक गांव में आधा दर्जन चोरी की घटनाओं को थाना पुलिस पचा गई है अपराधियों को बचाने वाली थाना पुलिस के कारनामों को महीनों बीत जाने के बाद आला अधिकारियों ने संज्ञान नहीं लिया है एक ओर जहां अपराधियों के हौसले बुलंद है वहीं दूसरी ओर पीड़ित परिजनों का चोरी गया सामान नहीं बरामद हो सका है थाना पुलिस के कारनामे पर आला अधिकारी भी मौन है जिससे अपराधी बेखौफ क्षेत्र में घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं ग्रामीणों ने डीजीपी का ध्यान आकृष्ट कराते हुए थाना पुलिस पर कार्रवाई की मांग की है। क्षेत्र में बढ़ते अपराध और अपराधियों की चहल कदमी से इलाके की जनता दहल रही है अपराधी आए दिन घटनाओं को अंजाम देकर मौज कर रहे हैं और पुलिस संगठित अपराध की वसूली में व्यस्त है चरवा पुलिस की हालत यह है कि अपराधों को अभिलेखों में दर्ज नहीं किया जा रहा है जिससे आला अधिकारियों के संज्ञान में अपराध नहीं पहुंच रहा है इलाके में बढ़ते अपराध से आम जनता त्राहि त्राहि कर रही है एक गांव में आधा दर्जन चोरी की घटनाओं का खुलासा पुलिस नहीं कर सकी है तमाम घटनाएं पुलिस अभिलेख में नहीं दर्ज की गई है घटनाओं के खुलासे के लिए पीड़ित बार-बार पुलिस से संपर्क स्थापित कर रहा है लेकिन पुलिस घटनाओं के खुलासे में रत्ती भर आगे नहीं बढ़ सकी है। चरवा थाना के उप निरीक्षक और सिपाहियों का भी कारनामा बेहद निराला है। इलाके में आधा दर्जन से अधिक चोरियां होने के बाद घटनाओं को अभिलेखों में नहीं दर्ज किया है पीड़ित घटनाओं को दर्ज कराने के लिए पुलिस के चक्कर काट रहे हैं।

### घर का नगदी जेवरात लेकर युवक के साथ किशोरी फरार

**कौशाम्बी।** पिपरी थाना क्षेत्र के एक गांव की एक किशोरी अपने घर का नगदी रुपया और जेवरात लेकर युवक के साथ गायब हो गई परिजनों ने किशोरी की खोजबीन किया लेकिन किशोरी का कहीं पता नहीं चल सका खोजबीन के दौरान पता चला कि मोहल्ले की रहने वाली एक महिला घर में ताला बंद कर पूरे परिवार के साथ घर छोड़कर फरार है किशोरी की परिजनों ने इसी परिवार पर आशंका जताई है।

### आठवीं कक्षा का छात्र गायब

**कौशाम्बी।** मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के टेवा गांव निवासी आदित्य कुमार उम्र लगभग 13 वर्ष बीपी पब्लिक स्कूल मंझनपुर में आठवीं कक्षा का छात्र है 21 अक्टूबर को बिना बताए वह कहीं चला गया है परिजनों ने नाते रिस्तेदारो के यहां खोजबीन किया लेकिन कहीं सुराग नहीं लगा बालक के भाई ने टेवा पुलिस चौकी को सूचना दी है सूचना पाकर पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

# कमेटी के निर्णय में हुई देरी तो शिक्षामित्र पुनः घेरेंगे लखनऊ

अखंड भारत संदेश

**कौशांबी।** परिषदीय स्कूलों में कार्यरत शिक्षा मित्रों की समस्याओं को लेकर उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षामित्र संघ कौशांबी की एक समीक्षा बैठक रविवार को डायट मैदान मंझनपुर में संघ के जिलाध्यक्ष रत्नाकर सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष ने सर्वप्रथम 18 अक्टूबर को इको गार्डन लखनऊ में हुए विशाल धरना प्रदर्शन में जिले के शिक्षामित्रों के प्रदर्शन पर उत्साह वर्धन किया। उन्होंने कहा की यह सब आप जैसे जुझारू साथियों की ताकत है कि सरकार ने झुकते हुए समस्याओं के निराकरण के लिए शासन के निर्देश पर प्रमुख सचिव बेसिक ने एक कमेटी बनाते हुए निर्णय लेने के लिए कहा है। जिलाध्यक्ष ने संगठन की रणनीति को विस्तार पूर्वक बताते हुए शिक्षामित्रों से कहा कि यदि सरकार समय रहते अपने वादे पर खरी नहीं उतरी और प्रमुख सचिव बेसिक द्वारा लिखित रूप में दी गई तत्काल प्रभाव ने बनी कमेटी से शिक्षामित्रों की समस्याओं का निस्तारण नहीं हुआ तो शिक्षामित्र पुनः लखनऊ की धरती पर आंदोलन के लिए बाध्य होंगे जिसकी समस्त जिम्मेदारी सरकार की होगी। इस बार शिक्षामित्र आरपार की लड़ाई करने का मूड बना चुका है। बैठक में इरशाद अहमद, शान अहमद, उदय सिंह यादव, विजय बहादुर, सतीश तिवारी, सोनू वर्मा, बिहारीलाल, लाल चंद्र, रामबाबू, अनुराग सोनकर, पूनम खरे, ब्रजरानी, निर्मला, सबा बेगम, सज्जन लाल, नथनलाल, प्रेमचंद्र सहित सैकड़ों शिक्षामित्र उपस्थित रहे।

# जुगराजपुर में प्रभु श्री राम की मंगल आरती कर रामलीला शुरू

अखंड भारत संदेश

**विजिया कौशाम्बी।** मंझनपुर तहसील क्षेत्र के जुगराजपुर रामलीला कमेटी के द्वारा 28 अक्टूबर को आयोजित रामलीला का उद्घाटन प्रभु श्री राम की आरती और वैदिक मंत्र उच्चारण से पूजा पाठ शुरू हो गई है रामलीला के कलाकारों द्वारा प्रभु श्री राम के जीवन पर आधारित रामलीला का चित्रण किया जाएगा रामलीला का शुभारंभ नीतीश मिश्रा जिला उपाध्यक्ष अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद व अजय मिश्रा जिला प्रमुख व राहुल मिश्रा जिला उपाध्यक्ष पूर्व प्रधान के द्वारा फीताकाट कर किया गया तत्पश्चात भगवान रामचन्द्र जी की पूजा पाठ कर मंगल आरती किया गया जिसमें नीतीश मिश्रा के द्वारा 21 हजार रूपए रामलीला कमेटी को रामलीला संचालन हेतु दान दिया गया रामलीला कमेटी के सभी सदस्य नत्थू उपाध्याय, पत्थू तिवारी, सतीश, सहित समस्त ग्रामवासी रहे।

# कलश यात्रा से भक्तिमय हुआ दारानगर का वातावरण

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** दारानगर में धार्मिक परिधानों से सुसज्जित महिलाएं व युवतियां सिर पर कलश रखकर नगर में निकली तो यात्रा पर जगह-जगह पुष्प वर्षा की गई, नगर का वातावरण भक्ति मय हो गया।रविवार को नगर पंचायत दरानगर के ओम महाराज हनुमान मन्दिर पहुंचे हनुमान मंदिर की पूजा कर बडी दरबार पहुंचे, जहां राम भगवान की पूजा अर्चना की, इसके बाद पीले व लाल वस्त्रों से सुसज्जित 108 महिलाओं ने सिर पर कलश रखे,ओम महाराज सिर पर श्रीमद्भागवत रखकर कलश यात्रा के आगे आगे चले। बैंड बाजों की धुन के साथ यात्रा दारानगर, हनुमान मन्दिर होते हुऐ बड़ी दरबार में पूजा अर्चना एवम् जल पान हुआ इसके बाद कलश यात्रा दरानगर के म्योहारा पहुंचकर मंत्रोच्चारण के साथ कलश स्थापना कराई गई। जगह-जगह यात्रा का स्वागत कर छतों से पुष्प वर्षा की गई। कथा व्यास अखिलेश महराज ने हरि संकीर्तन किया। श्रीमद् भागवत कथा के महत्व को बताया,उन्होंने कहा कि बिना हरि की कथा के संतों का समागम नहीं होता है। कथा का श्रवण लोगों को करना चाहिए। इससे प्रभु के नजदीक पहुंचने का अवसर जीव आत्मा को प्राप्त होता है इस दौरान प्रभाकर शुक्ला, नमो नारायण तिवारी, सुधाकर शुक्ला, भास्कर शुक्ला, अतुल तिवारी सहित बड़ी संख्या में महिलाएं व नगर के संभ्रांत लोग मौजुद रहें है।

### पत्रकार ने खाया जहर इलाज के दौरान हुई मौत

अखंड भारत संदेश

**पत्नी के मायके चले जाने के वियोग और ससुराली जनो की प्रताड़ना से तंग था पत्रकार**

**कौशाम्बी।** जिले के सराय अकिल कस्बे के एक हिंदी दैनिक अखबार के पत्रकार कनितकर अग्रहरी ने जहर खा लिया है उनकी इलाज के दौरान मौत हो गई,पत्रकार की मौत से परिजनों एवम पत्रकारो में शोक की लहर दौड़ गई,परिजनो की तहरीर पर पुलिस ने मृतक की पत्नी एवम ससुरालीजनो पर आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज कर लिया है,वही मृतक के शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और जांच में जुट गई है सराय अकिल कस्बे के एक अखबार के पत्रकार कनितकर अग्रहरी की पत्नी लगभग एक साल पूर्व अपने मायके चली गई थी,पत्नी के मायके चले जाने और ससुरालीजनों की प्रताड़ना से तंग आकर तीन दिन पहले उन्होंने जहरीला पदार्थ खा लिया था,जिसके बाद उनकी हालत बिगड़ी तो परिजन उन्हे अस्पताल ले गए जहा से उन्हे प्रयागराज के अस्पताल में भर्ती किया जहा रविवार की सुबह इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।पत्रकार की मौत से जहां एक ओर परिजनो में कोहराम मचा हुआ है वही पत्रकार समाज में शोक की लहर दौड़ गई है परिजनो की तहरीर पर पुलिस ने कनितकर की पत्नी सोनम,ससुर सुरेश, सास सुनीता, साला संजय, राजू मामा और दीना मौसी सास पर धारा 306 के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

# एकल अभियान की अंचल स्तरीय खेलकूद समारोह हुआ सम्पन्न

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** एकल अभियान सम्बद्ध अभ्युदय यूथ क्लब खेल कूद अंचल स्तरीय समारोह का आयोजन स्पोर्ट स्टेडियम टेवा में 28,29 अक्टूबर को आयोजित किया गया यह खेलकूद प्रतियोगिता संच ब्लाक स्तर से संपन्न होकर अंचल जिला स्तर पर सम्पन्न हुआ कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि द्वारा एवं समिति द्वारा भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण कर,ध्वजा रोहण करके ॐ के उच्चारण के साथ शुभारम्भ हुआ इस अवसर पर मुख्य अतिथि ओलंपिक संघ अध्यक्ष कौशाम्बी डॉ. अरुण केशरवानी ने आये हुए सभी प्रतिभागी खिलाड़ियों को अपने उदबोधन में उत्साह वर्धन करते हुए खेल में विजयी होने की हार्दिक शुभकामनाएं दी व सभी विजयी खिलाड़ियों को मेडल व ट्राफी देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सम्भाग खेल प्रमुख देव नारायण ने कार्यक्रम की रूपरेखा रखी उन्होंने कहा कि ग्राम स्तर से खिलाड़ियों का चयन करके राष्ट्रीय स्तर तक सहभागिता हो ज्ञातव्य हो की एकल अभियान समूचे देश के ग्रामीण क्षेत्रों में पंच आयामी शिक्षा का संचालन करता है, ग्रामीण क्षेत्रों की खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने एवं उनमें राष्ट्र भावना जागृत करने हेतु ये प्रतियोगिताएं समूचे देश में आयोजित की जा रही हैं इस प्रतियोगिता में दौड़, ऊँची कूद,लम्बी कूद कबड्डी कुस्ती योग सम्मलित रहे इस अवसर पर कार्यक्रम में संभाग प्रमुख ओमप्रकाश संभाग व्यास कथाकार धर्मेंद्र संभाग आरोग्य योजना प्रमुख ज्ञान सिंह भाग प्रमुख विष्णु पति रज्जन अंचल अभियान प्रमुख कृष्ण मूरत ग्राम स्वराज योजना प्रमुख ओमप्रकाश, अंचल प्रशिक्षण प्रमुख राजेश प्रसाद,सूरज भान ,शिवमोहन, संच सुभाष चंद्र,राकेश,संगीता, विनीता, पूनम सुषमा श्रीवास्तव बीरेन्द्र,रमेश चंद्र, संच व्यास प्रतिभा ,रंजना गिरीश गयाप्रसाद,व महेंद्र राजकुमार समस्त खिलाड़ी व परवेश आचार्य व दर्शक आदि लोग उपस्थित रहे।

# बिना परमिट के जिले में दौड़ रही हैं हार्वेस्टर लगी हजारों ट्रके

अखंड भारत संदेश

**कृषि यंत्र में छूट के नाम पर हार्वेस्टर लगी ट्रके उठा रही नाजायज लाभ**

**थाना पुलिस से लेकर एआरटीओ कार्यालय तक मोटी रकम पहुंचाने के बाद हार्वेस्टर मशीन संचालक कर रहे हैं करोड़ों रुपए के राजस्व का नुकसान**

**कौशाम्बी।** परिवहन विभाग और थाना पुलिस की सांठगांठ से जिले में धान की फसल की कटाई के लिए हजारों हार्वेस्टर मशीन ट्रक में लगा करके वाहन स्वामी धान कटाई में लगे हैं इस समय धान की फसल खेतों में पककर तैयार है और हार्वेस्टर मशीन ट्रक में लगाकर खेत खेत पहुंच रही है जिले के पूरे क्षेत्र में हार्वेस्टर मशीन ट्रक में लगाकर धान कटाई करती देखी जा रही है। गौरतलब है कि हार्वेस्टर मशीन को कृषि यंत्र मानते हुए सरकार ने छूट दी है लेकिन हार्वेस्टर मशीन को ट्रक में लगाकर चलने पर केंद्र और प्रदेश सरकार ने ट्रकों को छूट नहीं दी है ट्रकों पर पूरी तरह से परिवहन विभाग के कानून लागू होते हैं लेकिन कौशांबी में पालन होता नहीं दिख रहा है। बिना नेशनल परमिट के रजिस्ट्रेशन कराए हरियाणा पंजाब के नंबर की हजारों ट्रके हार्वेस्टर मशीन लगाकर किसानों के खेत खेत पहुंच कर धान की कटाई कर रही है बीते 1 महीने से जिले में हार्वेस्टर मशीन लगी ट्रक दिखाई पड़ रही है लेकिन अभी तक उन पर कार्यवाही नहीं की गई है बीते कई वर्षों से ट्रक में हार्वेस्टर मशीन लगाकर धान की कटाई करने के बाद उन पर कार्रवाई न होने से यह बेखौफ हो चुके हैं सूत्रों की माने तो हार्वेस्टर मशीन लगाए गए ट्रकों के पास हरियाणा पंजाब सरकार का परमिट रजिस्ट्रेशन है इन्हें पूरे देश में घूमने का नेशनल परमिट नहीं मिला है इस बात का जीता जागता प्रमाण हार्वेस्टर लगी ट्रक के कलर से देखा जा सकता है नेशनल परमिट की ट्रकों का कलर अलग होता है लेकिन उसके बाद भी उत्तर प्रदेश सरकार और उनके अधीनस्थ परिवहन विभाग और पुलिस इन हार्वेस्टर मशीनों के साथ लगी ट्रकों पर कार्यवाही नहीं कर रही है जिससे जहां सरकार को करोड़ों रुपए के राजस्व का नुकसान हो रहा है वहीं थाना पुलिस से लेकर एआरटीओ कार्यालय मालामाल हो रहा है। योगी सरकार के भ्रष्टाचार मुक्त व्यवस्था पर एआरटीओ कार्यालय और थाना पुलिस ने अवैध कमाई का नया तरीका अख्तियार किया है थाना पुलिस और एआरटीओ कार्यालय के अवैध कमाई के पीछे सरकार को करोड़ों रुपए राजस्व का नुकसान हो रहा है लेकिन इस गंभीर मामले में अभी तक आला अधिकारियों ने मामले को गंभीरता से लेकर हार्वेस्टर मशीन के साथ लगी ट्रकों पर कार्यवाही कर जुमार्ना और शुल्क वसूली की कार्रवाई नहीं की है क्षेत्र के लोगों ने योगी सरकार का ध्यान आकृष्ट करते हुए हार्वेस्टर लगी ट्रकों के पंजीयन की जांच कराए जाने और गलत तरीके से चल रही ट्रकों पर कार्यवाही किए जाने की मांग की है इस संबंध में जब एआरटीओ से बात की गई तो उनका कहना है की हार्वेस्टर मशीन कृषि यंत्र में शामिल है जिससे हार्वेस्टर मशीन पर जांच कार्यवाही नहीं की जा सकती लेकिन जब उनसे हार्वेस्टर मशीन लगी ट्रकों के बाबत सवाल किया गया तो वह इधर-उधर की बातें करने लगे लेकिन स्पष्ट तौर से कार्रवाई करने की बात नहीं कर सके हैं जिससे उनकी निष्ठा और ईमानदारी पर सवाल खड़े हैं।

### युवक के घर पर चढ़कर दबंगो ने किया हमला

**कौशांबी।** चरवा थाना क्षेत्र के अंतर्गत तलरी मजरा सैयद सरवा गांव निवासी राम सिंह पुत्र गरीब दास सोमवर के दिन शाम लगभग 9 बजे अपने परिजनों के घर पर बैठे थे पुरानी रंजिशन के कारण गाव के दबंग रामचंद्र व मैहर धीरेंद्र काजल कल्लू ने लाठी डंडों से लैश होकर भुक्त भोगी के घर पहुंच कर गाली गलौज कर दबंगों ने डंडों से मारपीट किया है शोरगुल सुनकर परिजनों ने बीच-बचाव करने आये तो दबंगों ने परिजनों से भी मार-पीट किया है थाना पहुंचकर आरोपियों के विरुद्ध तहरीर दी पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर छानबीन शुरू कर दिया है।

### मारपीट मुकदमा दर्ज

**कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र के विसारा गांव निवासी हिना त्रिपाठी पत्नी बृजेश त्रिपाठी को शुक्रवार को गांव की अर्चना तिवारी अपने बेटे विशेष तिवारी वा पति कुलदीप तिवारी के साथ मिलकर गाली गलौज करते हुए मारपीट की है मारपीट से महिला घायल हो गई महिला ने कोखराज थाने मे तहरीर दी पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

# कुछ रुपयों के लालच में गरीबों का दुश्मन बना जिला पूर्ति अधिकारी कार्यालय

अखंड भारत संदेश

**विधवा देवकी देवी और उसके पुत्र लगातार जिला पूर्ति अधिकारी कार्यालय से लेकर सांसद विधायक और जिलाधिकारी की चौखट पर राशन कार्ड बनवाने के लिए फरियाद कर रहे हैं**

**कौशाम्बी।** गरीब परिवार को 2 जून रोटी का जुगाड़ करने के लिए केंद्र और प्रदेश सरकार तरह-तरह के कानून बनाकर लोगों को रोटी उपलब्ध करा रही है लेकिन गरीबों के लिए संचालित योजनाओं में भी जिला पूर्ति अधिकारी कार्यालय के पूर्ति निरीक्षक कुछ रुपए की वसूली के लिए गरीबों के जान के दुश्मन बन गए हैं चंद्र रुपयों के लालच में जिला पूर्ति अधिकारी कार्यालय द्वारा कानून नियम की धज्जियां उड़ाते हुए मनमानी तरीके से गरीब निराश्रित लोगो के अंत्योदय अन्न योजना के पात्र राशन कार्ड तानाशाही पूर्वक निरस्त कर दिए जा रहे हैं और कुछ रुपए लेकर दूसरे के नाम राशन कार्ड जारी कर दिए जाते हैं जिससे गरीबों के सामने 2 जून रोटी की दिक्कत आ जाती है। ऐसा ही एक मामला विकासखंड मंझनपुर के नगर पालिका परिषद मंझनपुर के ग्राम पंचायत ओसा के अनुसूचित जाति की महिला देवकी देवी पत्नी नाथन लाल का देखने को मिला है पहले देवकी देवी का अंत्योदय अन्न योजना के अंतर्गत राशन कार्ड संख्या 217420 1471 46 बना हुआ था लेकिन बाद में उसका राशन कार्ड निरस्त कर इसके पति नाथन लाल के नाम राशन कार्ड बना दिया कुछ दिन बाद नाथन लाल की मौत हो गई नाथन लाल की मौत के बाद नथनलाल का राशन कार्ड निरस्त कर दिया गया नाथन लाल की विधवा पत्नी अपने पति के राशन कार्ड को अपने नाम दर्ज कराने के लिए जिला पूर्ति कार्यालय से लेकर जिला अधिकारी की चौखट तक दौड़ लगाती रही लेकिन उसकी कहीं सुनवाई नहीं हुई और दूसरे से कुछ रुपए लेकर के देवकी देवी का राशन कार्ड अन्य लोगो को बना दिया गया अब सवाल उठता है कि अधिक गरीब परिवार की महिला देवकी देवी पात्र ना होती तो अंतोदय अन्न योजना के तहत उसे राशन कार्ड न जारी होता है और जब उसे एक बार राशन कार्ड जारी हुआ तो उस राशन कार्ड को निरस्त करने की क्या आवश्यक थी लेकिन पहले देवकी देवी का राशन कार्ड निरस्त किया और फिर उसके पति के मौत के बाद उसका राशन कार्ड नहीं बनाया गया है विभाग ने अंधेरगर्दी की हद कर दी गरीबों के पेट पर लात मारने के विभागीय कारनामे इन दिनों चर्चा का विषय बने हुए है विधवा देवकी देवी और उसके पुत्र लगातार जिला पूर्ति अधिकारी कार्यालय से लेकर सांसद विधायक और जिलाधिकारी की चौखट पर राशन कार्ड बनवाने के लिए फरियाद कर रहे हैं लेकिन विभाग के भ्रष्टाचार के आगे सांसद विधायक डीएम का आदेश कोई मायने नहीं रखता है अंत्योदय योजना का राशन कार्ड बनाए जाने के बाद शासन ने निरस्त करने का कोई अधिकार जिला पूर्ति अधिकारी को नहीं दिया है लेकिन उसके बाद भी जिला पूर्ति अधिकारी कार्यालय तानाशाही मनमानी पर उतारू है जिला पूर्ति अधिकारी कार्यालय के तानाशाही मनमानी के मामले को यदि जिला अधिकारी ने संज्ञान ले कर के जांच कराई तो जिला पूर्ति अधिकारी पर गाज गिरना तय है।

## संपादक की कलम से

# बेबसी और उम्मीद के बीच झूलते स्कूल

**प्रधान** अध्यापक सुचारू रूप से व्यवस्था बना पाएं और शिक्षक-नेता की जुगल बंदी को लगाम लगे। तभी स्कूलों का समय से लगना और कक्षा में पढ़ाई का माहौल बनना संभव होगा। लोगों का सरकारी स्कूल से विश्वास उठ रहा है। सरकारी स्कूल का लचर प्रशासन और उसके सुचारू रूप से नहीं चल पाने के कारण यह मान्यता बन गई है कि प्राइवेट में पढ़ाई होती है, सरकारी में नहीं।

कुछ दिन पहले एक शिक्षिका ने बताया था कि उनकी शाला में विद्यार्थियों की संख्या गिरकर 18 रह गई है और इस बीच एक और शिक्षक की नियुक्ति कर दी गई है। ऐसा करना खो–खो के खेल जैसा हो गया है, यानी कम संख्या के कारण शिक्षक अतिशेष में आ गए हैं, जिनका कभी भी स्थानांतरण किया जा सकता है। यह स्कूल मुख्य सड़क मार्ग पर है और यहां से शहर आना–जाना आसान है। यहां ट्रांसफर होकर आए नए शिक्षक की 'पहुंच' है, इसलिए ऐसा करवा पाना उनके लिए संभव हो पाया है। बेबसी की हद है कि यह स्कूल जो बंद होने की कगार पर है, वहां ट्रांसफर का कारोबार जीवित है और पनप रहा है। दस वर्ष पहले इसी प्राइमरी स्कूल में विद्यार्थियों की संख्या 60 से 70 के बीच हुआ करती थी और किसी समय 100 के करीब। मध्यप्रदेश में बड़ी संख्या में ऐसे सरकारी स्कूल हैं, जहां पिछले दो दशकों में विद्यार्थियों की संख्या में कमी आई है और वे बंद होने की कगार पर पहुंच गए हैं। पहले इन शालाओं में 60 से 150 विद्यार्थी हुआ करते थे, जबकि अब उनकी संख्या 20 से 30 के करीब रह गई है। सरकारी भाषा में कहें तो इनका अन्य शाला में विलय होना तय है। यहां छात्र और शिक्षक दोनों ही बेबसी के दिन काट रहे हैं।

क्या यह बेबसी की हालत सब जगह है? हमारे आसपास कई सरकारी स्कूल हैं जहां व्यवस्थित पढाई हो रही है। शाला के लिए प्रधान-अध्यापक और उनके साथ एक टीम नजर आती है। शाला में बच्चों की संख्या पर्याप्त है और उनमें एक उम्मीद का माहौल दिखता है। हो सकता है ये 'सीएम राइज स्कूल' हों, 'मॉडल स्कूल' या कोई सामान्य सरकारी स्कूल हों ! खास बात यह है कि वही सरकारी तंत्र है, वे ही लोग हैं, परंतु स्कूल दो तरह के हैं। एक तरफ, जहां शालाओं को अपने हाल पर छोड़ दिया गया है और सभी उनके बंद होने का रास्ता देख रहे हैं और दूसरी तरफ, एक उम्मीद का माहौल है। एक ही तंत्र में दो-मुंही ढांचा चल रहा है। आखिर यह स्थिति कैसे निर्मित हुई? यह समझने के लिए स्कूल प्रशासन की जड़ों को देखना होगा। सबसे पुरानी जड़ है, 'ट्रांसफर नीति' और उससे सम्बंधित व्यवहार और लेन–देन। हम देखते हैं कि कुछ स्कूलों में पर्याप्त शिक्षक हैं और कई स्कूलों में शिक्षकों की कमी है। यह अंतर हमें गांव एवं शहर के बीच और रोड किनारे व अंदर के स्कूल के बीच दिखता है। यह अंतर जिलेवार भी नजर आता है, जैसे आदिवासी-बहुल जिले और अन्य जिले। ट्रांसफर इंडस्ट्री के चलते शालाओं को व्यवस्थित चलाने के लिए टीम नहीं बन पाती। शिक्षक हेडमास्टर को नजरअंदाज करते हैं और का सामान्य प्रशासन लागू नहीं हो पाता। यह जरूरी है कि प्रधान अध्यापक सुचारू रूप से व्यवस्था बना पाएं और शिक्षक-नेता की जुगल बंदी को लगाम लगे। तभी स्कूलों का समय से लगना और कक्षा में पढ़ाई का माहौल बनना संभव होगा। लोगों का सरकारी स्कूल से विश्वास उठ रहा है। सरकारी स्कूल का लचर प्रशासन और उसके सुचारू रूप से नहीं चल पाने के कारण यह मान्यता बन गई है कि प्राइवेट में पढ़ाई होती है, सरकारी में नहीं।

# नये भारत के निर्माता थे सरदार पटेल

**रमेश सर्राफ धमोरा**

**सरदार** वल्लभभाई पटेल को भारत के लौह पुरुष के रूप में जाना जाता है। महात्मा गांधी ने वल्लभभाई पटेल को सरदार की उपाधि दी थी। उन्हें भारत के बिस्मार्क के रूप में भी जाना जाता है क्योंकि उन्होंने भारत को एकजुट करने में एक प्रमुख भूमिका निभाई थी। भारतीय राष्ट्रीय आन्दोलन को वैचारिक एवं क्रियात्मक रूप में एक नई दिशा देने के कारण सरदार पटेल ने राजनीतिक इतिहास में एक गौरवपूर्ण स्थान प्राप्त किया। उनके कठोर व्यक्तित्व में संगठन कुशलता, राजनीति सत्ता तथा राष्ट्रीय एकता के प्रति अटूट निष्ठा थी। भारत के स्वतंत्रता संग्राम मे उनका महत्वपूर्ण योगदान था।

देश के वो पहले गृहमंत्री गृहमंत्री थे जिन्होंने भारतीय नागरिक सेवाओं (आई.सी.एस.) का भारतीयकरण कर इन्हें भारतीय प्रशासनिक सेवाएं (आई.ए.एस.) बनाया। अंग्रेजों की सेवा करने वालों में विश्वास भरकर उन्हें राजभक्ति से देशभक्ति की ओर मोड़ा। यदि सरदार पटेल कुछ वर्ष और जीवित रहते तो संभवतः नौकरशाही का पूर्ण कायाकल्प हो जाता।

स्वतंत्र भारत के पहले तीन वर्ष सरदार पटेल देश के प्रथम उप-प्रधानमंत्री, गृह मंत्री, सूचना प्रसारण मंत्री रहे। पटेल ने भारतीय संघ में उन रियासतों का विलय किया जो स्वयं में सम्प्रभुता प्राप्त थीं। उनका अलग झंडा और अलग शासक था। सरदार पटेल ने आजादी के पूर्व ही देशी राज्यों को भारत में मिलाने के लिये कार्य आरम्भ कर दिया था। सरदार पटेल के प्रयास से 15 अगस्त 1947 तक हैदराबाद, कश्मीर और जूनागढ़ को छोडकर शेष भारतीय रियासतें भारत संघ में सम्मिलित हो चुकी थी।

सरदार वल्लभ भाई पटेल का जन्म 31 अक्टूबर 1875 में गुजरात के नाडियाड में लेवा पट्टीदार जाति के एक जमींदार परिवार में हुआ था। वे अपने पिता झवेरभाई पटेल एवं माता लाड़बाई की चौथी संतान थे। सरदार पटेल ने करमसद में प्राथमिक विद्यालय और पेटलाद स्थित उच्च विद्यालय में शिक्षा प्राप्त की थी। लेकिन उन्होंने अधिकांश ज्ञान स्वाध्याय से ही अर्जित किया। 16 वर्ष की आयु में उनका विवाह हो गया। 22 साल की उम्र में उन्होंने मैट्रिक की परीक्षा पास की और जिला अधिवक्ता की परीक्षा में उत्तीर्ण हुए। जिससे उन्हें वकालत करने की अनुमति मिली। सरदार पटेल के पांच भाई व एक बहन थी। 1908 में पटेल की पत्नी की मृत्यु हो गई। उस समय उनके एक पुत्र और एक पुत्री थी। इसके बाद उन्होंने विधुर जीवन व्यतीत किया। वकालत के पेशे में तरक्की करने के लिए कृतसंकल्प पटेल ने अध्ययन के लिए अगस्त 1910 में लंदन की यात्रा की। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कुछ वर्ष पूर्व गुजरात के नर्मदा जिले में सरदार पटेल के स्मारक का उद्घाटन किया था। इसका नाम एकता की मूर्ति (स्टैच्यू ऑफ यूनिटी) रखा गया है। यह मूर्ति स्टैच्यू ऑफ लिबर्टी से दुगनी ऊंचाई 182 मीटर ऊंची बनाई गयी है। इस प्रतिमा को केवडिया के निकट साधुबेट नामक एक छोटे चट्टानी द्वीप में सरदार सरोवर बांध के सामने नर्मदा नदी के मध्य में स्थापित किया गया है। सरदार वल्लभ भाई पटेल की यह प्रतिमा दुनिया की सबसे ऊंची प्रतिमा है।

सरदार पटेल की इस प्रतिमा को देखकर अंदाजा लगाया जा सकता है कि उनका व्यक्तित्व कितना विशाल था। सरदार यानि नेतृत्व करने का गुण तो उनमें जन्मजात था ही। संघर्षो में तपकर उनका मनोबल लौहे की तरह दृढ़ हो गया था। अपनी इसी इच्छा शक्ति व दृढ़ मनोबल के दम पर उन्होने देश की आजादी के बाद एक भारत बनाने का ऐसा मुश्किल काम कर दिखाया जिसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती थी। भारत के राजनीतिक इतिहास में सरदार पटेल के योगदान को कभी नहीं भुलाया जा सकता। देश की आजादी के संघर्ष में उन्होने जितना योगदान दिया उससे ज्यादा योगदान उन्होने स्वतंत्र भारत को एक करने में दिया। पटेल राष्ट्रीय एकता के बेजोड़ शिल्पी व नये भारत के निमार्ता थे। देश के विकास में सरदार वल्लभभाई पटेल के महत्व को सैदव याद रखा जायेगा। सरदार पटेल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष पद के तीन बार उम्मीदवार बने मगर तीनो ही बार महात्मा गांधी ने हस्तक्षेप कर पण्डित जवाहरलाल नेहरू को कांग्रेस का अध्यक्ष बनवा दिया था। 1930 में नमक सत्याग्रह के दौरान पटेल को तीन महीने की जेल हुई। मार्च 1931 में उन्होंने भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के करांची अधिवेशन की अध्यक्षता की। जनवरी 1932 में उन्हें फिर गिरफ्तार कर लिया गया। जुलाई 1934 में वह रिहा हुए और 1937 के चुनावों में उन्होंने कांग्रेस पार्टी के संगठन को व्यवस्थित किया। अक्टूबर 1940 में कांग्रेस के अन्य नेताओं के साथ पटेल भी गिरफ्तार हुए और अगस्त 1941 में रिहा हुए। 1945-1946 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष पद के लिए सरदार पटेल प्रमुख उम्मीदवार थे। लेकिन महात्मा गांधी ने हस्तक्षेप करके जवाहरलाल नेहरू को अध्यक्ष बनवा दिया। कांग्रेस अध्यक्ष के रूप में नेहरू को ब्रिटिश वाइसरॉय ने अंतरिम सरकार के गठन के लिए आमंत्रित किया। इस प्रकार यदि घटनाक्रम सामान्य रहता तो सरदार पटेल भारत के पहले प्रधानमंत्री होते। सरदार पटेल को भारत का लौह पुरुष कहा जाता है। गृहमंत्री बनने के बाद भारतीय रियासतों के विलय की जिम्मेदारी उनको ही सौंपी गई थी। उन्होंने अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए 562 छोटी-बड़ी रियासतों का भारतीय संघ में विलीनीकरण करके भारतीय एकता का निर्माण किया। विश्व के इतिहास में एक भी व्यक्ति ऐसा नहीं हुआ जिसने इतनी बड़ी संख्या में राज्यों का एकीकरण करने का साहस किया हो। देशी रियासतों का विलय स्वतंत्र भारत की पहली उपलब्धि थी और निर्विवाद रूप से पटेल का इसमें विशेष योगदान था। नीतिगत दृढ़ता के लिए राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने उन्हें सरदार और लौह पुरुष की उपाधि दी थी। वल्लभ भाई पटेल ने आजाद भारत को एक विशाल राष्ट्र बनाने में उल्लेखनीय योगदान दिया।

जूनागढ़ के नवाब के विरुद्ध जब वहां की प्रजा ने विरोध कर दिया तो वह भागकर पाकिस्तान चला गया और इस प्रकार जूनागढ भी भारत में मिला लिया गया। जब हैदराबाद के निजाम ने भारत में विलय का प्रस्ताव अस्वीकार कर दिया तो सरदार पटेल ने वहां सेना भेजकर निजाम का आत्मसमर्पण करा लिया। निःसंदेह सरदार पटेल द्वारा 562 रियासतों का एकीकरण विश्व इतिहास का एक आश्चर्य था। भारत की यह रक्तहीन क्रांति थी। लक्षद्वीप समूह को भारत में मिलाने में भी पटेल की महत्त्वपूर्ण भूमिका थी। इस क्षेत्र के लोग देश की मुख्यधारा से कटे हुए थे और उन्हें भारत की आजादी की जानकारी 15 अगस्त 1947 के कई दिनों बाद मिली। हालांकि यह क्षेत्र पाकिस्तान के नजदीक नहीं था लेकिन पटेल को लगता था कि इस पर पाकिस्तान दावा कर सकता है। इसलिए ऐसी किसी भी स्थिति को टालने के लिए पटेल ने लक्षद्वीप में राष्ट्रीय ध्वज फहराने के लिए भारतीय नौसेना का एक जहाज भेजा। इसके कुछ घंटे बाद ही पाकिस्तानी नौसेना के जहाज लक्षद्वीप के पास मंडराते देखे गए। लेकिन वहां भारत का झंडा लहराते देख उन्हें वापस लौटना पड़ा। जब चीन के प्रधानमंत्री चाऊ एन लाई ने जवाहरलाल नेहरू को पत्र लिखा कि वे तिब्बत को चीन का अंग मान लें तो पटेल ने नेहरू से आग्रह किया कि वे तिब्बत पर चीन का प्रभुत्व कतई न स्वीकारें अन्यथा चीन भारत के लिए खतरनाक सिद्ध होगा। जवाहरलाल नेहरू नहीं माने बस इसी भूल के कारण हमें चीन से पिटना पड़ा और चीन ने हमारी सीमा की भूमि पर कब्जा कर लिया। सरदार पटेल के ऐतिहासिक कार्यों में सोमनाथ मंदिर का पुनर्निमाण, गांधी स्मारक निधि की स्थापना, कमला नेहरू अस्पताल की रूपरेखा आदि कार्य शामिल हैं। सरदार पटेल का निधन 15 दिसम्बर 1950 को मुम्बई में हुआ था।

सरदार पटेल को उनकी मृत्यु के 41 साल बाद 1991 में मरणोपरांत भारत का सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न दिया गया जो उन्हे बहुत पहले मिलना चाहिये था। वर्ष 2014 में केन्द्र की नरेन्द्र मोदी सरकार ने सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयन्ती (31 अक्टूबर) को देश भर में राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाना शुरू कर उनको सम्मनित किया है।

आलेखः-

# सिंधियाओं से रिश्ते खोजते फिरते मोदी

**बादल सरोज**

**मोदी जिन** सिंधियाओं के साथ नातेदारी कायम कर रहे थे, वे और उनकी पार्टी अभी हाल तक उन्हीं को- सिंधियाओं को- निपटाने में लगी थी। ज्योतिरादित्य - खुद बकौल मोदी यदि उनके दामाद हैं तो इस नाते से वसुंधरा राजे सिंधिया उनकी समधिन हुईं। इन समधिन के साथ उनके रिश्ते कैसे हैं यह पिछले महीने में सिर्फ राजस्थान नहीं पूरे देश ने देखा है।

जहां, जिनके बीच भी जाते हैं उनके साथ, उस शहर, इलाके, व्यवसाय और लोगों के साथ अपना रिश्ता बनाने के अपने कारनामे को जारी रखते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस बार ग्वालियर के साथ- असल में सिंधियाओं के साथ- अपनी नातेदारी कायम की। भले ग्वालियर ऐसा माने या न माने, मोदी को लगता है कि सिंधिया ही ग्वालियर है, ग्वालियर ही सिंधिया है। ठीक उसी तरह जैसे भले भारत माने या न माने उन्हें यह भरम है कि मोदी ही भारत है- भारत ही मोदी है। उनके मुताबिक सिंधियाओं के साथ उनके एक नहीं तीन संबंध हैं ; एक तो वे चूंकि काशी से सांसद हैं इसलिए काशी वाला संबंध है। सिंधियाओं के खानदान के लोगों ने काशी- बनारस - में गंगा किनारे घाट बनवाये थे ; इसलिए उनका सिंधियाओं यानि ग्वालियर के साथ नाता हुआ। दूसरा यह कि ज्योतिरादित्य सिंधिया गुजरात के दामाद हैं, और चूंकि मोदी जी स्वयं सम्प्रभु और सार्वभौम गुजरात भी हैं इसलिए वे उनके भी दामाद हुए। तीसरा रिश्ता उन्होंने यह बताया कि-वे जिस प्राथमिक विद्यालय में पढ़े उसे गायकवाड़ो की रियासत में सिंधियाओं ने खोला था!! यह वाला दावा थोड़ा अतिरिक्त खोजबीन की दरकार रखता है। वे सिंधियाओं के स्कूल से पढ़कर निकले 10 नामचीन पूर्व छात्रों के नाम भी रट कर आये थे- इनमें हुड़दबंग वाले सलमान खान भी थे। मगर जिस जोरशोर के साथ वे सिंधियाओं के साथ नाते-रिश्ते बना रहे थे वह खासा दिलचस्प था।

मोदी जिन सिंधियाओं के साथ नातेदारी कायम कर रहे थे, वे और उनकी पार्टी अभी हाल तक उन्हीं को- सिंधियाओं को- निपटाने में लगी थी। ज्योतिरादित्य - खुद बकौल मोदी यदि उनके दामाद हैं तो इस नाते से वसुंधरा राजे सिंधिया उनकी समधिन हुईं। इन समधिन के साथ उनके रिश्ते कैसे हैं यह पिछले महीने में सिर्फ राजस्थान नहीं पूरे देश ने देखा है। मोदी ने अपनी सभाओं में, मंच पर उनके बैठे होने के बावजूद, उनका नाम तक नहीं लिया। कुछ जगह तो उनके भाषण भी नहीं हुए। राजस्थान की भाजपा के पोस्टर्स में वसुंधरा, जो इस प्रदेश की भाजपा की एकमात्र सक्रिय पूर्व मुख्यमंत्री हैं, की तस्वीरें गायब रहीं । वसुंधरा 'राजेइ सिंधिया अटल- आडवाणी काल के बचे-खुचे भाजपाई नेताओं में से एक हैं और अख्खा राजस्थान ही नहीं बाकी देश भी जानता है कि मोदी उन सहित ऐसे नेताओं को पसंद नहीं करते, बल्कि सख्त नापसंद करते हैं। उनकी नाराजगी की एक वजह ये भी है कि यह पूर्व मुख्यमंत्री उनकी जी हुजूरिन नहीं बनी, राजस्थान के तख्तापलट की उनकी साजिश में हिस्सेदार नहीं बनीं।

यही गत हाल तक ज्योतिरादित्य सिंधिया की भी रही। यही थे जिन्होंने कांग्रेस को तोड़कर, उससे दगाबाजी कर, 2018 के जनादेश के साथ गद्दारी कर मध्यप्रदेश की जनता द्वारा हराए गए शिवराज सिंह चौहान को दोबारा मुख्यमंत्री बनाया था। मगर दिलचस्प बात यह थी कि इनके खिलाफ कांग्रेस से ज्यादा भाजपा के क्षत्रपों ने मोर्चा खोला हुआ है। उनके एक चौथाई दलबदलुओं की टिकिट ही कटवा दी है। मगर जनता के भाजपा विरोधी आक्रोश को देखकर भाजपा इन राजा महाराजाओं और महारानियों के सामने एक बार फिर शरणागत हो रही थी। उनके आगे नतमस्तक थी। पहली सूची में वसुंधरा समर्थकों की टिकट काटने के बाद भाजपा का शीर्ष नेतृत्व दूसरी सूची में 'भूल सुधार' कर महारानी वसुंधरा की जय हो का जाप करती हुआ दिखा। ज्योतिरादित्य को साधने के लिए खुद मोदी ग्वालियर में उनके खानदान का गुणगान करने पहुंच गए। सामंतों के आगे सिर झुकाने की यह अदा सिर्फ राजनीति की उस कला का प्रदर्शन नहीं था जिसका मर्म बताते हुए लेनिन ने कहा था कि 'जब वे एक दूजे के सम्मान में कसीदे काढ़ रहे होते हैं तब, ठीक उसी समय, मन ही मन वे उनका मर्सिया पढ़ रहे होते हैं'। यह सिर्फ चतुराई नहीं है यह नवम्बर में होने वाले विधानसभा चुनावों के पहले जनता में दिखाई दे रहे मुखर आक्रोश से पार पाने की हताश कोशिश है।

बहरहाल मोदी ग्वालियर में सिंधियाओं के साथ रिश्ते बनाते समय दो महत्वपूर्ण नाते गिनाना जानबूझकर भूल गए। सिंधियाओं के साथ उनके कुनबे का एक रिश्ता बरास्ते गांधी भी है। गांधी की हत्या करने वाले नाथूराम गोडसे, जिन्हें इन दिनों उनका कुनबा अपना आराध्य बताने से तनिक भी नहीं हिचक रहा, को पिस्तौल इन्हीं सिंधियाओं के सौजन्य से मिली थी। इस बात के अनगिनत प्रमाण हैं कि उसे चलाने का रियाज गोडसे ने सिंधिया महल में ही किया था।

# महर्षि दयानन्द सरस्वती का जीवन ज्ञान का प्रकाश पुंज

**बाल मुकुन्द ओझा**

आर्य समाज के संस्थापक महर्षि दयानंद सरस्वती का निर्वाण दिवस 30 अक्टूबर को है। महर्षि दयानंद सरस्वती ने ईश्वर तेरी इच्छा पूर्ण हो कह कर अपनी नश्वर देह 30 अक्टूबर 1883 को अमावस के दिन भिनाय कोठीए आगरा में त्याग दी थी। स्वामी दयानंद सरस्वती आर्य समाज के संस्थापकए महान चिंतकए समाज.सुधारक और देशभक्त थे। स्वामी जी का जन्म 12 फरवरी 1824 को हुआ। उन्नीसवीं शताब्दी के महान समाज.सुधारकों में स्वामी दयानंद सरस्वती का नाम अत्यंत श्रध्दा के साथ लिया जाता है। जिस समय भारत में चारों ओर पाखंड और मूर्ति .पूजा का बोल.बाला था। स्वामी जी ने इसके खिलाफ आवाज उठाई। उन्होंने भारत में फैली कुरीतियों को दूर करने के लिए 1876 में हरिव्दार के कुंभ मेले के अवसर पर पाखण्डखंडिनी पताका फहराकर पोंगा.पंथियों को चुनौती दी। उन्होंने फिर से वेद की महिमा की स्थापना की। उन्होंने एक ऐसे समाज की स्थापना की जिसके विचार सुधारवादी और प्रगतिशील थे।

हिंदू पंचांग के अनुसारए स्वामी दयानंद सरवती का जन्म फाल्गुन मास के कृष्ण पक्ष की दशमी तिथि को होता है। स्वामी जी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में दयानंद सरस्वती जयंती मनाई जाती है। उन्होंने अपने समय में समाज में फैली बाल विवाहए सती प्रथा जैसी सामाजिक बुराइयों के प्रति न केवल समाज को जागरूक किया बल्कि इन्हें दूर करने में भी काफी योगदान दिया। अपने परिवार से प्रारंभिक शिक्षा लेने के बादए वह एक महान वैदिक विद्वान के रूप में उभरे। उन्होंने सांसारिक जीवन को त्याग दिया और ज्ञान और सत्य की खोज में भारत के एक हिस्से से दूसरे हिस्से में चले गए। स्वामी दयानंद अपना सर्वस्व जीवन राष्ट्रहित के उत्थानए समाज में प्रचलित अंधविश्वासों और कुरीतियों को दूर करने के लिए समर्पित कर दिया। उन्होंने अपनी ओजस्वी विचारों से समाज में नव चेतना का संचार जागृत किया। उन्होंने वेदों को सर्वोच्च माना और वेदों का प्रमाण देते हुए समाज में फैली कुरीतियों का विरोध किया। उन्होंने सन- 1874 में अपने कालजयी ग्रन्थ ष्सत्यार्थ.प्रकाशष की रचना की। वर्ष 1908 में इस ग्रन्थ का अंग्रेजी अनुवाद भी प्रकाशित किया गया। इसके अलावा उन्होंने कुल मिलाकर उन्होंने 60 पुस्तकेंए 14 संग्रहए 6 वेदांगए अष्टाध्यायी टीकाए अनेक लेख लिखे जिनमें ष्ऋग्वेदादि भाष्य भूमिकाष्ए ष्संस्कार.विधिष्ए आर्याभिविनय आदि अनेक विशिष्ट ग्रन्थों की रचना की।

अपने 59 वर्ष के जीवन में महर्षि दयानन्द सरस्वती जी ने राष्ट्र में व्याप्त बुराइयों के खिलाफ लोगो को जगाया और अपने ज्ञान प्रकाश को देश में फैलाया।

# क्या लोकतंत्र के हित में है नौकरशाहों का चुनाव लड़ना?

**ललित गर्ग**

**पांच राज्यों के** विधानसभा एवं अगले वर्ष होने वाले लोकसभा चुनाव से पहले अनेक प्रशासनिक अधिकारी राजनीति में आने के लिये अपने पदों से इस्तिफा दे रहे हैं। इन प्रशासनिक अधिकारियों को नौकरशाही की तुलना में राजनीति इतनी लुभावनी क्यों लग रही है, क्यों राजनीति के प्रति इन नौकरशाहों में आकर्षण बढ़ रहा है? इन्हीं प्रश्नों के बीच अहम प्रश्न है कि आईएएस अधिकारी वी. के. पांडियन द्वारा स्वैच्छिक रिटायरमेंट एवं मध्य प्रदेश में डिप्टी कलक्टर निशा बांगरे का इस्तीफा मंजूर होने की खबरे एवं उनके राजनीतिक दलों से जुड़कर चुनाव लड़ना लोकतंत्र को किस मोड़ पर ले जायेंगे। इनके अतिरिक्त भी कलेक्टर, डिप्टी कलेक्टर, आईएफएस, डॉक्टर, प्रोफेसर आईपीएस अफसर आदि अनेक नौकरशाह राजनीति में अपना भविष्य आजमाने को तत्पर है। लोकशाही और नौकरशाही निश्चय ही लोकतंत्र के दो प्रमुख स्तम्भ हैं। दोनों के कंधों पर लोकतंत्र की सफलता एवं राष्ट्र-निर्माण की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। देशहित का जज्बा ही दिखाना है तो क्या नौकरशाह में यह संभव नहीं है? ऐसा प्रतीत होता है कि विधायिका एवं कार्यपालिका दोनों का जीवन अनेकों विरोधाभासों एवं विसंगतियों से भरा रहता है। इन दोनों की सारी नीतियों में, सारे निर्णयों में, व्यवहारों में, कथनों में गहरा विरोधाभास स्पष्ट परिलक्षित है। यही कारण है कि सत्य एवं संभावनाएं खोजने से भी नहीं मिलती, इनका व्यवहार दोगला हो गया है। दोहरे मापदण्ड अपनाने से उनकी हर नीति, हर निर्णय समाधानों से ज्यादा समस्याएं पैदा कर रहे हैं। पांडियन और निशा के इन फैसलों से कई सवाल खड़े हुए हैं, जिन पर गंभीरता से विचार करने की जरूरत है। नौकरशाहों की राजनीति की ओर बढ़ने की होड़ सेवा प्रेरित तो कतई नहीं है। यह अधिक से और अधिक पाने की भूख है जो नौकरशाही की तरह राजनीति को भी अधिक भ्रष्ट ही करेगी। यह सर्वविदित है कि देश की प्रशासनिक संस्थाएं किस कदर साख एवं समझ के संकट से जूझ रही हैं? उन पर राजनीतिक आकाओं के इशारे पर काम करने का आरोप निराधार नहीं है। यह न तो देश के हित में है और न लोकतंत्र के। ऐसे में, पांडियन और निशा जैसे उदाहरणों से नौकरशाही की विश्वसनीयता को और खरोंचें आएंगी, राजनीति भी साफ-सुथरी रहने की संभावनाएं धूमिल होगी। इसलिए, देश को सचमुच प्रशासनिक सुधार के साथ उसे मजबूत करने के लिये प्रशासनिक अधिकारी अपने पदों पर रहते हुए देश-निर्माण की जिम्मेदारी निभाये, यह ज्यादा जरूरी है। हमारा संविधान तय मानदंडों के तहत अपने हरेक नागरिक को अवसर की स्वतंत्रता देता है, और इस लिहाज से अफसरों के राजनीति में आने में कुछ गलत नहीं है, मगर इन दिनों जिस तरह नौकरशाहों में राजनेताओं के कृपापात्र बनने और पुरस्कृत होने की प्रवृत्ति गहराती जा रही है, उसमें पांडियन एवं निशा जैसे तरक्की पसन्द, महत्वाकांक्षी एवं लालची अफसरों का राजनीतिक में घूसपैठ का मुद्दा अन्य नौकरशाहों को भी सत्ताधीशों से सांठ-गांठ के लिए प्रेरित करेगा। इससे प्रशासनिक क्षेत्र में अजीब ऊहापोह एवं अस्थिरता बनेगी। जरूरत इस बात की है कि विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका से संविधान ने जो उम्मीदें पाली हैं, उन पर वे खरी उतर सकें और हम आदर्श लोकतंत्र के रूप में दुनिया के लिए एक उदाहरण बन सके।

मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव की सरगर्मियां उग्रता पर है। इस बार वहां चुनावी धमासान में अपना भविष्य आजमाने वाले अफसरों की सूची पर नजर डालें तो निशा बांद्रे डिप्टी कलेक्टर सबसे ऊपर हैं, रिटायर्ड आईपीएस अफसर एमपी वरकडे के कांग्रेस से चुनाव लड़ने की संभावना है।

वरद मूर्ति मिश्रा आईएएस की नौकरी छोड़ राजनीतिक पार्टी बना चुके हैं, सभी 230 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ने का भी ऐलान कर चुके हैं। वी. के. बाथम रिटायर्ड आईएएस अधिकारी हैं, कांग्रेस में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं, इनके भी चुनाव लड़ने की अटकलें हैं। बी.चंद्रशेखर, किरण अहिरवार, अजिता वाजपेयी पांडे, हीरालाल त्रिवेदी, पन्नालाल सोलंकी, पवन जैन, गाजी राम मीणा, आजाद सिंह डबास आदि अनेक अफसरों के नाम हैं जिनके अब सक्रिय रूप से राजनीति में आने एवं चुनाव लड़ने की संभावना है। अफसरों का राजनीति से बढ़ रहा मोह कोई नया नहीं है। राज्यों से लेकर केन्द्र की राजनीति में इन प्रशासनिक अधिकारियों का वर्चस्व रहा है और दिनोंदिन बढ़ता ही जा रहा है। इन प्रशासनिक अधिकारियों के दोनों हाथों में रैवडियां हैं- पहले नौकरशाह के रूप में और अब राजनेता के रूप में।

आजादी के अमृतकाल में पहुंचने तक विभिन्न राजनीतिक दलों में ऐसे नौकरशाह रहे हैं जिन्होंने उच्च सरकारी पदों को छोड़ उच्च राजनीतिक पदों पर रहे हैं।

## तीन वांछित गिरफ्तार

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर वाँछित/वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए रहे अभियान के क्रम में चित्रकूट पुलिस ने 03 वांछित अभियुक्त/अभियुक्ता को गिरफ्तार किया। रविवार को प्रभारी निरीक्षक पहाड़ी श्यामप्रताप पटेल की अगुवाई में दरोगा विपिन कुमार मिश्रा की टीम ने दहेज हत्या के वांछित संतोष यादव पुत्र छोटेलाल, राजाबेटी पत्नी छोटेलाल निवासी हर्रा को गिरफ्तार किया। प्रभारी निरीक्षक राजापुर भाष्कर मिश्र की अगुवाई में दरोगा कन्हैया बक्स सिंह ने टीम के साथ कॉपी राइट अधिनियम के वांछित अशोक कुमार जायसवाल पुत्र छेदीलाल जायसवाल निवासी पश्चिम नाका को गिरफ्तार किया।

## पांच वारण्टी महिला समेत गिरफ्तार

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर वांछित/वारण्टी की गिरफ्तारी को जारी अभियान में पुलिस ने पांच वांछितों को महिला समेत गिरफ्तार किया।

रविवार को कर्वी कोतवाल अजीत कुमार पाण्डेय की अगुवाई में दरोगा मुन्नीलाल की टीम ने वारंटी सोनू बौरिया पुत्र इन्द्रपा, पत्नी सोनू बौरिया, रीता पुत्री इन्द्रपाल निवासी पासी तिराहा भरतपुरी को गिरफ्तार किया। थानाध्यक्ष मारकुण्डी मनीष कुमार की अगुवाई में दरोगा प्रभाशंकर की टीम ने आबकारी अधिनियम के वारंटी पवन सेन पुत्र संतोष सेन निवासी टिकरिया को गिरफ्तार किया। रामसरन पुत्र निहुरा कोल निवासी जारोमाफी को भी गिरफ्तार किया।

## छात्रवृत्ति परीक्षा में छात्रों को चयनित कराने वाले शिक्षकों को किया गया सम्मानित

**चित्रकूट।** राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा 2022-23 में जनपद चित्रकूट में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यालय के शिक्षकों को रविवार को रानी लक्ष्मीबाई पब्लिक स्कूल लखनऊ के सभागार में उप शिक्षा निदेशक एव प्राचार्य जिला शिक्षा प्रशिक्षण संस्थान लखनऊ अजय कुमार सिंह के द्वारा सम्मानित किया गया। जिसमें उच्च प्राथमिक विद्यालय इटखरी के सहायक अध्यापक मिथिलेश कुमार यादव को इस परीक्षा में छह छात्रों को चयनित कराने के कारण तथा उच्च प्राथमिक विद्यालय कटैयाखादर के शिक्षक साकेत बिहारी शुक्ल को जनपद में नोडल शिक्षक के रूप के कार्य करते हुए तथा अपने विद्यालय से तीन छात्रों को चयनित कराने में सहयोग करने के कारण सम्मानित किया गया।

## सर्पदंश से किशोर की मौत

**चित्रकूट।** राजापुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत भभेंट में एक किशोर की बीती रात सर्प दंश से हालत बिगड़ गई और आनन-फानन में परिजनों ने उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र राजापुर में भर्ती कराया। हालत गम्भीर होने पर चिकित्सकों ने उसे जिला चिकित्सालय रेफर कराया, यहां से भी रेफर होने के बाद किशोर को प्रयागराज ले जाते समय रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। नाबालिग की मौत से पूरे परिवार में कोहराम मच गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत भभेंट निवासी अमन द्विवेदी (14) पुत्र पवन द्विवेदी शनिवार की रात करीब 10:00 बजे घर के सामने लघुशंका करने गया था। इस दौरान ईंटों के ढेर में छिपे जहरीले साँप ने उसे काट लिया। काफी देर तक उसके न लौटने के कारण परिजनों ने बाहर देखा तब अमन ने बताया कि उसको साँप ने काट लिया है और आनन-फानन में परिजनों ने उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजापुर में भर्ती कराया, हालत बिगड़ती देख चिकित्सक ने जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। अमन के पिता ने बताया कि जिला अस्पताल में भी समुचित इलाज न होने के कारण प्रयागराज के लिए रेफर कर दिया और प्रयागराज जाते समय रास्ते में ही उनके पुत्र की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि मृतक अमन महादेव इण्टर कॉलेज नांदिन कुर्मियान में कक्षा छह का छात्र था। मृतक तीन भाईयों में सबसे बड़ा था तथा एक बड़ी बहन प्रार्थना देवी है। घटना के बाद से मृतक की माँ विनीता देवी व अन्य परिजनों का रों-रोंकर बुरा हाल है। प्रभारी निरीक्षक भास्कर मिश्रा ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल कर्वी भेज दिया है।

## कामन सर्विस सेन्टर संचालको को बनाया जायेगा कर्मयोगी- तहसील प्रांगण में का दिया गया प्रशिक्षण

**चित्रकूट।** कामन सर्विसेज सेंटर ई-गवर्नेंस सर्विसेज इंडिया लिमिटेड सम्पूर्ण भारत वर्ष में अपने डिजिटल सेवा केन्द्र संचालकों के माध्यम से आम जन मानस को गवर्मेंट-टू-सिटिजन (जी.टू.सी.) एवं बिजनेस-टू-कंज्यूमर (बी.टू.सी.) सेवायें जैसे टेली-लॉ, प्रधानमंत्री ग्रामीण डिजिटल साक्षरता अभियान, आयुष्मान भारत, वोटर आई.डी. कार्ड, पैनकार्ड, प्रधानमंत्री श्रमयोगी मानधन योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, बिजली बिल, बैंक अकाउंट आदि प्रदान की जा रही है, जिससे आम जनमानस को घर बैठे व ग्रामीण परिवेश में ही सारी सुविधाएं मिल रही है तथा ग्रामीण स्तर पर ही लोगों को शासन की समस्त सेवायें प्रदान करने हेतु सी.एस.सी. प्रयत्नशील है।

इसी क्रम में जनपद चित्रकूट तहसील कर्वी सभागार में 40 डिजिटल सेवा केन्द्र संचालकों/जनसेवा केन्द्र संचालकों को मिशन कर्मयोगी योजना अन्तर्गत एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें इंटरैक्टिव सत्रों, केस स्टडीज और सामूहिक गतिविधियों के माध्यम से प्रतिभागियों को अपनी समझ बढाने तथा नये दृष्टिकोण हासिल करने का अवसर मिला, जिन्हें उनकी सम्बन्धित कार्यों की विभिन्न भूमिकाओं में लागू किया जा सकता है। मिशन कर्मयोगी योजना अन्तर्गत अभी तक रेलवे विभाग, डाक विभाग आदि के कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया गया है इस चरण में डिजिटल सेवाकेन्द्र संचालकों/जनसेवा केन्द्र संचालकों को प्रशिक्षित किया जाना है। इस एक दिवसीय प्रशिक्षण का संचालन मास्टर ट्रेनर सी.एस.सी. जिला समन्वयक बदरूद्दीन खान व जिला प्रबंधक अतुल कुमार द्वारा तहसील सभागार कर्वी प्रांगण में किया गया। प्रशिक्षण में डिजिटल सेवाकेन्द्र संचालकों को अपने कार्य के प्रति प्रतिबद्धता व बेनेफिसरी संतुष्टि के बारे में प्रोजेक्टर के माध्यम से प्रशिक्षित किया गया। इस कार्यशाला में केन्द्र संचालको की समझ बढाने के लिए इंटरैक्टिव प्रश्न भी पूछे गए तथा प्रैक्टिकल आदि करके समझाया भी गया। जिला समन्वयक बदरूद्दीन खान ने बताया कि इस कार्यशाला का आयोजन सूचना एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय भारत सरकार व कैपेसिटी बिल्डिंग कमीशन के समन्वयन से किया गया। जिसमें लगभग 40 केन्द्र संचालको ने प्रतिभाग किया। बताया कि उनके एसेसमेंट आदि पूर्ण होने के बाद केन्द्र संचालकों को मिशन कर्मयोगी का प्रमाणपत्र भी प्रदान किया जायेगा। जिससे उनको नये प्रोजेक्टों में कार्य करने में वरियता मिलेगी।

# दिपावली व अमावस्या मेले के दौरान नहीं होनी चाहिए अव्यवस्था

## डीएम व एसपी ने बैठक में अधिकारियों को दिए निर्देश

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द व पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला की उपस्थिति में कानून व्यवस्था व अभियोजन एवं दीपावली, अमावस्या मेला की तैयारी तथा नारकोटिक्स के संबंध में बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई।

बैठक में डीएम ने सभी थाना प्रभारी को निर्देशित किया कि दीपावली पर जान-माल की सुरक्षा को देखते हुए अस्थाई शेड में आतिशबाजी दुकान के लिए अनुज्ञप्तियों को निर्देश जारी करने के समय विस्फोटक नियम 2008 के नियम 84 को ध्यान में रखा जाए। कहा कि आतिशबाजी को ज्वलनशील सामग्री से बने सेड में न रखें, आतिशबाजी की अस्थाई दुकानों को एक दूसरे से तीन मीटर की दूरी पर एवं किसी संरक्षित स्थलों से 50 मीटर की दूरी पर होगी। सुरक्षा दूरी के अंदर एवं इन दुकानों में प्रकाश के लिए किसी प्रकार का तेल लैंप, गैस लैंप एवं खुली बिजली बत्तियों का प्रयोग नहीं होगा। यदि किसी के द्वारा बिजली की लाइन का प्रयोग किया जाता है तो उसे या तो दीवार पर या छत पर दृढ़ता से लगाना होगा एवं किसी प्रकार के तार लटके नहीं होंगे। साथ ही स्विच दीवार पर लगाने होंगे एवं पंक्ति की सभी दुकानों के लिए मास्टर स्विच लगाना होगा। सभी दुकानों के 50 मीटर के अंदर आतिशबाजी का प्रदर्शन प्रतिबंधित होगा। कानून व्यवस्था एवं अभियोजन में एससी/एसटी के मुकदमों में उन्होंने कहा कि जो फाइल कर रहे हैं, वह रिजेक्ट हो जा रही है। इसमें ग्राउंड एवं ड्राफ्टिंग पर भी विशेष ध्यान दें। महिलाओं एवं नाबालिक के विरुद्ध अपराध के संबंध में पुलिस अधीक्षक ने कहा कि इसमें प्रयास कर थाना में हाजिर कराएं एवं सजा कराएं। पास्को एक्ट के तहत उन्होंने शासकीय अधिवक्ताओं से कहा कि इसमें एक अपराधियों की एक लिस्ट बनाकर प्रस्तुत करें। जिलाधिकारी ने सत्र न्यायालय, आयुध अधिनियम, वादों के निस्तारण के संबंध में कहा कि इसमें पेडेनेंसी ज्यादा है, इसमें प्रगति कराएं। 10 अपराधियों की दिन प्रतिदिन की जाने वाली समीक्षा में उन्होंने सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया कि इसमें हाजिर करते रहें एवं मॉनिटरिंग सेल की बैठक में भी रखें। उन्होंने शासकीय अधिवक्ता पियूष को निर्देशित किया कि परफॉर्मेंस ठीक नहीं है, इसमें प्रगति कराएं नहीं तो कार्यवाही की जाएगी। बैठक में तीन शासकीय अधिवक्ताओं को कार्यों में रुचि लेकर अच्छा प्रदर्शन करने वालों को जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

जिलाधिकारी ने सभी उप जिलाधिकारियों को निर्देशित किया की भूमि विवाद के लिए गंभीरता से लेते हुए इसका निस्तारण कराए। कहा कि सबसे ज्यादा भूमि विवाद कर्वी में है इसमें कार्य करने की जरूरत है। आप लोगों को सभी पहलुओं पर कार्य करने की जरूरत है। निर्देशित किया की लिस्ट बनाकर इसमें कार्य करें। कहा कि प्रदेश में दो-तीन घटनाएं हो चुकी है जिस पर मुख्यमंत्री ने विशेष संज्ञान लेकर निर्देशित किया

है। जिलाधिकारी ने थाना प्रभारियों से कहा कि अवैध टैक्सी स्टैंड, लाउडस्पीकर व डीजे पर प्रतिबंध के लिए कार्यवाही करें। जिलाधिकारी ने जिला आबकारी अधिकारी को निर्देशित किया कि त्योहारों के दौरान अवैध शराब बिक्री एवं जहरीली शराब से संबंधित कोई घटना नहीं होनी चाहिए। कहा कि नदियों किनारे छापामारी करें एवं किसी प्रकार की अप्रिय घटना न होने पाए। मध्य प्रेदष में होने वाले चुनाव के दृष्टिगत डीएम ने कहा कि बॉर्डर के थाने व गांवों पर आर्म्स एक्ट के तहत शस्त्र जमा कराए।

साथ ही बॉर्डर की शराब की दुकानों पर विशेष ध्यान दें। ड्रग्स इंस्पेक्टर को निर्देशित किया कि कोरेक्स के लिए बॉर्डर पर अभियान चलाएं एवं संबंधित उपजिलाधिकारियों को भी निर्देशित किया की बॉर्डर पर सतर्कता बरते।

दीपावली त्योहार के संबंध में जिलाधिकारी ने कहा कि सात-आठ नवंबर से दीपावली का मेला प्रारंभ हो जाएगा। उन्होंने अधिशासी अधिकारी कर्वी को निर्देशित किया कि पार्किंग की व्यवस्था में चूने से भी मार्किंग कराए व पार्किंग स्थलों की सूची भी शेयर करें ताकि सब अपनी ड्यूटी को समझ ले। कहा कि मोबाइल टॉयलेट की भी व्यवस्था करें एवं सीसीटीवी कैमरे खोही तिराहे से यूपीटीयू तक एवं पार्किंग स्पॉट पर भी लगाए। साफ-सफाई की व्यवस्था अधिशासी अधिकारी व जिला पंचायत राज अधिकारी समन्वय बनाकर कराएं। एआरटीओ को निर्देशित किए कि पार्किंग में जो गाड़ियां पहले से आ जाती है उस पर भी छह तारीख से पहले प्रतिबंध लगाना शुरू करें। अधिशासी अधिकारी को निर्देशित किया कि छुट्टा पशुओं पर प्रतिबंध लगाए। कहा कि जो सीसीटीवी कैमरा यूपीटी से रामघाट तक लगे हैं, उसका टेंडर कराएं। अधिशासी अधिकारी से कहा कि जनरेटर की व्यवस्था पर्याप्त रहनी चाहिए एवं अधिशासी अभियंता विद्युत को निर्देशित किया कि मोबाइल ट्रांसफार्मर की भी व्यवस्था सुनिश्चित करें। जिला पंचायत राज अधिकारी से कहा कि साफ-सफाई व आवारा पशुओं को रोकने की भी व्यवस्था करें। अधिशासी अभियंता सिंचाई को निर्देशित किया कि मंदाकिनी नदी के पूरे लेंथ में बैरिकेडिंग, गोताखोर व नाव की व्यवस्था सुनिश्चित कराएं। उन्होंने कहा कि घाटों पर साफ-सफाई होनी चाहिए। क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी को निर्देशित किया कि अगर रामघाट पर टूटे हुए फर्श के को बदलाएं एवं प्रकाश की व्यवस्था कराएं। खाद्य विभाग को निर्देशित किया कि दीपावली के अवसर पर अभियान चलाकर चेकिंग कराएं। अपर जिला अधिकारी वित एवं राजस्व को निर्देशित किया कि मेले से पहले खनन सप्लाई पर रोक लगाए। अग्निशमन को भी निर्देशित किया कि पर्याप्त मात्रा में अग्निशमन की गाड़ियां नहीं है तो मांग करें। अधिशासी अभियंता जल संस्थान को निर्देशित किया कि टैंकर की अतिरिक्त व्यवस्था सुनिश्चित कराएं। मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया कि मेडिकल कैंप गत मेलों से अतिरिक्त बढ़ाएं। स्टेशन अधीक्षक से ट्रेनों के बारे में जानकारी ली कहा की मेले में दो ट्रेनें और चलाई जाएगी हो उसका समय शेयर करें एवं स्टेशन पर प्रकाश की व्यवस्था सुनिश्चित कराए। कहा कि जो भी बस चलेगी वह नए बस स्टैंड से ही चलेगी, पुरानी बस स्टैंड को स्टाप न बनाएं। उन्होंने एआरटीओ को निर्देशित किया कि टेंपो, टैक्सी और ट्रैक्टर में ओवरलोडिंग सवारी न बैठने पाए। जिलाधिकारी ने कहा कि दीपावली मेले को ध्यान में रखते हुए सभी विभाग अपने-अपने कार्यों की गंभीरता से तैयारी कर ले। इसमें कोई समस्या है तो अवगत कराए।

इस मौके पर अपर जिला अधिकारी वित्त एवं राजस्व वंदिता श्रीवास्तव, अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी, उप जिलाधिकारी कर्वी सौरव यादव, राजापुर प्रमोद कुमार झा, मानिकपुर रामजन्म यादव, मऊ राकेश पाठक, जिला पंचायत राज अधिकारी कुमार अमरेंद्र, वरिष्ठ अभियोजन अधिकारी सहित शासकीय अधिवक्ता आदि मौजूद रहे।

# प्रत्येक कार्यकर्ता को वैचारिक कार्य पद्धति जानना जरूरी- महेंद्र कुमार

## - राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ कानपुर प्रान्त का दो दिवसीय अभ्यास वर्ग सम्पन्न
## - कानपुर प्रान्त के 3 मंडलों के 13 जिलों के 125 कार्यकताओं ने किया प्रतिभाग

**चित्रकूट।** प्रत्येक कार्यकर्ता अपने संगठन की प्रतिभा व विचारों का वाहक होता है। जनमानस में संगठन के बारे में अनुकूल या प्रतिकूल मत कार्यकताओं के व्यवहार, चाल-चलन व उनके आचरण से बनता है। इसलिए कार्यकताओं का व्यवहार किसी भी संगठन में महत्वपूर्ण है। इसलिए हमारे प्रत्येक कार्यकर्ता को अपने व्यवहार के बारे में सतर्क रहना चाहिए। राष्ट्र निर्माण हमारा लक्ष्य और कार्यकर्ता साधक, संगठन साधन का कार्य करता है। ये बात राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के प्रदेश प्रभारी महेंद्र कुमार ने राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ उत्तर प्रदेश कानपुर प्रांत द्वारा आनंद रिसोर्ट सीतापुर चित्रकूट में आयोजित दो दिवसीय कार्यकर्ता अभ्यास वर्ग में कही।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्रदेश प्रभारी महेंद्र कुमार व अन्य प्रदेशीय पदाधिकारियों द्वारा माँ सरस्वती व माँ भारती के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। कार्यक्रम संचालन कानपुर मंडल महामंत्री संजय त्रिपाठी द्वारा किया गया। अभ्यास वर्ग दो दिवसों में आठ सत्रों में सम्पन्न हुआ। जिसमें प्रथम दिवस के प्रथम सत्र में प्रदेश प्रभारी महेंद्र कुमार द्वारा कार्यक्रम की रूपरेखा बताई गई व द्वितीय सत्र में ह्यहमारा

वैचारिक अधिष्ठानह्य विषय पर चर्चा की गई। तृतीय सत्र में प्रदेश उपाध्यक्ष राम शुक्ला द्वारा कार्यक्रम की ह्यसंकल्पना, रचना व उद्देश्यह्य पर प्रकाश डाला गया। चतुर्थ सत्र में प्रदेश अध्यक्ष अजीत सिंह द्वारा ह्यप्रवासह्य विषय पर चर्चा की गई। पंचम सत्र में प्रदेश मीडिया प्रभारी बृजेश श्रीवास्तव द्वारा ज्ञापन निर्माण, प्रिंट मीडिया, इलेक्ट्रानिक मीडिया व सोशल मीडिया विषय पर चर्चा की गई तथा प्रदेश अध्यक्ष अजीत सिंह द्वारा मंडलवार जनपदों से शिक्षक समस्याओं को पूछा गया और उनके निराकरण की रूपरेखा बनाई गई। कार्यक्रम के द्वितीय दिवस में षष्टम सत्र में प्रदेश प्रभारी महेंद्र कुमार द्वारा ह्यकार्य पद्धति व कार्यकर्ताह्य विषय पर चर्चा की गई। सप्तम सत्र में प्रदेश में संयुक्त मंत्री प्रदीप कुमार तिवारी द्वारा ह्यसंगठन का लक्ष्य 2025ह्य व ह्यमेरा विद्यालय, मेरा तीर्थह्य विषय पर चर्चा की गई। अष्टम समापन सत्र में प्रदेश प्रभारी महेंद्र कुमार व प्रदेश अध्यक्ष अजीत सिंह द्वारा व्यवस्था में लगे हुए लोगों व आगंतुकों को धन्यवाद दिया गया व आगंतुकों को स्मृति चिन्ह प्रदान करते हुए कार्यक्रम समापन की घोषणा की गई। कार्यक्रम में प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष मातादीन द्विवेदी, प्रदेश उपाध्यक्ष प्रताप कटियार, प्रदेशी कोषाध्यक्ष पवन शंकर दीक्षित, प्रदेश मंत्री जितेंद्र त्रिपाठी, झाँसी मण्डल अध्यक्ष अरविंद तिवारी, लवकुश चित्रकूट मडंल सदस्यता प्रभारी व मंडलीय मीडिया प्रमुख, ऋषिरंजन महामंत्री चित्रकूट धाम मण्डल, चन्द्र प्रकाश द्विवेदी जिलाध्यक्ष चित्रकूट, बेनीप्रसाद यादव जिलाध्यक्ष महोबा, पंकज सिंह जिलाध्यक्ष बाँदा, रामपाल जिलाध्यक्ष हमीरपुर, अरविंद श्रीवास्तव जिलाध्यक्ष झांसी, वीरेंद्र रजक कार्यकारी जिलाध्यक्ष ललितपुर, प्रदीप सिंह जिलाध्यक्ष जालौन, इलयास मंसूरी जिला महामंत्री जालौन, मुकेश चंद्र जिलाध्यक्ष औरैया, जितेंद्र त्रिपाठी जिलाध्यक्ष इटावा, जय कुमार सिंह कानपुर नगर मनोज कुमार शुक्ला कानपुर देहात, दो दिवसीय अभ्यास वर्ग की समस्त प्रकार की व्यवस्थाओं में प्रमुख सहयोगी लवकुश द्विवेदी, ललक पाण्डेय, रामभद्र त्रिपाठी, सत्योम शुक्ला, पंकज मिश्र, प्रमोद अवस्थी, संगठन मंत्री विनोद अवस्थी, जिला मीडिया प्रभारी अनिल अनिवार्य, हेमराज गर्ग, द्रौपदी अग्रवाल, निहारिका श्रीवास्तव, वंदना द्विवेदी, युगल किशोर तिवारी, दयाशंकर, प्रमोद चैरसिया, अरविंद शिवहरे, सोमनाथ, सर्वजीत, सीताराम, राकेश कुमार, अरविंद स्वर्णकार, सुनील निरंजन, आशीष कुमार, अखिलेश कुमार, अभिषेक पुरवार, धीरज अग्रवाल, दिनेश पटैरया, मंजरी अग्रवाल आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## जिले के 850 बूथों में किया गया मन की बात कार्यक्रम का आयोजन

**चित्रकूट।** चित्रकूट में भाजपा-चित्रकूट द्वारा 850 बूथों पर मन की बात कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मन की बात कार्यक्रम में प्रबुद्धजनों, चिकित्सकों, रक्तदाता दम्पति, शिक्षक, व्यापारी, अधिवक्ता, पूर्व सैनिक, और युवाओं ने ज्यादा से ज्यादा संख्या में सहभागिता की।

मन की बात कार्यक्रमों में अलग अलग स्थानों पर जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी, सांसद आर के पटेल, पूर्व राज्यमंत्री चन्द्रिका प्रसाद उपाध्याय, डीसीबी चेयरमैन पंकज अग्रवाल, जिला संयोजक मन की बात आलोक पाण्डेय रहे। जिले के शिवरामपुर मण्डल के पुरवा तरौंहा शक्तिकेंद्र के नारायणपुर गांव में विशेष रूप से मन की बात कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस आयोजन में सबकी विशेष सहभागिता रही। मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मोदी के प्रेरणास्पद विचार को सभी स्थानों पर उपस्थित लोगों ने सुना तथा इस आयोजन में प्रत्यक्ष सहभागी बने। मन की बात कार्यक्रम के पश्चात सभी बूथों पर मतदाता सूची का वाचन करके मतदाताओं को जागरूक करके शत-प्रतिशत मतदान करने तथा ज्यादा से ज्यादा नये मतदाता बनाने के लिए चर्चा हुई। जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी ने नारायणपुर में संबोधित करते हुए कहा कि विचार ही परिवर्तन के कारक है। पीएम मोदी के नेतृत्व में समाज के सभी वर्गों का विकास हुआ है। मन की बात कार्यक्रम में मेरा युवा भारत संगठन के बारे में विस्तार से बताया है। मन की बात के प्रेरणास्पद विचार हम सबको नवीन ऊर्जा देते हैं। पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत का वैश्विक पटल पर मान बढ रहा है। आप सभी उनके हाथों को मजबूत रखने के लिए अपना समर्थन और मत साथ बनाए रखें। हम सबको जागरूक होकर शत-प्रतिशत मतदान करने और शत-प्रतिशत सही मतदाता सूची बनवाने के लिए संकल्पित प्रयास करना है। सांसद आर के पटेल ने कहा कि पीएम मोदी के विचार हमारे प्रेरणास्रोत हैं। चन्द्रिका प्रसाद उपाध्याय ने कहा कि मन की बात कार्यक्रम निरन्तर विचार विमर्श का आयोजन है। आलोक पाण्डेय ने सम्बोधित करते हुए कहा कि लोकतंत्र में जन संवाद की संवेदी पहल मन की बात कार्यक्रम की हर वर्ग को प्रतीक्षा रहती है। ये सबके साथ से सबके विश्वास की बात है, सबके प्रयास से सबके विकास की बात है।,

# एंटी रोमियों टीमों ने क्षेत्रों में भ्रमण कर महिलाओं को किया जागरूक

**चित्रकूट।** नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वालंबन, महिला सशक्तिकरण, महिला कल्याण एवं बाल विकास के प्रति चलायो जा रहो ह्लमिशन शक्ति अभियान-4ह्व के तत्वाधान में जनपद के समस्त थानों की एण्टी रोमियों टीमों/ह्यहशक्ति दीदीह्लह्ल द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थल एवं ग्रामों में भ्रमण कर महिला एवं बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी उपायों के प्रति जागरुक किया गया।

रविवार को ह्लमिशन शक्ति अभियान-4ह्व व ह्यहशक्ति दीदीह्लह्ल अभियान के तहत आज दिनांक 29.10.2023 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट महोदया श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देशन में जनपद में नोडल अधिकारी मिशन शक्ति क्षेत्राधिकारी राजापुर/लाइन्स श्रीमती निष्ठा उपाध्याय के पर्यवेक्षण में समस्त थाना क्षेत्रो में एण्टी रोमियों टीमों द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थलों एवं ग्रामो में भ्रमण किया गया । महिलाओं/बालिकाओँ को ह्लमिशन शक्तिह्व व ह्यहशक्ति दीदीह्लह्ल के तहत दुर्गा पण्डालों, दुर्गा प्रतिमा विसर्जन स्थलों, मंदिरों, सार्वजनिक स्थलो जैसे-चैराहे, बाजारों को असामाजिक तत्वों से मुक्त कराये जाने तथा महिलाओ एवं बालिकाओं के साथ राह चलते छेडखानी, अभद्रता, अश्लील प्रदर्शन तथा अभद्र टिप्पणियाँ इत्यादि की घटनाओं को रोकने के लिये जागरुक किया गया तथा महिला/बालिकाओं को सुरक्षा संबंधित सेवाएँ जैसे यू0पी0-112 नम्बर/वूमेन पावर लाइन 1090/यूपी कॉप एप/181 महिला हेल्प लाइन/1076 मुख्यमंत्री

हेल्प लाइन/1098 चाइल्ड हेल्प लाइन/102 स्वास्थ्य सेवा/108 एम्बूलेन्स सेवा/1930 साइबर हेल्पलाइन के बारे में जानकारियां दी गई । इस दौरान उपस्थित महिलाओं/बालिकाओं को अवगत कराया गया कि सभी थानों में महिलाओ की सुरक्षा/सहायता हेतु एक महिला हैल्पडेस्क बनाया गया है, जहाँ पर महिला पुलिसकर्मी द्वारा महिलाओं की शिकायत सुनी जाती है तथा समय से उनका निस्तारण किया जाता है ।

इसके साथ ही मौजूद महिलाओं/बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी चलायी जा रही हैल्पलाइन नम्बरों के सम्बन्ध में पंपलेट वितरित करते हुए विस्तार से जानकारी देने के साथ ही सभी महिलाओं/बालिकाओ को हेल्पलाइन नम्बर का निर्भीक होकर उपयोग करने हेतु तथा महिलाओ को आत्मनिर्भर बनने व निर्भीक होकर अपने अपने क्षेत्र में कार्य करने/शिक्षा ग्रहण करने के लिये प्रेरित किया गया तथा सोशल मीडिया पर अपनी प्राइवेसी रखते हुये उसका प्रयोग करने के लिये कहा गया । इसी क्रम में महिलाओं/बालिकाओ को जनपद में गठित ह्लएंटी रोमियो स्क्वायडह्व टीम के बारे में अवगत कराया गया तथा बताया गया कि सादे वस्त्रों में तथा प्राइवेट वाहनों से सार्वजनिक स्थलों यथा- स्कूल, कालेज व कोचिंग संस्थान के आसपास व ऐसे स्थान जहाँ पर महिलाओ एवं बालिकाओ का अधिकतर आवागमन होता है उनको भौतिक रुप से चिन्हित कर शोहदो/मनचलो के द्वारा म्अम ज्मेंपदह इत्यादि आपत्तिजनक हरकतो को रोकने के उद्देश्य से सघन चैकिंग कर लोगो से पूछताछ की जाती है व अनावश्यक रुप से मौजूद शोहदो/मनचलो को हिदायत/कार्यवाही की जाती है ।

# कुर्रम में जारी हिंसा में तीन अन्य लोगों की मौत, पांच घायल

**इस्लामाबाद**

कुर्रम आदिवासी जिले में विभिन्न स्थानों पर शनिवार को पांचवें दिन भी गोलीबारी की घटनाएं जारी रहीं। इस घटना में तीन और लोगों की मौत हो गई और 12 अन्य घायल हो गए। पाकिस्तान स्थित डॉन की रिपोर्ट में इस बात की जानकारी दी गई है। चल रही झड़पें बश्खेल, बोश्राह, पेवरहा, त्रि मेंगल, कंज अलीजई और अन्य क्षेत्रों सहित विभिन्न स्थानों पर सामने आईं। टकराव में शामिल समूहों के बीच भारी हथियारों का भी इस्तेमाल किया गया था।

**अब तक 18 लोगों की मौत**

डॉन के मुताबिक, सोशल मीडिया पर एक विवादास्पद वीडियो वायरल होने के बाद मंगलवार से हिंसक झड़पें शुरू हुईं, जिसमें 18 लोगों की जान चली गई और 35 अन्य घायल हो गए हैं। वीडियो की दोनों समूहों द्वारा कड़ी निंदा की गई और जिले में दो समूहों के बीच झड़पें शुरू हो गईं।

**युद्ध विराम के लिए हो रही चर्चा**

स्थानीय अधिकारियों ने जिले में सड़क बंद होने, परिवहन बंद होने और सेलुलर नेटवर्क सेवाओं के रुकने की सूचना दी। शैक्षणिक संस्थानों को भी अपने दरवाजे बंद करने के लिए मजबूर होना पड़ा। कुर्रम के डिप्टी कमिश्नर सैयद सैफुल इस्लाम ने समाचार एजेंसी डॉन को बताया, "युद्ध विराम के लिए प्रयास जारी है, हंगू और ओरकजई जिलों के जिरगा सदस्य मुद्दे को सुलझाने के लिए बातचीत में लगे हुए हैं।"

**स्थानीय लोगों को हो रही परेशानियां**

इस बीच, जिरगा सदस्यों ने इस बात पर जोर दिया कि उनकी प्राथमिकता युद्ध विराम सुनिश्चित करना और क्षेत्र से बंकरों को साफ करना है। बाजार बंद होने के कारण स्थानीय निवासियों को रोजमर्रा की वस्तुओं की कमी का सामना करना पड़ा है। स्थानीय लोग सरकार से सामान्य स्थिति बहाल करने के लिए तत्काल कार्रवाई करने का आग्रह कर रहे हैं। , स्थानीय बुजुर्ग और अधिकारी युद्धरत गुटों के बीच युद्ध विराम पर बातचीत करने के प्रयास में इकट्ठा हुए।

# इजरायल एक ऐसे युद्ध में है जिसे उसने न शुरू किया और न ही चाहा...',

**तेल अवीव**

इजरायल और हमास के बीच चल रहे युद्ध का 23वां दिन है। इस युद्ध में अब तक दोनों पक्षों से हजारों लोगों की जान चली गई है। इस जंग के बीच इजरायल रक्षा बल (आईडीएफ) ने रविवार को कहा इजरायल एक ऐसे युद्ध में है जिसे उसने शुरू नहीं किया था और न ही उसने चाहा था। उन्होंने आगे कहा कि हमास ने यह युद्ध शुरू किया और हम जवाबी हमले को एक नए चरण की ओर बढ़ रहे हैं और गाजा में जमीन, समुद्र और हवा से हमला करेंगे। आईडीएफ प्रवक्ता आरएडीएम डेनियल हागारी ने एक व्यक्तिगत वीडियो संदेश में कहा, "इजरायल एक ऐसे युद्ध में है जिसे उसने शुरू नहीं किया था और न ही उसने चाहा था कि यह युद्ध हो। हमास आम नागरिकों को निशाना बनाते हुए फायरिंग कर रहा है और इजरायली नागरिकों पर हमला कर रहा है। ये दोनों युद्ध अपराध हैं।"

डेनियल हागारी ने इस दावे को दोहराते हुए कहा कि हमास के आतंकवादी मौजूदा संघर्ष में नागरिकों को मानव ढाल के रूप में इस्तेमाल कर रहे हैं।

**हमारी लड़ाई हमास के साथ है- आईडीएफ प्रवक्ता**

आईडीएफ प्रवक्ता ने कहा, "हमारी लड़ाई हमास के साथ है, गाजा के लोगों के साथ नहीं। हमास गाजा के लोगों को स्कूलों और अस्पतालों में खुद को शामिल करके मानव ढाल के रूप में उपयोग करता है। जैसा कि हमने खुलासा किया है।"

## बिजनेस डायरी

### 'राष्ट्रपति बनने के बाद मुस्लिम प्रतिबंध को फिर करूंगा बहाल', ट्रंप ने किया वादा; व्हाइट हाउस ने की आलोचना

**वाशिंगटन**

पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कसम खाई है कि अगर वह व्हाइट हाउस के दूसरे कार्यकाल के लिए चुने जाते हैं, तो कुछ मुस्लिम-बहुल देशों के लोगों पर विवादास्पद यात्रा प्रतिबंध को फिर से लागू करेंगे। शनिवार को रिपब्लिकन यहूदी गठबंधन के वार्षिक शिखर सम्मेलन में बोलते हुए ट्रंप ने कहा, "आपको यात्रा प्रतिबंध याद है?"

**यात्रा प्रतिबंध को बहाल करेंगे ट्रंप**

ट्रंप ने कहा, "पहले ही दिन, मैं यात्रा प्रतिबंध बहाल कर दूंगा। हमने यात्रा प्रतिबंध लगाया था, क्योंकि हम नहीं चाहते थे कि ऐसे लोग हमारे देश में आएं जो वास्तव में हमारे देश को बदनाम करने के बारे में सोचते हैं।" उन्होंने कहा कि उनके प्रशासन के दौरान लगाया गया यात्रा प्रतिबंध एक बेहतरीन सफलता थी। रिपब्लिकन राष्ट्रपति पद की दौड़ में सबसे आगे चल रहे ट्रंप ने कहा, "हमारे पास चार साल में एक भी घटना नहीं हुई, क्योंकि हमने बुरे लोगों को अपने देश से बाहर रखा। हमने उन्हें बाहर रखा। हमारे पास एक भी घटना नहीं हुई।"

**इस्लामोफोबिया की हुई थी निंदा**

2017 में, ट्रंप के राष्ट्रपति पद की शुरूआत में, उन्होंने ईरान, लीबिया, सोमालिया, सीरिया, यमन और शुरूआत में इराक और सूडान से यात्रियों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिए। हालांकि, व्हाइट हाउस ने तुरंत पूर्व राष्ट्रपति की आलोचना की। व्हाइट हाउस के प्रवक्ता एंड्रयू बेट्स ने कहा, "2020 में, राष्ट्रपति जो बाइडन ने इस्लामोफोबिया में आई वृद्धि की निंदा की और उसे बीमारी कहा।

उन्होंने कहा, "द्वेषपूर्ण नफरत के खिलाफ एक साथ आने की जरूरत अब पहले से कहीं अधिक जरूरी है, क्योंकि अमेरिकी मुस्लिम और अरब अमेरिकी तेजी से खुद को भयावह कलंक और दिल दहला देने वाली हिंसा का निशाना बना रहे हैं। बेट्स ने कहा, "कार्यालय में, राष्ट्रपति बाइडन ने इस्लामोफोबिया के खिलाफ अभूतपूर्व कार्रवाई की है और आगे भी कार्रवाई की जाएगी।

**इजरायलियों के साथ खड़े रहने का किया वादा**

सैकड़ों उत्साही समर्थकों के सामने, ट्रंप ने हमास को नष्ट करने, अमेरिका और इजरायल को बर्बर आतंकवादियों से बचाने और बाइडन प्रशासन के ईरान के तुष्टीकरण को पलटने की भी कसम खाई। उन्होंने कहा, "इन बर्बर गतिविधियों से आहत हर इजरायली और हर अमेरिकियों से हम प्यार करते हैं, हम आपके साथ हैं, हम आपके साथ शोक मनाते हैं, हम आपका गुस्सा समझते हैं और हम 100 प्रतिशत, 110 प्रतिशत आपके साथ खड़े हैं।"

### डोनाल्ड ट्रंप का फिर से राष्ट्रपति बनना अमेरिका के लिए खतरा', निक्की हेली बोलीं- यूएस को सही कप्तान की जरूरत

**वॉशिंगटन**

रिपब्लिकन पार्टी की राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार निक्की हेली ने पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर निशाना साधा। निक्की हेली ने कहा कि अगर डोनाल्ड ट्रंप साल 2024 में होने वाले चुनाव में जीतते हैं तो चार साल के लिए देश में अराजकता फैल सकती है। जो अमेरिका के लिए खतरनाक साबित होगा।

**निक्की हेली ने साधा ट्रंप पर निशाना**

निक्की हेली ने कहा कि अमेरिका को एक ऐसे कप्तान की जरूरत है, जो स्थिर रखेगा न कि इसे डूबोने की कोशिश करेगा। लास वेगास में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की आलोचना करते हुए उन्होंने यह बात कही।

**इजरायल-हमास और यूक्रेन युद्ध का किया जिक्र**

हालांकि, इस दौरान उन्होंने इजरायल समर्थक नीतियों के लिए ट्रंप को श्रेय भी दिया। एक सवाल के जवाब में हेली ने कहा कि हम जीवन के सबसे खतरनाक दौर से गुजर रहे हैं। उन्होंने इजरायल-हमास और यूक्रेन युद्ध का जिक्र करते हुए कहा कि दुनिया जल रही है। मेरे लिए युद्ध रोकने, शांति बनाए रखने और अमेरिकी लोगों की रक्षा करने से ज्यादा कुछ भी मायने नहीं रखता है।

**इजरायल समर्थक राष्ट्रपति थे ट्रंप- निक्की हेली**

हेली ने रिपब्लिकन यहूदी गठबंधन को संबोधित करते हुए कहा कि इतिहास में यह बात दर्ज होगी।

**अखंड भारत संदेश**
**स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक**
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।
**सम्पादक**
**स्वामी श्री योगी सत्यम्**
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र
प्रयागराज होगा।

# 'इजरायली सेना ने वेस्ट बैंक में की तीन फलस्तीनी नागरिकों की हत्या', स्वास्थ्य मंत्रालय का दावा

**तेल अवीव**

इजरायल-हमास युद्ध के 23वें दिन तक हजारों लोगों की जानें जा चुकी है। इस बीच फलस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय ने इजरायल सुरक्षा बल पर गंभीर आरोप लगाए हैं। फलस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय ने दावा किया है कि इजरायली सेना ने तीन फलस्तीनी नागरिकों की हत्या कर दी।

**इजरायली सेना ने तीन फलस्तीनी नागरिकों की हत्या की**

स्वास्थ्य मंत्रालय ने रविवार को कहा कि इजरायल रक्षा बल ने वेस्ट बैंक में तीन फलस्तीनी नागरिकों की हत्या कर दी। हालांकि, इजरायल रक्षा बल ने फलस्तीन के दावे पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है।

**गाजा पट्टी के अंदर मौजूद है इजरायल रक्षा बल**

बता दें कि इजरायल रक्षा बल पहले से ही गाजा पट्टी के अंदर मौजूद है। इजरायल ने हवाई हमले के बाद जमीनी हमले भी तेज कर दिए हैं। आईडीएफ के प्रवक्ता रियल एडमिरल डैनियल हगारी ने कहा है कि इजरायली सेना गाजा पट्टी के अंदर है।

**इजरायल ने सीरिया में दागी मिसाइलें**

इससे पहले शनिवार रात को इजरायल रक्षा बल ने सीरिया के कुनीत्रा क्षेत्र में सीरियाई सेना और कुछ ईरान समर्थित मिलिशिया के लक्षित ठिकानों पर मिसाइलें दागीं थी। सीरियाई मीडिया ने बताया कि आईडीएफ तोपखाने ने सीरियाई लक्षित ठिकानों पर गोलीबारी की है।

**इजरायल और हमास के बीच 7 अक्टूबर को शुरू हुई थी जंग**

बता दें कि 7 अक्टूबर को इजरायल और हमास के बीच जंग शुरू हुई थी।

7 अक्टूबर को हमास ने इजरायल के कई शहरों पर मिसाइलें दागी थी, इस हमले में 1400 से अधिक लोगों की मौत हो गई।

वहीं, हमास के हमले का इजरायली सेना जवाब दिया और गाजा में उसके ठिकानों को निशाना बनाया।

# भ्रष्टाचार निरोधक प्राधिकरण ने परवेज इलाही के घर से बरामद किए 4.1 मिलियन पाकिस्तानी रुपये

**इस्लामाबाद**

पाकिस्तान के पंजाब भ्रष्टाचार निरोधक प्रतिष्ठान ने पाकिस्तान की पंजाब विधानसभा में अवैध नियुक्तियों से संबंधित एक मामले में पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के अध्यक्ष परवेज इलाही के घर से 4.1 मिलियन पाकिस्तानी मुद्रा बरामद की।

डॉन न्यूज की रिपोर्ट के मुताबिक, शनिवार को इस कार्रवाई को अंजाम दिया गया है। रिपोर्ट में बताया कि एसीई ने लाहौर जिला और सत्र अदालत को बरामद राशि के बारे में सूचित किया। इस बीच, इलाही के वकील एडवोकेट अमीर सईद रॉन ने दावे का खंडन किया और इसे फर्जी वसूली करार दिया।

**अदियाला जेल में किया था ट्रांसफर**

इससे पहले सितंबर में, पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के अध्यक्ष चौधरी परवेज इलाही को न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा लाहौर मास्टर प्लान 2050 में कथित भ्रष्टाचार के मामले में आरोपमुक्त करने के तुरंत बाद रावलपिंडी की अदियाला जेल में स्थानांतरित कर दिया गया था।

**12वीं बार हुए गिरफ्तार**

इलाही, 9 मई के हिंसक विरोध प्रदर्शन के बाद राज्य की कार्रवाई के दौरान गिरफ्तार किए गए कई पीटीआई नेताओं और कार्यकर्ताओं में से एक हैं। उनको रावलपिंडी में पंजाब भ्रष्टाचार विरोधी प्रतिष्ठान (एसीई) द्वारा उनकी गिरफ्तारी के बाद अदालत में पेश किया गया था। उनके एक वकील ने कहा कि यह 12वीं बार था, जब पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री इलाही को 1 जून से हिरासत में लिया गया था।

**9 मई के दंगे मामले में हुई थी गिरफ्तारी**

संघीय न्यायिक परिसर (एफजेसी) में जमानत दिए जाने के बाद एसीई द्वारा हिरासत में लिए गए पीटीआई नेता को ड्यूटी न्यायिक मजिस्ट्रेट के सामने पेश किया गया।

# ईरानी राष्ट्रपति ने इजरायल को दी संभावित कार्रवाई की चेतावनी, कहा- यहूदियों ने किया रेड लाइन क्रॉस

### "इजरायली लोगों के अपराध रेड लाइन क्रॉस कर चुकी है और यह हरकत उनकी हर किसी को कार्रवाई करने के लिए मजबूर कर सकता है।"

**तेहरान**

सात अक्टूबर को हमास के हमलों के बाद इजरायल की ओर से जारी जवाबी कार्रवाई जारी है। इस जवाबी हमले में हजारों लोगों की अबतक जान जा चुकी है। इस जंग के बीच ईरानी राष्ट्रपति इब्राहिम रायसी ने रविवार को इजरायली बलों को इसके खिलाफ कार्रवाई करने के लिए अन्य देशों के संभावित हस्तक्षेप की चेतावनी दी और कहा कि इजराइल ने 'रेड लाइन' क्रॉस कर दी हैं।

उन्होंने कहा, "इजरायली लोगों के अपराध रेड लाइन क्रॉस कर चुकी है और यह हरकत उनकी हर किसी को कार्रवाई करने के लिए मजबूर कर सकता है। वाशिंगटन हमें कुछ भी नहीं करने के लिए कहता है, लेकिन वे इजरायल को व्यापक समर्थन देते रहते हैं।

**गाजा पट्टी के आसपास कई स्थानों पर दी झड़पों की सूचना**

रायसी ने शनिवार रात अल-जजीरा के साथ एक साक्षात्कार में इसी तरह की टिप्पणी की थी। इसके साथ ही दावा किया कि गाजा में प्रवेश करने वाली इजरायली सेना "पराजित" हो गई थी और पीछे हटने के लिए मजबूर हो गई थी। वहीं, द जेरूसलम पोस्ट की रिपोर्ट के अनुसार कहा गया कि रविवार की सुबह तक इजरायली सेनाएं उस स्थिति से पीछे नहीं हटी थीं, जहां वे शुक्रवार रात को पहुंची थी। फलस्तीनी मीडिया ने गाजा पट्टी के आसपास कई स्थानों पर झड़पों की सूचना दी थी।

**ईरान द्वारा किए गए हमले अमेरिकी प्रतिक्रिया के बदले किए गए**

राष्ट्रपति रायसी ने कहा कि क्षेत्र में ईरानी प्रतिनिधि "स्वतंत्र" हैं और उन्हें तेहरान से आदेश नहीं मिलते हैं। रायसी ने यह भी कहा कि ईरान के प्रतिनिधियों द्वारा किए गए हमले ईरान को संयुक्त राज्य अमेरिका से प्राप्त संदेशों की प्रतिक्रिया के रूप में किए गए थे। अमेरिकी रक्षा सचिव लॉयड ऑस्टिन ने घोषणा की कि अमेरिकी सैन्य बलों ने पूर्वी सीरिया में ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स और संबद्ध आतंकी प्रॉक्सी द्वारा इस्तेमाल की जाने वाली दो फैसिलिटी पर हमला किया।